रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 19 सितंबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 32 मूल्य 3.00 ₹

**विचक न्यूज़**

## लव जेहाद के खिलाफ अध्यादेश लाने की तैयारी में योगी सरकार



**लखनऊ।** उत्तर देश में लव जेहाद की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए राज्य सरकार अध्यादेश लाने पर विचार कर रही है। इसके लिए देश के कुछ राज्यों में धर्मांतरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से बनाए गए विशेष कानून का अध्ययन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को लव जेहाद की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था यह कार्य संगठित तरीके से किया जा रहा है, इसलिए यदि आवश्यक हो तो इसके लिए अध्यादेश भी लाया जा सकता है। उनके इस निर्देश के बाद गृह विभाग से लेकर न्याय विभाग तक सक्रिय हुआ। जव जेहाद के मामले में कार्रवाई के बारे में मौजूदा कानूनों की समीक्षा की जा रही है।

## गूगल ने प्ले स्टोर से पेटीएम को हटाया

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** गूगल ने 'जुएबाजी को प्रोत्साहित करने' के आरोप में ई-वॉलिट पेटीएम ऐप को अपने प्ले स्टोर से हटा दिया है। प्लेस्टोर एंड्रॉयड स्मार्टफोन के लिए मोबाइल ऐप का सर्वसुलभ भंडार है। गूगल ने प्लेस्टोर से सिर्फ पेटीएम ऐप को हटाया है जो ई-वॉलिट की तरह काम करता है। पेटीएम के अन्य ऐप अब भी प्लेस्टोर पर उपलब्ध हैं। यहाँ यह भी उललेखनीय है कि गूगल ने 'गूगलपे' के नाम से खुद का ई-वॉलिट ऐप भी लॉन्च किया है जो पेटीएम के प्रतिस्पर्द्धी के रूप में उभरा है।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए तैयारी शुरू

**रायपुर।** राज्य में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए तैयारी शुरू हो गई है । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बारिश से धान को बचाने एवं किसानों की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी धान खरीदी केन्द्रों में चबूतरा निर्माण कराने के दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप प्रथम चरण में 4630 चबूतरों का निर्माण किया जा चुका है। जांजगीर-चांपा जिले में भी आगामी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी शुरू हो गई है।

# केंद्र का अनुसरण कर अब राज्यों के विधानसभाओं में भी विधायकों के वेतन, भत्ते और पेंशन को संशोधित करेंगी सरकारें?

## सांसद वेतन, भत्ते और पेंशन संशोधन विधेयक 2020 पर संसद की मुहर

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के प्रकोप से निपटने के संसाधन जुटाने की मुहिम में सांसदों के वेतन में 30 प्रतिशत की कटौती करने वाले ''संसद सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन (संशोधन) विधेयक 2020÷ पर शुक्रवार को संसद ने मुहर लगा दी!

राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद आज इसे पारित कर दिया जबकि लोकसभा इसे पहले ही स्वीकृति दे चुकी है. संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि संकट के इस समय में राजनीति नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि संकट के समय में सरकार को धन की जरूरत है और संसद को इस संबंध में अपने खर्चों में कटौती कर आदर्श उपस्थित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समय कोरोना से लड़ाई का है और इस समय हर स्तर पर सरकार को इस महामारी से लड़ने के लिए पैसे की आवश्यकता है। सांसद निधि को स्थगित करने का फैसला अस्थायी है और इसे बाद में बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी मंत्रियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि कोरोना मामले में किसी तरह की राजनीति नहीं की जानी चाहिए। सरकार कोरोना को हराना चाहती है और इसे सामूहिक रूप से ही मदद करके हराया जा सकता है इसलिए सांसदों के वेतन में कटौती का निर्णय लिया गया।



### लोकसभा में हंगामे के कारण चौथी बार कार्यवाही स्थगित

लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर के गांधी परिवार पर विवादास्पद टिप्पणी पर उनसे माफी की मांग करते हुए कांग्रेस के साथ ही कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा किया जिसके कारण सभापति राजेंद्र अग्रवाल को सदन की कार्यवाही लगातार चौथी बार आधे घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न साढे पांच बजे जैसे ही सदन समवेत हुआ, कांग्रेस के सदस्य गलियारे में आकर माफी मांगो, माफी मांगो के नारे लगाने लगे। विपक्ष की सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला और समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव सहित कई प्रमुख नेता अपने स्थान पर खड़े हो कर एकजुटता दिखाते हुए कुछ कहते रहे लेकिन हंगामें के कारण कुछ सुनायी नहीं दिया। पीठासीन सभापति ने सदस्यों ने अपनी सीटों पर जाने का आग्रह किया और कहा कि उन्हें समझना चाहिए कि किन परिस्थितियों में सत्र आहूत किया गया है।

## कोरोना मामले 3 करोड़ के पार, स्वस्थ मामलों में भारत शीर्ष पर

वार्ता < वाशिंगटन /रियो डि जेनेरो/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विश्व भर में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से अब तक तीन करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं और 9.44 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है जबकि रोगमुक्त होने वालों के मामले में भारत पूरे विश्व में पहले स्थान पर है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में अब तक 3,00,71,314 लोग संक्रमित हुए हैं और 9,44,887 लोगों की मौत हुई है। राहत की बात यह है कि विश्व में अब तक 2,04,32,852 लोग रोगमुक्त हो चुके हैं और 41.12 लाख से अधिक कोरोना मुक्त लोगों के साथ भारत पहले पायदान पर पहुंच गया है। इसके बाद ब्राजील (38.73 लाख) दूसरे स्थान पर तथा सबसे गंभीर रूप से प्रभावित अमेरिका (25.40 लाख) तीसरे स्थान पर है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 66,74,411 पर पहुंच गयी है और अब तक 1,97,633 लोगों की जान जा चुकी है। भारत में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंक?ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के रिकॉर्ड 96,424 नये मामलों के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 52 लाख को पार कर 52,14,677 हो गया। वहीं इस दौरान 1,174 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 84,372 हो गयी है। इस दौरान रिकॉर्ड 87 हजार से अधिक मरीज स्वस्थ स्वस्थ होने से कोरोना से मुक्ति पाने वालों की संख्या 41,12,551 हो गयी है। ब्राजील में अब तक 44,55,386 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 1,34,935 लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 10,81,152 पहुंच गई हैं तथा 18,996 लोगों ने जान गंवाई है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यह कोरोना से संक्रमित होने के मामले में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 7,44,400 लोग संक्रमित हुए हैं और 31,051 लोगों की मौत हो चुकी है।

### चीन का दावा, कोरोना वैक्सीन बनाने में सबसे आगे

**बीजिंग।** चीन ने दावा किया है कि कोरोना वायरस 'कोविड-19' के खिलाफ कारगर जंग के लिए टीका बनाने में वह सबसे आगे है और उसे अन्य देशों से वैक्सीन संबंधी डाटा चुराने की जरूरत नहीं है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्त ा वांग वेनविन ने कोरोना वैक्सीन के डाटा चोरी संबंधी के आरोपों की मीडिया में आयीं रिपोर्टों पर प्रति या व्यक्त करते हुए शु वार को कहा,' चीन साइबर हमले के सख्त खिलाफ है। साइबर अपराध के किसी भी रूप का हम जोरदार विरोध करते हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि कोरोना वायरस के टीका के संबंध में अनुसंधान और उसे विकसित करने के मामले में हमारा देश सबसे आगे चल रहा है। हमें अवैध रूप से टीका के संबंध में किसी तरह का डाटा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि साइबर हमला आज विश्व के सभी देशों के लिए भारी खतरा बना गया है। प्रवक्त ा ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि कोई भी देश बिना किसी प्रमाण के किसी के खिलाफ गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी नहीं करेगा। चीन के विज्ञान एवं तकनीकी मंत्री ने आज कहा कि उनका देश कोरोना के कम से कम 11 टीकों का क्लीनिकल ट्रायल कर रहा है जिनमें चार तीसरे चरण के ट्रायल में हैं।

## नो कोरोना... वोट करोना...










**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इस समय उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। प्रदेश में लगातार चुनावी रैलियां हो रही है, लेकिन इन रैलियों में प्रशासन ने घुटने टेक दिए है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ की चुनावी रैली आज ग्वालियर में थी। यह तस्वीरें बयां कर रही है कि हमारे राजनेता कोरोना संक्रमण को लेकर कितने सजग है। तथा प्रशासनिक अधिकारी लॉ एंड आर्डर का कितना पालन कर रहे है। आप तस्वीर में देखे हजारों की संख्या में दोनों पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित है। आश्चर्य मास्क ना कमलनाथ ने लगाया है और ना ही कार्यकर्ताओं ने। वहीं दूसरी तरफ मध्यप्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लगातार चुनावी सभाएं हो रही है। शिवराज सिंह चौहान के साथ भी हजारों की संख्या में भीड़ एकत्रित हो रही है। भीड़ में कोविड संक्रमण को लेकर हमारे जननेता कितने सजग है यह इन तस्वीरों में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है।

**दो ओवर ब्रिज, 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित अन्य विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण**

## मुख्यमंत्री ने नव गठित जिले गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को दी 332 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात

- **मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवगठित जिले गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को 332.64 करोड़ रूपए के 208 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 84 करोड़ 10 लाख रूपए के 29 कार्यों का लोकार्पण और 248 करोड़ 54 लाख रूपए के 179 भूमिपूजन कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने की।

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के साधू हॉल गौरेला में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में नव गठित जिले के प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने नवगठित जिले गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 84 करोड़ रुपए से अधिक के 29 कार्यो का लोकार्पण किया। इनमें 76 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से निर्मित रेलवे ओवरब्रिज, कंचनडीह-बारीउमरांव मार्ग पर सोननदी में ➢शेष पेज 8 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने शर्त के साथ दी 1 अप्रैल के बाद खरीदे गए बीएस-4 डीजल वाहनों के रजिस्ट्रेशन की अनुमति

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि 1 अप्रैल से पहले खरीदे गए बीएस-4 डीजल वाहनों का जरूरी सेवाओं में इस्तेमाल के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। नगर निगमों और दिल्ली पुलिस को सार्वजनिक और जरूरी कार्यों के लिए इनके इस्तेमाल की अनुमति दी गई है।

चीफ जस्टिस एसए बोबड़े की अगुआई वाली बेंच ने आदेश दिया कि 1 अप्रैल से पहले खरीदे गए डीजल वाहनों जिनका इस्तेमाल आवश्यक सार्वजनिक उपयोगिता के लिए किया जाएगा, बीएस-4 मानकों के आधार पर रजिस्ट्रर किया जाएगा और 1 अप्रैल के बाद खरीदे गए बीएस-6 वाहनों का रजिस्ट्रेशन बीएस-4 मानकों के आधार पर होगा।

बेंच ने सभी शर्तों और नियमों का पालन करने पर सीएनजी वाहनों के रजिस्ट्रेशन की भी अनुमति दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में बताया है कि बेंच के सामने तीन प्रकार के वाहनों सीएनजी वाहनों, बीएस-4 और बीएस-6 वाहनों के रजिस्ट्रेशन को लेकर आवेदन दिया गया था। बेंच ने कहा कि ऐसे बीएस-4 डीजल वाहन जिन्हें नगर निगमों ने 1 अप्रैल से पहले खरीदा और कूड़ा उठाने जैसे सार्वजनिक उपयोगिता के लिए इस्तेमाल किया जाएगा उसने बीएस-4 के मानकों के आधार पर रजिस्टर किया जा सकता है। इससे पहले मार्च में फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स असोशिएशन ने बीएस-4 वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक महीने की और मोहलत मांगी थी।

एफएडीए ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए 31 मार्च की आखिरी को बढ़ाने की मांग की थी। संगठन ने कोरोना वायरस महामारी की वजह से लागू किए गए लॉकडाउन में बिक्री में गिरावट का तर्क दिया था। इसके बाद बेंच स्टॉक खाली करने के लिए समयसीमा में छूट दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लॉकडाउन खत्म होने के 10 दिन के भीतर 10 फीसदी वाहन बेचे जा सकते हैं। गौरतलब है कि भारत ने 1 अप्रैल से दुनिया के सबसे साफ उत्सर्जन मानक की ओर कदम बढ़ा दिया। यूरो-4 से भारत यूरो-6 उत्सर्जन मानक को अपना लिया है।

# लॉकडाउन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के प्रयासों से बिन मां की बच्ची को मिला नया जीवन

## गंभीर कुपोषित बच्ची सुशीला के सुपोषण की ओर बढ़े कदम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री सुपोषण मिशन कई नन्हें मुन्हों के लिए नया जीवन लेकर आया है। बच्चों की समुचित देखभाल और उचित पोषण से कई गंभीर कुपोषित बच्चों के कदम सुपोषण की ओर बढ़े हैं। इन्ही बच्चों में जगदलपुर नानगुर की 6 माह की मासूम बच्ची सुशीला भी है। बाल विकास परियोजना जगदलपुर ग्रामीण में सेक्टर नानगुर के आंगनबाड़ी केन्द्र चेचालगुर में पंजीबद्ध गर्भवती माता नीलावती ने 25 मार्च 2020 को सुशीला को जन्म दिया था। जन्म के एक सप्ताह बाद ही सुशीला की मां नीलावती की तबीयत खराब होने से मृत्यु हो गई। जन्म के समय सुशीला का वजन 1 किलो 800 ग्राम था जो गंभीर कुपोषण की श्रेणी में था। ऐसी स्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमुना दरियो के सूझबुझ और प्रयास से गंभीर कुपोषित बच्ची सुशीला को मात्र 6 माह में मध्यम कुपोषण की श्रेणी में लाकर उसे नया जीवन दिया है।

नीलावती की मृत्यु के पश्चात् आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दरियो के द्वारा नन्हीं सुशीला की हालात जानने प्रति सप्ताह गृह भेंट करने लगी और वजन लेते हुए, सुशीला के पिता को औरं उसके परिवार के सदस्यों को सुशीला के देखरेख के संबंध में समझाईश देते रही है। जमुना दरियो द्वारा परिवार के सदस्यों को बताया गया कि कमजोर नवजात शिशु को कंगारू मदर देखभाल की जरूरत है। कंगारू मदर के तहत् शिशु को कपड़े पहनाए बिना शरीर से लगाकर रखने, उसे पालक के बदन के साथ सुरक्षित ढंग से बांध के या संभाल कर सटा के रखा जाता है,इसमें इस बात का ध्यान रखा जाता है कि शिशु को सांस लेने में दिक्कत न हों। साथ ही शिशु को टोपी व मोजे पहनाने की भी सलाह दी गई। परिवार को समझाया गया कि मां का दूध बच्चे के लिए सबसे अच्छा होता है पर सुशीला की मां न होने के कारण उसे बोतल से नियमित दूध पिलाया जाए जिससे उसकी सेहत बनी रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमुना द्वारा परिवार के सदस्यों को बोतल को अच्छे से धोने एवं साफ-सफाई रखने तथा दूध के अलावा अन्य किसी भी प्रकार का तरल पदार्थ नहीं दिये जाने की विशेष रूप से समझाईस दी गई।

मुख्यमंत्री सुपोषण मिशन ''हरिक नानीबेरा (खुशहाल बचपन)'' अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक द्वारा सुशीला की सतत् निगरानी की गई और बच्चे को लेक्टोजेन उपलब्ध कराया जिससे बच्चे में माँ के दूध के अभाव में पोषण की कमी ना हो। साथ में स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण करवाया गया। परिणामस्वरूप वर्तमान में अभी 16 सितम्बर 2020 को सुशीला का वजन बढ़कर 5 किलोग्राम हो गया जो कि मध्यम कुपोषण की श्रेणी में है। सुशीला की पोषण स्थिति में निरंतर सुधार होता जा रहा है। लॉकडाउन के दौरान भी बिना माँ की बच्ची की समय पर उचित देखभाल से नया जीवन मिला।

# नगरीय निकायों के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में जारी कार्यक्रम स्थगित

## कोरोना के अत्याधिक संक्रमण एवं कलेक्टरों के आग्रह पर राज्य निर्वाचन आयोग ने लिया निर्णय

■ 10 नगरीय निकायों में आम चुनाव तथा नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड 11 में होना है उपचुनाव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य के 10 नगरीय निकायों के आम निर्वाचन तथा नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड क्रमांक 11 में उप निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने का कार्यक्रम आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने का कार्यक्रम बीते 21 जुलाई 2020 को जारी किया गया था, जिसके तहत 9 सितम्बर को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर 18 सितम्बर तक दावा आपत्ति प्राप्त करना था।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने बताया कि राज्य में कोरोना के अत्याधिक संक्रमण एवं संबंधित निकायों के अमलों को कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण कलेक्टरों के अनुरोध पर राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली कार्यक्रम को आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य के 8 जिलों दुर्ग, बेमेतरा, रायपुर, कोरिया, सुकमा, बीजापुर, कांकेर एवं सूरजपुर के कुल 10 निकायों में आम निर्वाचन कराया जाना है, जिसमें नगर पालिक नगम भिलाई, रिसाली एवं बीरगांव, नगर पालिका शिवपुरचरचा, नगर पंचायत मारो, कोंटा, भैरमगढ़, भोपालपट्टनम, नरहरपुर एवं प्रेमनगर शामिल है। धमतरी जिले की नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड क्रमांक 11 में पार्षद पद के लिए उप निर्वाचन होना है।

दुर्ग जिले को छोडकर उक्त सभी जिलों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग द्वारा कोरोना के संक्रमण के कारण एवं नगरीय निकायों के अमलों के पॉजिटिव पाए जाने के कारण निर्वाचन नामावली तैयार किए जाने के कार्यक्रम को स्थगित किए जाने का अनुरोध किया गया था, जिसके तारतम्य में दुर्ग जिल के नगरीय निकायों हेतु जारी निर्वाचक नामावली कार्यक्रम को 10 सितम्बर 2020 को निर्वाचन आयोग द्वारा स्थगित कर दिया गया है।

निर्वाचन आयोग ने बेमेतरा, कोरिया, रायपुर, सुकमा, बीजापुर, सूरजपुर, कांकेर एवं धमतरी जिले के उप निर्वाचन अधिकारियों द्वारा कोरोना संक्रमण अधिकता के मद्देनजर निर्वाचन नामावली कार्यक्रम को स्थगित किए जाने के अनुरोध को मान्य करते हुए उक्त जिलों में भी निर्वाचक नामावली कार्यक्रम को आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है।

# बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को मुख्यमंत्री ने किया नमन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां अपने निवास कार्यालय में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री बघेल ने कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे सिद्धहस्त लेखक, पत्रकार, संगीतज्ञ, कर्मठ नेता और स्वाधीनता संग्राम के सच्चे सेनानी थे।


## माशिमं की 10वीं-12वीं की ऑनलाइन क्लास में राज्य से शामिल हुए हजारों छात्र

**रायपुर।** कोरोना संक्रमण के चलते शैक्षणिक संस्थानों और स्कूलों के बंद रहने के चलते माशिमं द्वारा शुरू की गई ऑनलाइन क्लासेस को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। माशिमं ने 10वीं और 12वीं बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कक्षा प्रारंभ करवाई है। इसमें पूरे राज्य से 11 हजार 704 छात्रों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि 10वीं और 12वीं बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए शुरू कराई गई ऑनलाइन कक्षाओं में 10वीं की विज्ञान एवं गणित और कक्षा 12वीं की अंग्रेजी एवं राजनीतिक विज्ञान विषयों की कक्षाएं संपन्न हुई। माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शु वार 18 सितंबर को कक्षा 10वीं और 12वीं की दो-दो विषयों की आनलाइन कक्षाएं संचालित होंगी। कक्षा 10वीं में अंग्रेजी विषय की कक्षा दोपहर 12.00 बजे से 12.40 बजे तक और विज्ञान विषय की कक्षा दोपहर 1.00 बजे से 1.40 बजे तक संचालित होगी। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में भूगोल विषय की कक्षा दोपहर 12.00 बजे से 12.40 बजे तक और लेखा शास्त्र विषय की कक्षा दोपहर 1.00 बजे से 1.40 बजे तक संचालित होगी। इस समय-सारणी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं में प्रदेश के समस्त विद्यार्थी अपने-अपने घर में पढ़ाई कर सकते है।

# रायपुर शहरी क्षेत्र में बिजली बिल भुगतान के लिए 15 कॉमन सर्विस सेंटर शुरू

■ राज्य सरकार की रीति-नीति से आम आदमी की पहुंच-ताकत बनी बिजली

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश में विद्युत की दर में बढ़ोत्तरी नहीं होने तथा राज्य सरकार की हाफ रेट पर बिजली योजना के अलावा उपभोक्ताओं को दी जा रही अनेक रियायतों के कारण बिजली आम आदमी की पहुंच और ताकत बन गई है। राज्य सरकार की रीति-नीति को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की सेवा सुविधा में सुधार हेतु ''न्यू टेक्नालाजी'' सहित सरल प्रक्रियाओं-प्रणालियों को अपनाने कारगर पहल की गई है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की भांति शहरी क्षेत्र में भी बिजली बिल भुगतान हेतु कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) शुरू किये गये हैं। रायपुर शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 15 सीएससी की शुरूआत की गई है। उक्त जानकारी रायपुर शहरी क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री आर.ए.पाठक ने पॉवर कंपनीज के जनसम्पर्क विभाग की विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

आगे उन्होंने बताया कि इन सेंटरों में बिल भुगतान करने हेतु किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता। उपभोक्ता सेवा में यह पूरी तरह से निःशुल्क सुविधा है। यहां नगद बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की राशि सीधे पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी के खाते में चली जाती है तथा उपभोक्ता को पावती दी जाती है। सीएससी सेंटर से प्राप्त पावती पर छपे क्यू आर कोड को स्केन करके बिजली भुगतान की सत्यता की जांच उपभोक्तागण सहजता से कर सकते है। पॉवती को स्केन करने पर बिल भुगतान का विवरण दिखाई देता है। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, फर्जी होने की स्थिति में उपभोक्तागण पॉवर कंपनीज के केन्द्रीकृत कॉल सेंटर '1912' पर शिकायत दर्ज कर सकते है। उपभोक्तागण किसी भी स्मार्ट फोन में 'क्यू आर' स्केनर को फ्री डाउनलोड कर सकते है।

### रायपुर शहर में स्थापित सी.एस.सी. सेंटर

रायपुर शहर के नगर संभाग पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, मध्य एवं संचारण-संधारण संभाग उरला के अन्तर्गत सिविल लाइन, शंकरनगर, दलदल सिवनी, टिकरापारा, लाखे नगर, दीनदयालउपाध्याय नगर, गुढ़ियारी, खमतराई 33/11 के.व्ही. उपकेन्द, टाटीबंध, पुरैना, नयापारा, बूढ़ापारा, शास्त्री चैक, गंज एफओसी सेंटर, गाजीनगर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में कॉमन सर्विस आरंभ किये गये है।

# संस्कृत भाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थाओं से पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में संस्कृत भाषा के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। सम्मान, पुरस्कार के तहत किसी एक संस्था या व्यक्ति को दो लाख रूपए की राशि एवं प्रतीक चिन्ह के युक्त पट्टिका, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिए आवेदन देने के इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा बंद लिफाफे में 20 नवम्बर 2020 को शाम 4 बजे तक कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक-3, द्वितीय तल इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में प्रस्तुत कर सकते हैं। समायावधि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक संबंधी विलंब के लिए यह कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। आवेदन पत्र के बंद लिफाफे पर संस्कृति भाषा सम्मान पुरस्कार 2020 अंकित किया जाना जरूरी है।

उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन में व्यक्ति अथवा संस्था का पूर्ण परिचय, तीन अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो, संस्कृत भाषा से संबंधित सामाजिक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिए किए गए कार्यों की सह प्रमाण विस्तृत जानकारी, यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो, तो उसका विवरण, संस्कृत भाषा से संबंधित, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना जरूरी है। पुरस्कार संबंधी नियम की प्रति कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनाय, नवा रायपुर से कार्यालयीन समय में निःशुल्क रूप से प्राप्त की जा सकती है।

# होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे 21361 कोरोना संक्रमितों को उपलब्ध कराई गई मेडिसीन किट

■ 8481 मरीज होम आइसोलेशन की अवधि पूरी कर स्वस्थ हुए, प्रदेश में अब तक कुल 41111 मरीजों ने जीती कोरोना से जंग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

होम आइसोलेशन में रह कर कोविड-19 का इलाज करा रहे 21 हजार 361 मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिसीन किट उपलब्ध कराई गई है। प्रदेश में कोविड-19 के उपचार के लिए अब तक 22 हजार 435 मरीजों ने होम आइसोलेशन का विकल्प चुना है। इनमें से 8441 मरीज होम आइसोलेशन की अवधि पूरी कर स्वस्थ हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को दवाईयां उपलब्ध कराने के साथ ही होम आइसोलेशन के दौरान मरीजों और उनके परिजनों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों व दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जा रही है। सभी जिलों में स्थापित होम आइसोलेशन कंट्रोल रूम के माध्यम से मरीजों की सेहत की निगरानी भी की जा रही है।

प्रदेश में कोविड-19 से जंग जीतने वाले मरीजों की कुल संख्या अब 41 हजार 111 पहुंच गई है। विभिन्न कोविड अस्पतालों और कोविड केयर सेंटर्स में इलाज के बाद स्वस्थ हुए 32 हजार 630 लोगों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वहीं होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे 8481 मरीज भी ठीक हो चुके हैं। 17 सितम्बर को प्रदेश भर में 5226 मरीजों ने कोरोना को मात दी है। इनमें कोविड केयर सेंटर्स और अस्पतालों से डिस्चार्ज 2019 और होम आइसोलेशन पूर्ण कर स्वस्थ हुए 3207 शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से रायपुर जिले में होम आइसोलेटेड 7484 कोरोना संक्रमितों तक मेडिसीन किट पहुंचाई गई है। बिलासपुर जिले में होम आइसोलेशन वाले 2625, राजनांदगांव में 2203, दुर्ग में 1556, रायगढ़ में 1329, कबीरधाम में 595, कोरिया में 591, सरगुजा में 569, धमतरी में 515, मुंगेली में 419, कांकेर में 372, सूरजपुर में 313, बस्तर में 300, कोरबा में 278, बलौदाबाजार-भाटापारा में 273, जांजगीर-चांपा में 255, गरियाबंद में 238, बालोद में 234, कोंडागांव में 233, दंतेवाड़ा में 216, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 180, महासमुंद में 168, नारायणपुर में 112, बलरामपुर-रामानुजगंज में 99, सुकमा में 69, जशपुर में 57, बीजापुर में 42 और बेमेतरा में 16 मरीजों को मेडिसीन किट उपलब्ध कराई गई है।

## पटवारियों को हल्के के अंतर्गत सभी किसानों के खेतों में पहुंचकर गिरदावरी कर ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए

# राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उतरे खेतों में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी गिरदावरी के लिए किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों की जानकारी लेकर भूमि के खसरों एवं अभिलेखों में प्रविष्टियां कर रहे हैं। राजस्व विभाग के हल्कों में तैनात पटवारी फसल के रकबे का पंजीयन भी कर रहे हैं। पटवारियों को अपने हल्के के अंतर्गत सभी किसानों के खेतों में पहुंचकर गिरदावरी कर ऑनलाईन एंट्री करने के निर्देश दिए गए हैं। गिरदावरी के कार्य का मौके पर निरीक्षण विभाग के उच्च अधिकारी कर रहे हैं बिलासपुर के कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने तखतपुर विकासखण्ड में राजस्व विभाग के अमले द्वारा किये जा रहे गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। वे खेतों में उतरे और स्थल पर गिरदावरी के कार्य को बारीकी से देखा और निर्देशित किया कि शत् प्रतिशत शुद्धता के साथ गिरदावरी का कार्य किया जाये।

राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल गिरदावरी का कार्य जिले में संचालित हो रहा है। इस क्रम में बिलासपुर कलेक्टर ने ग्राम-सकरी पटवारी हल्का नंबर 45 के अंतर्गत चल रहे गिरदावरी कार्य को स्वयं खेत में उतरकर देखा कि गिरदावरी कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है या नहीं। कलेक्टर ने गिरदावरी के कार्य को बारीकी से करने के निर्देश देते हुए निर्धारित समय पर इसकी ऑनलाइन एंट्री करने कहा ताकि बाद में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कलेक्टर बी.एस.उइके, डिप्टी कलेक्टर मनोज केसरिया, कोटा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आनंद रूप तिवारी सहित क्षेत्र का राजस्व अमला मौजूद था।

## जिला खाद्य अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

**रायपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त ा संरक्षण विभाग द्वारा मंत्रालय, महानदी भवन से जारी आदेश के तहत गरियाबंद जिले में श्री जी.पी. राठिया को जिला खाद्य अधिकारी पदस्थ किया गया है। कलेक्टर द्वारा नवपदस्थ खाद्य अधिकारी जी.पी. राठिया के जिला गरियाबंद में पदभार ग्रहण करने तक सहायक खाद्य अधिकारी शाह जफर खान को जिला खाद्य अधिकारी का प्रभार दिया गया है। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने आदेश के परिपालन में तत्कालीन जिला खाद्य अधिकारी डडसेना को नवीन पदस्थापना स्थल जिला रायगढ़ में कार्यभार ग्रहण करने के लिए भारमुक्त कर दिया गया है।

## वनमंत्री के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने झामसिंह धुर्वे के परिजन को 4 लाख स्वेच्छानुदान दिए



**रायपुर ।** प्रदेश के वनमंत्री मोहम्मद अकबर के आग्रह पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कबीरधाम जिले के निवासी मृतक झामसिंह धुर्वे के परिजन को स्वेच्छानुदान मद से 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इसके पूर्व भी प्रशासन द्वारा झामसिंह धुर्वे के परिजन को एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। गौरतलब है कि कबीरधाम जिले के बालसमुंद (बोड़ला) निवासी श्री झामसिंह धुर्वे की बीते 6 सिंतबर को बालाघाट सीमा में मध्यप्रदेश पुलिस के एनकाउंटर के दौरान मृत्यु हो गई है।

## निधन

### पुष्पजीत साहू



पुष्पजीत साहू (पिन्कू) का आज रात में असामयिक निधन हो गया है। ये डां सत्यजीत साहू (बालाजी हस्पिटल टिकरापारा) के छोटे भाई एवं इंजी दिनेश साहू के सुपुत्र थे। ईश्वर से प्रार्थना है कि मृतक के आत्मा को अपने धाम में स्थान दें एवं परिवार वालों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# छत्तीसगढ़ राज्य बने 20 साल हो गए, कोटवारों की मांगें कब पूरी होगी ?

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश में यह बड़े ही दुख की बात है की किसी जमाने में भारती पुलिस की सबसे छोटी इकाई कहे जाने वाले कोटवार लोगों की आज भी बड़ी दुर्दशा है और विशेषकर मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में कोटवारों को बुरी तरह उपेक्षित किया जाता है उनसे हर प्रकार के काम लेने के बावजूद उन्हें ना समय पर वेतन मिलता है न सही वेतन मिलता है और न सही समय से वर्दी मिलती है। सबसे बड़े दुख की बात यह कि उन्हें स्थाई कर्मचारी मानने पर भी छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश की सरकारों को बहुत कष्ट है।

उपर्युक्त तकलीफों के मद्देनजर कांकेर जिले की कोट वार यूनियन ने मुख्यमंत्री को एक विज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से भिजवाया है जिसमें पहले भेजे गए ज्ञापनो का हवाला देते हुए कोटवार लोगों की चंद नई पुरानी मांगे विचारहेतु प्रस्तुत की गई है।जो निम्नानुसार है।कोटवारों को राजस्व विभाग में संलग्न करते हुए नियमित कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।नियमित होने तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय की दिशा निर्देश के अनुसार 18000 मानदेय देने का आदेश करें।

राजस्व विभाग के सन 2003 के आदेश अनुसार मालगुजारी भूमि पर कोटवारों को भूस्वामी का अधिकार दिया जाए।लॉकडाउन पीरियड में ड्यूटी करने वाले सभी कोटवारों को मार्च से जून तक 4 माह का अतिरिक्त भत्ता प्रदान किया जाए।नियमित पारिश्रमिक भुगतान प्रति माह की 6 तारीख तक अवश्य ही किया जाए।सन 2020 में संपन्न पंचायत चुनाव ड्यूटी का पारिश्रमिक तत्काल दिया जाए।वर्दी सिलाई का पैसा अगला और पिछला तत्काल पेमेंट किया जाए।हर 3 वर्ष में गरम कोट देने संबंधी आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही बेल्ट बैच टोपी डोरी जूता लाठी आदि देने के आदेश भी जारी किए जाएं।कोटवारों के नियुक्ति आदि संबंधी पुराने प्रकरणों को शीघ्र समाप्त कर न्याय किया जाए।कोटवारों को वर्दी धुलाई हेतु अन्य कर्मचारियों की भांति भत्ता राशि प्रदान की जाए।

### क्वारेंटाइन सेंटर ईमलीपारा कांकेर में फल, सब्जी क्रय में नहीं हुई अनियमितता

कांकेर। क्वारेंटाइन सेंटर ईमलीपारा कांकेर के लिए फल, सब्जी, पेयजल इत्यादि की खरीदी में अनियमितता नहीं पाई गई है, इस संबंध में जांच समिति द्वारा अपना प्रतिवेदन कलेक्टर को श्री. के.एल. चौहान को प्रस्तुत कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त क्वारेंटाईन सेंटर के लिए अत्यधिक कीमत में टमाटर एवं अन्य सामग्रियों की खरीदी से संबंधित समाचार प्रकाशित हुई थी, जिसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर चौहान द्वारा दो सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी, जिसमें कृषि विभाग के उप संचालक एन.के. नागेश और उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक व्ही.के. गौतम को शामिल किया गया था। जाचं समिति के सदस्य नागेश और गौतम द्वारा संबंधित समाचार पत्र के ब्यूरोचीफ की मौजूदगी में दुकानदारों का कथन लिया गया और सब्जी, टमाटर सहित अन्य सामाग्रियों के कीमत की तहकीकात की गई, जिसमें खरीदे गये सभी वस्तुओं के मूल्य प्रचलित बाजार दर के अनुसार पाया गया। जांच कमेटी के सदस्यो ने कलेक्टर को प्रस्तुत अपने प्रतिवेदन में बताया है कि उनके द्वारा शिकायतकर्ता के समक्ष दुकानदारों का बयान लिया गया, जिसमें पाया गया कि टमाटर का दर क्रेट था न कि किलोग्राम, टमाटर का मूल्य प्रति क्रेट 520, 550, 500 रूपये होना पाया गया।

# मशाल जलाकर नगरनार प्लांट के निजीकरण का विरोध

## जिला पंचायत हरीश कवासी ने कहा बस्तर के हक की लड़ाई जारी रहेगा



पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

नगरनार प्लांट के निजीकरण को लेकर लगातार जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी विरोध कर रहे है। युवाओ ने मशाल जलाकर विरोध दर्ज किया। साथ ही आगामी 23 तारीख को पदयात्रा निकाली जाएगी।

शाम को जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका के सामने गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी व नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के नेतृत्व में युवाओ ने मशाल जलाई। और बस्तर का सबसे बड़ा प्लांट नगरनार के निजीकरण के फैसले का विरोध किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान रम्मू राठी, बाबा हुसैन, धर्मेंद्र सिंह, रोहित पांडे, मनोज चौरसिया, मनोज गुप्ता, मुकेश कश्यप, सुनील राठी समेत काफी संख्या मे कांग्रेसी मौजूद थे।

**निजीकरण के विरोध में युवाओ में क्रांति लाने का प्रयास : हरीश कवासी**

जिला पंचायत अध्यक्ष व युवा नेता हरीश कवासी ने कहा कि क्रांति का प्रतीक है मशाल इसलिए आज मशाल जलाकर नगरनार प्लांट का विरोध किया गया। क्योकि बस्तर के युवाओं का सपना था नगरनार प्लांट लेकिन केंद्र सरकार ने सपने तोड़ने का फैसला लिया है और हम ऐसा होने नही देंगे। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार अपने फैसले को बदले।

# भाजपा मंडल ने स्वछता अभियान चलाया, लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की





पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा शुक्रवार को स्वछता अभियान चलाया गया।इस दौरान बस स्टैंड परिसर को सफाई किया गया साथ ही बैठने के स्थल को सेनिटाइज किया गया।मंडल अध्यक्ष सिंगासन गुप्ता संजीव दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70 वें जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत मंडल में पूरे सप्ताह भर कार्यक्रम चल रहा है। सफाई के दौरान लोगो से अपने आस पास के क्षेत्र स्वच्छ रखने व सामाजिक दूरी का पालन करने की अपील की गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सिंगासन गुप्ता संजीव दास राजेश वैपरल मनोज छालीवाल राजेश सिन्हा आदि मौजूद थे।

# बोलेरो व 2 मोटरसाइकिल में जबरदस्त भिडंत 4 की मौत

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला के ग्राम बनियागांव दो मोटर साइकिल और बोलेरो वाहन में हुई भीषण टक्कर। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, की मौके पर 03 मौत हो गयी। व 01 गंभीर अवस्था मे जिला अस्पताल ले जाते हुए, रास्ते मे ही मौत हो गयी। बोलेरो में 06 सवार में एक दुधमुंही मासूम, बोलेरो सवार सभी रायपुर से जगदलपुर की जा रहे थे, बोलेरो वाहन चालक जिला अस्पताल में भर्ती। एसडीओपी कपिल चंद्रा व यातायात प्रभारी रविशंकर पांडेय तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर यातायात व्यवस्था सुचारू किये।

मिली जानकारी अनुसार बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 05 एफ 1218 कांकेर कोंडागाँव जिला के ग्राम घोड़ागांव अपने घर जा रहे थे, की तभी ग्राम बनियागांव के पास 02 मोटरसाइकिल से जबरदस्त भिड़ंत हो गयी। जिसमे मोटरसाइकिल सवार 03 व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गयी, और एक अन्य व्यक्ति ने जिला अस्पताल ले जाते सयम रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। मोटरसाइकिल सवार मृत व्यक्ति मृतक विश्वजीत दास (26)पिता रवि दास निवासी ग्राम कुसंडी थाना करौरा जिला रायपुर, पीताम्बर सलाम(23) पिता श्रवण सलाम ग्राम रतेशर थाना चारामा जिला कांकेर, संतोष साहू (45) पिता कमल साहू ग्राम सिंधौरीङ्कखुर्द थाना कुरूद जिला धमतरी, टकेश साहू (35) पिता विष्णु साहू ग्राम बगदेही थाना कुरूद जिला धमतरी, बताया जा रहा है, की सभी पीआरए कंस्ट्रक्शन में कार्य करते थे, और कोंडागाँव से लगे ग्राम चीडलपुटी में पीआरए कंपनी के प्लांट में रहते थे । नेशनल हाईवे 30 बनियागांव के पास हुई टक्कर में बोलेरो सवार राजेन्द्र कुमार नाग पिता लखमू राम नाग उम्र 27 बर्ष, बोलेरो ड्राइवर राजकुमार मरकाम पिता पंचराम मरकाम उम्र 45 बर्ष गंभीर गंभीर अवस्था मे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। बिरजो नाग पति राजेन्द्र नाग उम्र 25 बर्ष, राजमन कुमार पिता लखमू नाग उम्र 24 बर्ष, साथ ही डेढ़ माह की लड़की, 3बर्ष लड़का था

राजेन्द्र कुमार नाग ने बताया कि प्रसव पश्चात प्रसूता और दूधमुंही बच्ची को परिवार कांकेर से घो?गांव बोलेरो वाहन से घर लेजा रहा था, भिड़ंत के बाद बुलेरो वाहन पलटी। बुलेरो वाहन में दूधमुंही बच्ची सहित छः लोग थे शामिल बोलेरो चालक को आई चोटे आई है, अन्य सवार लोगो हल्की चोटे आई है। मौके पर यातयात पुलिस पहुच घायलों को पहुचाया अस्पताल। दुधमुंही बच्ची भी जिला अस्पताल में भर्ती है। कोंडागाँव सिटीकोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस तत्काल पहुंचकर घायलों को अस्पताल इलाज हेतु भेजा। और यातयात व्यवस्था सुचारू किये।

## 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंकों से उत्तीर्ण दिव्यांगजनों को किया जाएगा पुरस्कृत

**कांकेर।** शैक्षणिक सत्र 2019-20 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाले जिले के दिव्यांग विद्यार्थियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा ''क्षितिज अपार संभावनाएं'' योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जायेगा, इसके लिए जिले में कक्षा 10 वीं परीक्षा में सर्वाधिक अंको से उत्तीर्ण होने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ता?की, विकासखण्ड अंताग? के दिव्यांग विद्यार्थी कुमारी हर्षिता बघेल पिता श्री रामूराम तथा कक्षा 12वी की परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्बा विकासखण्ड चारामा से उत्तीर्ण दिव्यांग विद्यार्थी नरेन्द्र कुमार सिन्हा पिता यशवंत सिन्हा का चयन किया गया है। उक्त सूची के संबंध में यदि किसी को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ 30 सितम्बर के सायं 05 बजे तक उप संचालक समाज कल्याण विभाग के ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, इसके अलावा परिवीक्षा अधिकारी राजेश देवांगन के मोबाईल नंबर 97701-61336 में वॉटसएप के माध्यम से भी दावा आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

# कांकेर प्रेस क्लब का हुआ गठन, प्रकाश ठाकुर अध्यक्ष गौरव महासचिव बने

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



जिले में शुक्रवार को प्रेस क्लब का गठन किया गया. सभी ने सर्वसम्मति से पत्रकार प्रकाश ठाकुर को प्रेसक्लब का अध्यक्ष, गौरव श्रीवास्तव को महासचिव, तामेश्वर सिन्हा कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। उपाध्यक्ष सुशील सलाम, राजकुमार कश्यप,योगेश सिन्हा, वेद प्रकाश मिश्रा। सह सचिव प्रांजल झा,श्रवण बेसरा, वीरेंद्र यादव,आशीष परिहार योगेंद्र बैस को चुना गया है। इसके साथ कि संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सुशील शर्मा,कमल शुक्ला, विजय पांडे, अनुराग उपाध्याय, जीवानंद हालदार, अमित चौबे बनाए गए है। सदस्य के रूप में नीरज तिवारी, निपेन्द्र ठाकुर, दीपक चौहान, उमेश यादव, तनुज ठाकुर, मौसम साहू, टोकेश्वर साहू, सतीश यादव, विकास अम्भोरे, विनय राजपूत, नरेन्द्र कश्यप, शेखर चक्रवर्ती, नरेश सोनी, तेज प्रताप सिंह, हबीब राज, शेखर पटेल, पदाधिकारियों ने कहा कि क्लब का उद्देश्य सभी पत्रकारों को एक मंच पर इकट्ठा करना है। जल्द ही क्लब का विधिवत चुनाव प्रक्रिया कर पदाधिकारी चुने जाएंगे।

# सेवा सप्ताह मनाकर भाजपा जनता से हो रही है रूबरू



पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com

मोदी जी के जन्मोत्सव में अस्पतालों, वृद्धाश्रमों में बांटे गए फल सेवा सप्ताह के आगामी दिवस में होंगे स्वच्छता, वृक्षरोपण जैसे कार्य भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के सातों मंडल में 14 सितंबर से सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। आज मोदी जी के जन्मोत्सव पर भजपाइयों ने अस्पतालों, आश्रमों में फल वितरण कर मोदी की दीर्घायु का आशीर्वाद माँगा।

ज्ञात हो कि पिछले 14 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी के राज्य एवं राष्ट्रीय निर्देशानुसार विभिन्न कार्यकर्मो का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सभी मंडलों में मंडल पदाधिकारी, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और अन्य प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता गांवों मोहल्लों में सेवा कार्य दे रहे हैं। मंडल और जिला युवामोर्चा एवं महिला मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा तय तिथि अनुसार वृक्षारोपण, ब्लड बैंक के लिए ब्लड ग्रुप की लिस्टिंग जैसे सराहनीय कार्य किया गया। वहीं 15 एवं 16 सितंबर को जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जीवन शैली एवं व्यक्तित्व पर वेबिनार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री अभिमन्यु सोनी, व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंदलाल मुडामी ने प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तित्व व उनकी संगठन क्षमता की विस्तृत जानकारी अपने कार्यकर्ताओं को बताया । मोदी जी के जन्म दिवस को भी सेवा दिवस के रूप में भाजपाइयों ने जिले के सभी मंडलों के स्वास्थ्य विभाग, वृद्धाश्रम आदि जगहों में फल वितरित कर मनाया साथ ही यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की लंबी आयु की कामना की। आगामी तिथियों में भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नगरीय निकाय के वार्डों, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ्ता अभियान, वृक्षारोपण एवं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्लाइड शो जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किये जायेंगे। सेवा सप्ताह के कार्यक्रमों में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री व जनप्रतिनिधिगण अपनी गरिमामयी उपस्थिति बनाये हुए हैं।

## कार के दरवाजे के अंदर छिपाकर कर ले जा रहे थे गांजा

# फरसगांव पुलिस ने 17 किलोग्राम गांजा के साथ तीन तस्करों को दबोचा

- जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 83 हजार रुपए

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले की फरसगांव पुलिस को फिर एक कामयाबी मिली है, जिसमे फरसगांव पुलिस ने 17 किलो मादक पदार्थ गांजा के साथ तीन गांजा तस्करों को धर दबोचा हैं।

कोंडागांव पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में पुलिस अनुविभागिय अधिकारी फरसगांव पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में 17 सितंबर को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना फरसगांव के सामने नेशनल हाईवे 30 पर नाका लगाकर जगदलपुर की ओर से आ रही हुण्डई आई 10 कार को रोका गया । कार में सवार टिंकू नागर उर्फ धर्मेन्द्र नागर पिता मुंशीलाल नागर उम्र 25 वर्ष जाति नट निवासी ग्राम तपाकी नगरिया गडिया चौराहा करहैल थाना करहैल , जिला मैनपुरी उत्तरप्रदेश और दूसरा सरोज कुमार नागर पिता जनकलाल नागर जाति नट उम्र 32 वर्ष ग्राम चिरौली पुल के पास थाना औरिया जिला औरिया उत्तरप्रदेश व तीसरा आरोपी प्रबल प्रताप सिंह पिता पातिराम उम्र 40 वर्ष जाति काछी साकिन मंदरावली थाना करहैल जिला मैनरपुरी उत्तरप्रदेश का होना बताये। उपरोक्त व्यक्तियों एवं हुण्डई आई 10 कार की तलाशी लेने पर कार के पांचो दरवाजे के अंदर छुपाकर रखे भुरे रंग के टेप से लपेटा हुआ 28 पैकेट कुल 17 किलो 400 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया एवं आरोपीगणों के कब्जे से 03 नग मोबाईल, 02 नग ड्राईविंग लायसेंश , नगदी रकम 1440 रूपये बरामद किया गया । आरोपियों से पुछताछ करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा को उडिसा से लेकर बिकी हेतु जिला औरैया उत्तरप्रदेश लेकर जाना बताये बरामद किये गांजे की अनुमानित कीमत 83000 रूपये है ।

आरोपीगण द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा का तस्करी करना पाये जाने से आरोपीगणों के विरूद्ध थाना फरसगांव में अप.कमांक 89/20 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर 18 सितंबर को माननीय न्यायालय भेजा गया । उपरोक्त कार्यवाही उप निरीक्षक विवेक सेंगर , प्रधान आरक्षक उमेश बाघमारे, आरक्षक कृष्ण कुमार सोनवानी, कृष्ण कुमार साहू, सलीम तिग्गा, भुवन प्रधान की भूमिका अहम रही ।

# पीएमजीएसवाई विभाग ने सोशल डिस्टेंस के साथ मनाई विश्वकर्मा जयंती

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला ही बल्कि पूरे देश मे इस साल कोरोना महामारी के चलते विश्वकर्मा जयंती का पर्व फीका पड़ गया, पीएमजीएसवाई विभाग के कार्यालय पर भगवान विश्वकर्मा जयंती का समारोह सोशल डिस्टेंस और मास्क लगाकर जिला प्रशासन के द्वारा कोविड19 के दिशानिर्देश का पालन करते हुए मनाया गया । विधि विधान से श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर आरती की गई । इस दौरान कार्यपालन अभियंता अरुण शर्मा ने श्री विश्वकर्मा भगवान के जीवन के बारे में व कार्यों के बारे में बताया। विश्वकर्मा पूजा के दौरान कार्यपालन अभियंता सह सचिव सचिव अरुण कुमार शर्मा, सहायक अभियंता डीआर दुबे, लेखाधिकारी डिंपल नाग, प्रभारी सहायक अभियंता जेके प्रधान, बिहार देव मानचित्रकार, उप अभियंता ओमप्रकाश ठाकुर, अनुज कुमार भार्गव, एसके प्रजापति, गुनीराम राजपूत, ताम्रध्वज पटेल, लेखापाल मोहनलाल साहू, रूपेश कुमार सोम, धनीराम यादव, डाटा एंट्री ऑपरेटर मनोज कुमार पाणिग्रहण, लालबहादुर सिंह ठाकुर, संतोष कुमार सोरी, सोमेश कुमार मरकाम डाटा एंट्री ऑपरेटर, श्रीमती सुमित्रा सहाय डाटा एंट्री ऑपरेटर, कुमारी गरिमा मरकाम सहायक वर्ग-3, राजेश्वरी श्रीवास डाटा एंट्री ऑपरेटर, रंजन सिंह पटेल, पन्ना नाथ पटेल, रेखलाल पटेल, वाहन चालक सोहन सिंह नेताम, शंभू पोयम, रामदेव सोरी, सुखदेव यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करने का कार्य युद्धस्तर पर, कलेक्टर पहुंचे खेतों में

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में इन दिनों राजस्व और कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा खरीफ धान फसल की गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। शासन के निर्देशानुसार उक्त कार्य 20 सितम्बर तक पूर्ण किया जाना है। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे आज राजस्व अमले के कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण करने फिंगेश्वर विकासखण्ड के गांवों में पहुंचे। उन्होंने फिंगेश्वर के कृषक दीपक तिवारी खसरा नम्बर 1069 में फसल गिरदावरी कार्य का मौका-मुआयना किया। इस अवसर पर उन्होंने कृषि दीपक तिवारी से रू-ब-रू चर्चा कर उनके कुल रकबा में बोये गये धान फसल की जानकारी ली। साथ ही राजस्व अमले को 20 सितम्बर तक गिरदावरी कार्य शत् प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये। इससे पूर्व कलेक्टर राजिम में भी गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम और तहसीलदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम राजिम जीडी वाहिले, तहसीलदार ओपी वर्मा, जनपद पंचायत के सीईओ हरिराम सिदार, नायब तहसीलदार प्रेमुलाल साहू, पटवारी कौशल चन्द्राकर और कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**खाद्य अधिकारी डसेना भारमुक्त :** छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग महानदी भवन द्वारा 4 सितम्बर को जारी आदेश के तहत जिला खाद्य अधिकारी हुलेश कुमार डडसेना का स्थानांतरण जिला रायगढ़ के लिए हुआ है। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे द्वारा आदेश के परिपालन में डडसेना को नवीन पदस्थापना स्थल जिला रायगढ़ में कार्यभार ग्रहण करने एकतरफा भारमुक्त किया गया है। जिले में नवपदस्थ खाद्य अधिकारी जीपी राठिया के जिला गरियाबंद में पदभार ग्रहण करने तक सहायक खाद्य अधिकारी शाह जफर खान प्रभार में रहेंगे।

## नगर के दो स्थानों पर लगाई गई सुझाव पेटी

किशोर बालक-बालिकाओं की समस्याओं संबंधी शिकायत एवं सुझाव आमंत्रित किशोर न्याय अधिनियम 2016 के वैधानिक प्रावधानों के तहत किशोर न्याय बोर्ड कल्याण समिति द्वारा गरियाबंद नगर के सांई मंदिर के सामने बाबा सदन (सखी वन स्टाप सेंटर के उपर) और संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में शिकायत व सुझाव पेटी लगाई गई। गरियाबंद जिले के शून्य से 18 वर्ष पूर्व आयु तक के बालक-बालिकाओं के सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के संबंध में उक्त पेटी में अपनी शिकायत व सुझाव दे सकते है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी के अनुसार आवेदनकर्ता की जानकारी गोपनीय रखते हुए उनके शिकायत पर आवश्यक व नियमानुसार कार्यवाही की जाती है।

# कोरोना की दवाई बताकर बच्चों को पिला दिया जहर

## मा-बाप ने भी की खुदकुशी की कोशिश, 4 की हालत गंभीर

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर/खरोरा
www.dailypioneer.com





आदतन शराबी पिता ने आर्थिक तंगी के चलते बच्चों को कोरोना की दवाई बताकर जहर पिला दिया. बच्चों को जहर देने के बाद शराबी पिता ने अपनी पत्नी को भी जहर दे दिया. परिवार के सभी लोग जहर पीकर खुदकुशी के प्रयास में थे. समय रहते मामले की जानकारी मिलते ही सबको अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गनीमत है कि परिवार में किसी की मौत नहीं हुई है. हालाँकि परिवार के चार लोगों की हालत गंभीर है. मिली जानकारी के मुताबिक खरोरा के ग्राम पंचायत केसला निवासी प्रेम नारायण देवांगन आदतन शराबी है. उसने शराब की पूर्ति के लिए बहुत लोगों से कर्ज लिया था. कर्ज चुकाने उसने घर की जमीन बेच दिया था. कोरोनाकाल में ये परिवार आर्थिक तंगी से बेहद परेशान था. आर्थिक तंगी के चलते प्रेम नारायण देवांगन ने परिवार सहित खुदकुशी करने का प्लान बना लिया. प्रेम नारायण ने अपने तीनों बच्चों को कोरोना की दवाई बताकर जहर दे दिया. बच्चों को जहर देने के बाद प्रेम नारायण और उसकी पत्नी ने भी जहर का सेवन कर लिया. परिवार के सभी लोगों का इलाज जारी है. परिवार में एक बच्चे की हालत स्थिर है, बाकी चारों की हालत गंभीर है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एनएचएम अधिकारी कर्मचारी संघ 19 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आह्वान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली के समस्त एनएचएम अधिकारी कर्मचारी अपने लंबित मांगों को लेकर 19 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं जिसका ज्ञापन बीएमओ सरायपाली को सौंपा गया। ब्लॉक एनएचएम अध्यक्ष शीतल सिंह के नेतृत्व में बीएमओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें चिरायु दल प्रभारी डॉ राजेश सिंह, डॉक्टर जनक जेरीए डॉ अनूपा दास एवं भेषज साहूए वर्षा बाघ, परमेश्वर सेन, उमेश डनसेना, राम प्रकाश चौधरी एविनय प्रधान, भीष्मप्रताप राणाए रूपचंद साहू, सरिता उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# विधायक ने की संजुला शर्मा की तत्काल तबादला करने की मांग

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आंगनबाड़ी से संबंधी विभागों से लगातार आ रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा ने प्रभारी मंत्री छ.ग. शासन व बलौदाबाजा जिला कलेक्टर से तत्काल संबंधित जिल कार्यक्रम अधिकारी (आंगनबाड़ी) संजुला शर्मा को तत्काल एक सप्ताह के अंतरगत अन्यत्र तबादला करने की मांग की है। शर्मा ने आगे कहा कि उक्त अधिकारी के व्यवहार आम जन प्रतिनिधियों से भी अच्छी नहीं है, संबंधी विभाग की जानकारी मांगने पर जानकारी उपलब्ध नही कराती, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से दबाव पूर्वक बच्चों को आंगनबाड़ी बुलाने, गर्भवती महिलाओं को बुलाने के लिए दबाव बनाती जबकि गर्भवती महिलाओं को घर से बाहर नहीं निकलना है। जिला स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम में क्रय की गई समानों की भूमिका में यह संदेहास्पद है। सिमगा सेक्टर में संचालित समूहों का हुआ अनुबंध को मान्य नहीं करती है व निरस्त करने की धमकी देती है। संचालित समूहों की महिलाओं से अभद्र व्यवहार करती है। पद का धौस जमाकर संचालित समूहों से पैसे की मांग करती है। अतः विधाकय श्री प्रमोद शर्मा ने उक्त अधिकारी की सैंकड़ों शिकायत के कारण एक सप्ताह के अंदर तत्काल तबादला करने की मांग की है। नहीं होने की स्थिति में संबंधि विभाग का घेराव करने की चेतावनी भी दी है।

## आपदा पीड़ित परिवार को 8 लाख की सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से पीड़ित जिले की दो परिवार के लिये 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर श्री सुनिल कुमार जैन ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के अंतर्गत ये स्वीकृतियां प्रदान की है। पानी में डूबने,बिजली गिरने,सांप अथवा बिच्छू काटने के कारण हुई मौत के कारण उनके निकट परिजनों के लिये यह आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। कलेक्टर ने संबंधित पलारी तहसीलदार को आरटीजीएस के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में पलारी तहसील के अंतर्गत अदालत ग्राम दतान (खैरा) निवासी गंगाबाई यदु के पति घसिया यदु का तालाब के पानी में डूबने के कारण उसी तरह अदालत ग्राम ससहा तहसील पलारी निवासी मंगलचंद साहू माता परनिया बाई साहू की चिमनी की आग से जल जाने से मृत्यु हो गयी इसलिए यह आर्थिक सहायता स्वीकृत की गयी हैं।

# कोरोना संक्रमण को निःशुल्क काढ़ा का वितरण किया

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




कोरोना महामारी को मात देने के लिए जनसेवक के रूप में पहचाने जाने वाले प्रकाश मेघानी और उनकी टीम द्वारा निःशुल्क काढ़ा वितरण की शुरुआत आज नगर के स्टेशन चौक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में की। जिसमे सैकड़ों लोगों ने काढ़ा प्राप्त किया। मेघानी ने बताया की काढ़ा वितरण पूरे सप्ताह भर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा। प्रकाश मेघानी व उनकी टीम कोरोना काल के दौरान लॉक डाउन के प्रथम चरण से ही जरूरतमंद लोगो को सहयोग करते रहे है।

वही लोगों को मास्क वितरण कर कोरोना से कैसे लड़ा जाए इस बारे में जागरूक करने मुहिम भी चलाई थी। आज के काढा वितरण कार्यक्रम में जनसेवक प्रकाश मेघानी, मयंक मेघानी, राजेश जेठवानी, संजय भोजवानी, उत्कर्ष रामानी, टीकम निहिचलनी, दिनेश सोनी उपस्थित रहे।

## जिले में 129 नए कोरोना मरीजों की पहचान

**बलौदाबाजार।** जिले में आज कोरोना के 129 नए मरीजों की पहचान की गई है। वहीं 7 मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। सबसे ज्यादा 37 मरीज भाटापारा विकासखण्ड से हैं। इसके बाद कसडोल विकासखण्ड से 34 मरीज, पलारी विकासखण्ड से 20 मरीज, बलौदाबाजार विकासखण्ड से 19 मरीज, बिलाईगढ़ विकासखण्ड से 10 मरीज और सिमगा विकासखण्ड से 9 मरी?ों की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। इन्हें मिलाकर जिले में अब तक 2206 लोग कोरोना महामारी से संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 942 मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। फिलहाल 1240 मरीज सक्रिय हैं, जिनका उपचार जिला कोविड अस्पताल सहित विकासखण्डों में संचालित कोविड केयर सेण्टरों और होम आइसोलेशन में किया जा रहा है। कोरोना की जांच हेतु आज 805 लोगों का सैंपलिंग किया गया । सबसे ज्यादा 365 जांच कसडोल में किया गया ।

# खरोरा मंडल ने प्रधानमंत्री मोदी का जन्म दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा खरोरा मंडल द्वारा देश के प्रधानसेवक एवं नवींन भारत के निर्माता नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में सेवा दिवस के जैसे मनाया जिसमे ग्राम पंचायत ताराशिव में मितानिनों का सम्मान कर वृक्षारोपण किया गया जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गुलाब टीकरीहा उपस्थित रहे साथ ही भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र वर्मा जी, भाजयुमो अध्यक्ष दीपक तिवारी, मंत्री चंद्रकांत साहू,वालंटीयर सह संयोजक यशवंत कन्नौजे, सरपंच मनीष वर्मा, ग्राम प्रमुख एवं पंचों ने सफाई अभियान चला करके मनाया गया ।

## 80 लीटर महुआ शराब जब्त

**सरायपाली।** पुलिस को मुखबिर की सूचना पर ग्राम लिमऊगुड़ा में आरोपी हनुसिंह निषाद के घर बाड़ी में रखा महुआ शराब एक हरा रंग के ड्रम 30 लीटर वाली में भरा हुआ 30 लीटर ए02 दो सफेद रंग के 10 .10 लीटर के जरकीन में भरा हुआ 20 लीटर वाली में 15 लीटर एवं एक 05 लीटर के पीला जरकीन में भरा हुआ 05 लीटर जुमला 70 लीटर महुआ शराब जप्त कर आरोपी हनुसिंह पिता बोधन निषाद पर कार्यवाही किया है। बिछियां से करनापाली की ओर कुछ लोगों को मोटर सायकल से शराब अवैध रूप से शराब परिवहन करने की सुचना पर ग्राम माधोपाली में घटनास्थल पर आरोपीगण के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर मोटर सायकल को जप्त कर आरोपी परदेशी यादव पिता पूरन यादव निवासी तथा मुन्ना लाल पटेल पिता जलहल पटेल निवासी करनापाली के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# तिल्दा नेवरा में विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास मनाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाया गया जो की नगर के एकमात्र विश्वकर्मा मंदिर गायत्री मंदिर नेवरा के पास है जहां पर नगर के सिविल ठेकेदारों के द्वारा हर वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बड़े धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया जाता रहा है लेकिन इस वर्ष कोरोना महामारी के चलते किसी भी प्रकार का कोई बड़ा आयोजन नहीं किया गया एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मंदिर में एक एक कर श्रद्धालु गण पहुंचते रहे वह सुबह से ही बड़े धूमधाम से सिर्फ पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं ग्रामीण क्षेत्र में भी इस बार सिर्फ पूजा पाठ का ही आयोजन रखा गया वह कई जगह भगवान विश्वकर्मा की छोटी-छोटी मूर्तियां का स्थापना किया गया जिसे शाम को ही विसर्जन कर दिया गया नगर में गायत्री मंदिर परिसर में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बड़ी-बड़ी कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा लेकिन इस वर्ष बड़े ही सादगी के साथ आयोजन किया गया वह सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन किया गया मास्क का भी उपयोग मंदिर परिसर में करते हुए सभी श्रद्धालु नजर आए।

### नरेन्द्रमोदी का जन्मदिवस सेवा सप्ताह के रूप में मनाया

# गार्डन चौक में प्रतीकात्मक केक काटकर प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी के70वां जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में बलौदाबाजार के गार्डन चौक पर प्रतीकात्मक रूप से केककाट कर मोदी की सुदीर्घ आयु की कामना की गई। साथही प्रधानमंत्री की दिव्यांगों के प्रतिसंवेदन शीलता स्वरूप स्थानीय दिव्यांगों को सहायता उपकरण व ट्राईसायकल वितरण किया गया। तत्पश्चात बलौदाबाजार स्थित वृद्धाश्रम में रहवासी वृद्धों को ममत्वस्वरूप मिठाई व फल भेंट किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. सनमजांगड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द टिकरिहा, जिला उपाध्यक्ष उमेश बाजपेयी,जिला मंत्री कृष्णा अवस्थी, भाजयुमो प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख अश्वनी शर्मा, टेसूलाल धुरंधर, धनंजय साहू, चितावर जायसवाल नगरपालिका अध्यक्ष, नंदकुमार साहू पूर्वजनपद व नगरपालिका अध्यक्ष, संकेत शुक्ला मंडल अध्यक्ष शहर, संतोष पटेल, पवन वर्मा, शशि भूषण शुक्ला, पुनीतराम यादव महामंत्री, पार्षद सविता साहू,पार्षद सतीश पटेल,डोमन वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, मुकेश जायसवाल, नरेश केसरवानी, नरसिंह वर्मा, प्रदीप साहू, नरोत्तम बघेल, जेपी धुरंधर, लक्ष्मीकांत वर्मा, रेवाराम साहू, राकेश ध्रुव, केस कुमार जायसवाल, अभिषेक तिवारी, हेमंत टिकरिहा, प्रणव अवस्थी, अमन तिवारी, भुनेश्वर ध्रुव, सत्या कोसले, अजय गर्ग, पी.के.साय, संजय साहू, भीमकन्नौजे, विकासगुप्ता, मानससेन, श्रीमतीसरितामार्के, धनीराममार्के, कमल भारद्वाज, घनश्याम भारती, अंशु ताम्रकार, वासु ठाकुर, राजेश्वर बंजारे, तुकाराम वर्मा, गिरजा शंकर आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने इस अवसर पर भाजपा के सभी पदाधिकारीगण, वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्तागणों से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी के जन्मदिवस ''सेवासप्ताह'' मेंअपनी सहभागिता देवें।

## लवन के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया






**डोंगरीडीह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे 'सेवा सप्ताह' कार्यक्रम... के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी मण्डल - लवन के कार्यकर्ताओं द्वारा आज स्वच्छता अभियान चला कर जन जागृति की पहल स्वरूप स्वच्छता की महत्ता हेतु आमजन को प्रेरित किया गया । स्वच्छता व्यक्ति को अपनी सोच और आचरण में बसाना होगा और अपने निजी जीवन का एक हिस्सा बनाना होगा, स्वच्छता को सेवा भाव से करने से ही समाज में स्वच्छ वातावरण तैयार होगा। इसी तारतम्य में आज कार्यकर्ताओं द्वारा मण्डल अध्यक्ष विजय यादव के सक्षम नेतृत्व व मार्गदर्शन में लवन नगर स्थित धर्म व आस्था के प्रतीक स्थल बाबा गुरु घासीदास जी के जैतखाम व प्रतिमा सहित सम्पूर्ण परिसर , स्थानीय बस स्टैंड , सहित मुख्य मार्ग में झाड़ू लगाकर तथा जगह-जगह लगे कचरों के ढेर को उठाकर उनका उचित निष्पादन कर समाज को उत्तम स्वास्थ्य , स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश देने का प्रयास किया गया । इस पूण्य कार्य के पश्चात जायसवाल काम्प्लेक्स में सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मोदी जी के छायाचित्र को उनकी प्रतीकात्मक उपस्थिति मानकर केक काटकर , नारेबाजी , आतिशबाजी कर उत्साहपूर्वक उनके जन्मदिवस का कार्यक्रम मनाया गया । इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, जिला महामंत्री (किसान मोर्चा) गिरधारी वर्मा, मण्डल अध्यक्ष विजय यादव, महामंत्री हेमन्त साहू, संतोष वर्मा उपाध्यक्ष जीवनलाल साहू, पूर्व पार्षद पारस ताम्रकार, दिलीप बंदे, कोषाध्यक्ष हरप्रसाद साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रशांत यादव कोषाध्यक्ष रामलाल कुर्रे, अनुपम बाजपेयी, विकास अग्रवाल, धनेश टन्डन, केशव सेन, राजकपूर साहू, अशोक कुर्रे , डेमियन अनन्त, शिवकुमार साय, उपसरपंच गजानंद वर्मा, मनीराम वर्मा, रामु, उमेश वर्मा, तोषकुमार यादव, कुंजबिहारी पटेल, पतालु यादव आदि कार्यकर्तासाथी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग दंम्पत्तियों को विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत् 1 लाख का चेक सौंपा गया

## छत्तीसगढ़ निःशक्त जन वित्त एवं विकास निगम के तहत् हितग्राहियों को अनुदान राशि का सौंपा गया चेक

### विधायक भगत एवं कलेक्टर ने सभी को दी अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जशपुर विधायक विनय भगत ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दिव्यांग दंम्पती, विकासखंड कांसाबेल के ग्राम पंचायत खुटेरा के सिहारबुड़ निवासी दिव्यांग सुरजीत कुमार भगत एवं उनकी पत्नी इंदुमति को 1 लाख सहायता राशि का चेक सौंपा गया। विधायक भगत ने दिव्यांग दंपत्तियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कलेक्टर महादेव कावरे, महेन्द्र अग्रवाल, सूरज चैरसिया, मुरारी अग्रवाल, समाज कल्याण विभाग की उप संचालक सुचिता लकड़ा उपस्थित थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अंतर्गत दिव्यांग हितग्राही के द्वारा लोन लिया गया था। समय पर किश्त भुगतान करने के उपरांत हितग्राहियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा सब्सिडी भी दिया गया। विधायक विनय भगत ने हितग्राहियों को अनुदान राशि का चेक भी सौंपा। इनमें मनोरा विकासखंड के ग्राम जकबा के गोपाल राम यादव को 4 हजार 712 रुपए का अनुदान राशि का चेक दिया गया। इसी प्रकार रंजीत प्रसाद गुप्ता को टेंट एवं कैटरिंग के लिए 13 हजार 547 रुपए का चेक और कांसाबेल विकासखंड के चोंगरी बहार के मनोज प्रसाद को पिकअप वाहन के लिए 16 हजार 835 रुपए का चेक सौंपा गया।

इसी प्रकार दुलदुला विकासखंड के ग्राम करडेगा श्री राजेद्र राम मांझी को किराना दुकान के लिए 6 हजार 612 रुपए का चेक, दुलदुला विकासखंड के ग्राम करडेगा के श्री अनिल कुमार गुप्ता को ट्रेक्टर ट्राली के लिए 22 हजार 860 रुपए, जशपुर विकासखंड के ग्राम कोमड़ो के लालमईत को किराना व सब्जी दुकान के लिए 3 हजार 460 रुपए और महेश्वर सिंह को किराना दुकान के लिए 3 हजार 288 रुपए का अनुदान राशि का चेक सौंपा गया।

# कलेक्टर ने कुनकुरी दुलदुला और जशपुर विकासखंड का निरीक्षण करके गिरदावरी कार्य की ली जानकारी

### राजस्व अधिकारियों पटवारियों को गंभीरता से गिरदवरी कार्य करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com







कलेक्टर महादेव कावरे ने आज जशपुर, कुनकुरी, दुलदुला विकासखंड का निरीक्षण करके गिरदावरी कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों और पटवारियों को गंभीरता से गिरदावरी कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों में लगे वास्तविक धान की खेती का गिरदावरी करके भुईयां सॉफ्टवेयर में ऑनलाईन डेटा एन्ट्री किया जाना है। उन्होंने किसान के खेत के आस पास सड़क, पहाड़ को छोड़कर वास्तविक खेती रकबे का गिरदावरी करने के निर्देश दिए है।

निरीक्षण के दौरान जशपुर विकासखंड के ग्राम गुटरी के किसान सत्तानीश के खसरा नंबर 298/3, तरसियूस के 298/2, दुलदुला विकासखंड के ग्राम पतराटोली के किसान अविराम स्वर्णसाय, खसरा नंबर 554,557 दुलदुला विकासखंड के ग्राम चरई डांड के अविनाश साहू खसरा नंबर 614/1, इसी प्रकार कुनकुरी विकासखंड के ग्राम बोड़ोकछार के किसान बसंत खसरा नंबर 21/1, 21/2, इसी प्रकार कुनकुरी विकासखंड के रायकेरा के किसान सेवाभूमि, शशिकान्त के खसरा नंबर 76, 77/1 के खेतों के गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आई.एल. ठाकुर, कुनकुरी एसडीएम रवि राही, तहसीलदार जशपुर लक्ष्मण राठिया, तहसीलदार दुलदुला विकास जिंदल, तहसीलदार कुनकुरी अविनाश चैहान सहायक अधीक्षक संजय कुमार मोध्या उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात अपडेटस में जशपुर को सराहा

### जशपुर में मोटर सायकल पर बोर्ड लेकर विरेन्द्र भगत बच्चों को पढ़ाने निकल पढ़ते है

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात अपडेटस में जशपुर जिले में लॉकडाउन के दौरान बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए किए गए नवाचार की सराहना करते हुए ट्वीटर के माध्यम से कहा है कि "लॉकडाउन के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा रहे है लेकिन छत्तीसगढ़ में खुद स्कूल बच्चों के पास पहुंच रहा है जशपुर जिला के शासकीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक विरेन्द्र भगत जी अपने मोटर सायकल पर बोर्ड लेकर बच्चों को पढ़ाने निकल पढ़ते हैं"।




# जिले में अब तक 1208.3 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में अब तक 1208.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 18 सितम्बर तक औसत वर्षा 899.2 मिमी हुई है। बीते 24 घंटे में जिले में 8.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

# क्वारेंटाइन सेंटर में 21 पुरूष को रखा गया है

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे के निर्देशन में जशपुर जिले में विभिन्न विकासखंडों में लगभग 17 क्वारेंटाईन सेंटर बनाया गया है और केन्द्र जहां मजदूर ठहराए गए हैं वहां 03 क्वारेंटाईन सेंटर में लगभग 21 श्रमिकों, मजदूरों यात्रियों को रखा गया है। इनमें जशपुर विकासखंड के 2 क्वारेंटाईन सेंटर में 0 लोगों को रखा गया हैं। इसी प्रकार मनोरा के 2 क्वारेंटाईन सेंटर में 0 लोगों को, दुलदुला विकासखंड के 2 क्वारेंटाईन सेंटर में 0 लोगों को, कुनकुरी विकासखंड के 2 क्वारेंटाईन सेंटर में 0 लोगों को, फरसाबहार विकासखंड के 3 क्वारेंटाईन सेंटर में 12 लोगों को कासांबेल विकासखंड के 02 क्वारेंटाईन सेंटर में 0 लोगों को, पत्थलगांव विकासखंड के 2 क्वारेंटाईन सेंटर में 09 लोगों को एवं बगीचा विकासखंड के 02 क्वारेंटाईन सेंटर में 0 है।

# प्राकृतिक आपदा में प्रभावित 4 परिजनों के लिए 16 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** प्राकृतिक आपदा में जनहानि के 4 मामलों में आरबीसी 6-4 के तहत् प्रभावित परिजनो के लिए 16 लाख की रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें सर्पदंश में बगीचा तहसील के ग्राम सामरबार निवासी कुमारी आरती की मृत्यु 25 मई 2020 को हो जाने पर मृतक के परिजन दीपक के लिए 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बगीचा तहसील के ग्राम समदुरा निवासी बलसाय की मृत्यु 21 जुलाई 2020 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस प्रमिला किण्डो के लिए 4 लाख, बगीचा के ग्राम सुलेसा निवासी दीपक राम की मृत्यु 18 सितम्बर 2018 को जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक की माता रतिलो बाई के लिए 4 लाख की की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही आकाशीय बिजली से बगीचा के ग्राम मलसेमा मुढ़ी निवासी सवना राम की मृत्यु 21 सितम्बर 2019 को जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता भुडू हेतु 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# कलेक्टर महोबे ने ग्राम बिटाल में गिरदावरी कार्य का किया निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम बिटाल में खेतों तक पहुँचकर गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने वर्तमान फसल का अवलोकन किया और खसरा नम्बर की जॉच की। उन्होंने मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग के कर्मचारियों को त्रुटिरहित गिरदावरी कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिकार्ड एवं मौके का मिलान समान हो। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित तहसीलदार प्रतिमा ठाकरे को गिरदावरी कार्य का मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए।

# घनश्याम पांडेय एवं मनोज जायसवाल ने की एसडीएम से मुलाकात

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति अनुविभाग के नव पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीएस मरकाम के 14 सितंबर को पदभार ग्रहण करने के बाद 16 सितंबर को शक्ति विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित घनश्याम प्रसाद पांडेय, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज जायसवाल, जनपद पंचायत शक्ति के अध्यक्ष राजेश राठौर एवं पूर्व जनपद सदस्य नारायण सिदार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पहुंचकर एसडीएम से मुलाकात की तथा उनका शक्ति में अभिनंदन एवं स्वागत किया इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज जायसवाल ने इस अवसर पर नव पदस्थ एसडीएम बीएस मरकाम का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में आने वाले समय में शक्ति अनुविभाग में छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप एवं राज्य की कांग्रेसनीत सरकार के जनकल्याणकारी कार्यो का सक्रियता के साथ सुचारू रूप से क्रियान्वन होगा, साथ ही शक्ति राजस्व विभाग के कार्यों का भी लाभ आम जनता को मिलेगा, इस अवसर पर पंडित घनश्याम प्रसाद पांडेय एवं जनपद पंचायत शक्ति के अध्यक्ष राजेश राठौर ने भी एसडीएम का अभिनंदन स्वागत करते हुए उनके कुशल मार्गदर्शन में लोगों को राजस्व कार्यालय का लाभ मिलने की बात कही, वहीं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज जायसवाल ने कहा कि नव पदस्थ एसडीएम के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग के अंतर्गत लोगों को उनके कार्यों के त्वरित निराकरण में भी सहायता मिलेगी।



नव पदस्थ एसडीएम को दी शुभकामनाएं

तथा इस दौरान कांग्रेस के मिलने गए प्रतिनिधिमंडल से नव पदस्थ एसडीएम बीएस मरकाम ने कहा कि सभी के सहयोग से ही वे अपने दायित्वों का सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगे, एवं छत्तीसगढ़ शासन ने उन्हें शक्ति अनुविभाग के राजस्व अधिकारी के रूप में जो दायित्व दिया है वह पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेंगे तथा राजस्व अनुभाग के अंतर्गत आने वाले लोगों को उनकी समस्याओं का यथासंभव यथा शीघ्र निराकरण हो इस हेतु तत्पर रहेंगे।

# कलेक्टर ने ग्राम पतराटोली में स्व-सहायता समूह के द्वारा गोबर से लकड़ी बनाने के कार्य का अवलोकन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे ने दुलदुला विकासखंड के ग्राम पंचायत पतराटोली में उपवन महिला एवं बाल विकास समिति के द्वारा गोबर से लकड़ी निर्माण के कार्य का अवलोकन किया और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसअवसर पर अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, कुनकुरी एसडीएम रवि राही, दुलदुला तहसीलदार विकास जिंदल, कुनकुरी तहसीलदार अविनाश चैहान, सहायक अधीक्षक संजय कुमार मोध्या उपस्थित थे।



# कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारी कर्मचारियों के लिए लगा कोरोना जांच कैम्प

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में कोरोना संक्रमण की सुरक्षा की दृष्टिकोण देखते हुए शुक्रवार को कलेक्टोरेट में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा समस्त अधिकारी कर्मचारियों का कोरोना जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-21/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित ग्रामीण जनता ग्राम-सारूडीह प.ह.नं. - 03 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेश्वर उर्फ रामसेवार उर्फ संवार आ. झंगरु लोहार, जाति-लोहार निवासी ग्राम-सारूडीह तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम-सारूडीह, प.ह.नं.-03 में स्थित भूमि-स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 23/1/ छ/5 रकबा 0.093 हे. को विक्रय किये जाने हेतु अनुमति प्रदाय किये जाने बाबत् कलेक्टर महोदय, जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जशपुर से जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 05.10.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 72/2020-2021
वार्ड का नाम - तात्यापारा वार्ड क्रमांक-37

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **तात्यापारा वार्ड 37** वार्ड स्थित भवन / भूमि **37/701** जो कि निगम अभिलेख में **श्री /श्रीमती सुमित्रा बाई पति स्व. नामदेव** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती शारदा बरगर पति स्व. अशोक बरगर एवं पायल, सुनिता, नीलम बरगर पिता स्व. अशोक बरगर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानाम / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल उदय भारतम पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय सी-310, सिग्मा-2, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, यू.पी.-201308 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है- पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैः-

अध्यक्ष : डा0 राजेन्द्र प्रसाद, पता : 6-1, अदुसुमिलि वारि विदेह, सिरिपुरम, मेडिकोंदूर मंडल, गुंटूर जिला, ए. पी.-522401

महासचिव : श्री आलोक कुमार, पता : पी-166, संजय नगर, गाजियाबाद, यू. पी.-201002

कोषाध्यक्ष : श्री पी0 सुरेशन, पता : बी 1107, औ एक्स वाई होमज, निकट कोयल एंक्लेव, गाजियाबाद-201102

यदि किसी को उदय भारतम पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**मोर Raipur SMART CITY**

**OFFICE OF THE RAIPUR SMART CITY LIMITED**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in**

**No. 6732/Smart City/2020** **RAIPUR, DATED 18.09.2020**

Online bids are invited for the following of works up to 03.10.2020 at 17:30 hours.

| Sl. No. | NIT NO | System Tender No. | Name of work/Description of Work | EMD Amount | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 329/RSCL/2020 | 67898 | "Selection of Agency for Installation Operation and Maintenance of Electric Vehicle Charging Station" at various Identified locations in Raipur, on Annual License fee basis (2nd Call) | 6.00 Lakhs | 60 month (including rainy season) |

The details can be viewed & downloaded online directely from the Government of Chhattisgarh e-Procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in from 18.09.2020 17:30 Hours (IST) on wards.

**Manager (Electrical)**
**Raipur Smart City Limited**

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण हेतु कार्य की सूची**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. पुअ/गरि/86/AC-1/2020** **गरियाबंद, दिनांक 14.09.2020**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग/R.E.S. में पंजीकृत ई पंजीयन के तहत् डी वर्ग या ऊपर श्रेणी के ठेकेदार प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन कार्य के एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर निम्नलिखित तिथि को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद दो लिफाफा पद्धति के तहत् रजिस्टर डाक/स्पीड पोस्ट/ By hand निविदाएं आमंत्रित की जायेगी। निविदा से संबंधित तिथियां निम्नानुसार हैः- 1. **निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि** :- 12.10.2020 अपरान्ह 05:00 बजे तक 2. **निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथिः**- 13.10.2020 अपरान्ह 03:00 बजे तक 3. **निविदा खुलने की तिथि** :- 13.10.2020 सायं 04:00 बजे से। (उपरोक्त में से किसी तिथि को शासकीय अवकाश घोषित होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में पूर्व निर्धारित समय तक मान्य किया जावेगा।

| स.क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | अमानत राशि टी.डी.आर. के रूप में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01. | सीआरपीएफ कैम्प पीपरछेड़ी में 01 नग ट्यूबलर स्ट्रक्चर्स बैरक निर्माण कार्य। | 9.00 लाख | 6750 |
| 02. | थाना इंदागांव में 01 नग ट्यूबलर स्ट्रक्चर्स बैरक निर्माण कार्य। | 9.00 लाख | 6750 |

**नोटः**-निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति कार्य - 750/- एवं कार्यपूर्ण करने का समय प्रति कार्य - 01 माह, वर्षा काल सहित होगी। निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें एवं जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गरियाबंद से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**पुलिस अधीक्षक**
**जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**जी-83752/3**

**LAKSHMI VILAS BANK**

**रायपुर शाखा**
**ई-नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा जारी की जा रही सूचना के माध्यम से निम्नवर्णित जब्त किए गए वाहनों की "जैसा है जहां है तथा जो भी है वहां है" आधार पर निम्नलिखित नियम एवं शर्तो के तहत बिक्री के लिए जनता से कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम एवं पता | वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर एवं टाइप | सुरक्षित मूल्य ईएमडी राशि | ई-नीलामी/परस्पर - बोलीदान की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शिल्पा वर्मा पत्नी श्री रविकान्त वर्मा 51 वार्ड 09 कृष्ण विहार, कालोनी मथुरा 51, बेमेतरा, छत्तीसगढ़-491385 | CG 04 LY 8991 ASHOK LEYLAND U 4019 | रू. 4,21,000.00 रू. 42,100.00 (ईएमडी) | 28 सितम्बर, 2020, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक |
| 2. | श्रीमती रूपाली खांडेकर पत्नी जगदीश सिंह निकट राजकुमार कालेज आरटीओ कार्यालय,एच. नंबर-2, 700 उचला तालाब, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 | CG 04 LU 3092 ASHOK LEYLAND 4019 TT | रू. 4,21,000.00 रू. 42,100.00 (ईएमडी) | 28 सितम्बर, 2020, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक |

ई-नीलामी पोर्टल : https://bankeauctions.com,
वाहन **"जैसा है जहां है"** तथा **"जो भी है वहां है"** शर्त पर बेचा जाएगा।

1. इच्छुक बोलीदाता ई-पोर्टल की वेबसाइट : https://bankeauctions.com पर जाकर ई-नीलामी में प्रतिभागिता हेतु पंजीकरण करवा सकते हैं।
2. इच्छुक बोलीदाता अपनी कोटेशन, **"लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड"** के पक्ष में आहरित डीडी/पीओ/बीसी के रूप में ईएमडी के साथ सीलबंद लिफाफे में **25.09.2020** को अथवा पूर्व कार्य समाप्ति के समय सेपहले जमा कर सकते हैं।
3. इच्छुक बोलीदाता को पैन कार्ड तथा आधार कार्ड की फोटोकॉपी भी जमा करनी चाहिए।
4. इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा जमा की जाने वाली ईएमडी की राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
5. ई-नीलामी संबंधी पूछताछ श्री विनोद . फोन +91 9813887931 लैंडलाइन नंबर : 0124-4302020/21/22/23/24, ई-मेल - delhi@c1india.com, support@bankeauctions.com को संबोधित करनी होगी। वाहन संबंधी पूछताछ हमारे शाखा प्रमुख, रायपुर शाखा को संबोधित करनी होगी . लैंडलाइन : +91-771-2582110/2582120, फोन : 8448287690
6. वाहन सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा।
7. सफल बोलीदाता को सफल बोली राशि की शेष राशि का भुगतान **30 सितम्बर, 2020** को अथवा पूर्व, कार्य समाप्ति के समय से पहले करना होगा।
8. बोलीदाता वाहन का निरीक्षण करने हेतु अपनी स्वयं की व्यवस्था, शाखा प्रमुख, एलवीबी, रायपुर शाखा के माध्यम से कर सकते हैं - लैंडलाइन : +91-771-2582110/2582120, फोन : 8448287690
9. असफल बोलीदाताओं की ईएमडी नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर तत्काल वापस कर दी जाएगी।
10. सफल बोलीदाता द्वारा 30 सितम्बर, 2020 को अथवा पूर्व बिक्री मूल्य के भुगतान में चूक की स्थिति में, ईएमडी जब्त कर ली जाएगी तथा वाहन की बिक्री पुनः की जाएगी और आस्ति के संबंध में चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त मान्य होंगे।
11. सफल बोलीदाता को वाहन की सुपुर्दगी उसके द्वारा सभी नियमों एवं शर्तो का पालन करने पर दी जाएगी।
12. बैंक का बिना कोई कारण बताए नीलामी/बोलियां - निरस्त/प्रास्थगित/स्वीकार/अस्वीकार करने अथवा नियम एवं शर्तें जोड़ने/समाप्त करने/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है।
13. यदि कर्जदार द्वारा प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि सभी लागतों, प्रभारों, उपगत खर्चो सहित प्रतिभूत लेनदार को आस्ति की बिक्री या अंतरण हेतु नियत तिथि से पहले किसी भी समय अदा कर दी जाती है, तो प्रतिभूत लेनदार द्वारा प्रतिभूत आस्ति बेची अथवा अंतरित नही की जाएगी तथा उसके द्वारा प्रतिभूत आस्ति की बिक्री अथवा अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

**तिथि : 18 सितम्बर, 2020**
**स्थान : रायपुर**

प्राधिकृत अधिकारी
लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड

## संपादकीय

# पाक की मानचित्र राजनीति, दुस्साहस के पीछे चीन

**चीन** का मुहरा बन कर पाकिस्तान खतरनाक भू-राजनीतिक खेल से भारत को परेशान कर रहा है, पर वह भूल जाता है कि इसका प्रभाव उस पर भी पड़ सकता है। अनुच्छेद 370 समाप्त करने पर कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण में विफल रहने के बाद उसने अब नक्शे के माध्यम से क्षेत्र संबंधी आक्रमण किया है। अगस्त में उसने नया नक्शा जारी कर कश्मीर, लद्दाख के हिस्सों तथा गुजरात में जूनागढ़ को अपना बता दिया था। भारत ने इसे उचित ही खोखली व निरर्थक एकपक्षीय घोषणा कहा था। बिना किसी तर्क, समर्थक समूहों व ऐतिहासिक तर्क या विधिक वैधता के अभाव में यह एक 'राजनीतिक मूर्खता' है। आतिथेय रूस के विरोध के बावजूद पाकिस्तान ने अपने दावों को वैध ठहराने के लिए इस मानचित्र को शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की वर्चुअल बैठक में वितरित किया। भारत ने यह कह कर बैठक का बहिष्कार किया कि पाकिस्तान के कदम ने एससीओ मानकों का उल्लंघन किया है जिसके अनुसार इसमें कोई द्विपक्षीय मुद्दा नहीं उठाया जा सकता है तथा सदस्य देशों की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। रूस-भारत-चीन धुरी के प्रभुत्व वाले एससीओ का गठन अमेरिकी प्रभुत्व वाले नाटो के जवाब में बनाया गया था। इस बहुराष्ट्रीय संगठन में दुनिया की लगभग 44 प्रतिशत जनसंख्या शामिल है और यह आर्कटिक महासागर से हिंद महासागर तक तथा प्रशांत महासागर से बाल्टिक सागर तक फैला है। चीन इसका प्रयोग अमेरिका के खिलाफ अपने प्रभुत्व के लिए कर रहा है। मध्य एशियाई गणतंत्रों व अन्य क्षेत्रीय शक्तियों को कर्ज के जाल में फंसा कर अपना मुहरा बनाने के बाद वह रूस को निष्प्रभावी करने का प्रयास करते हुए अब भारत को परेशान कर रहा है। इसके लिए उसने अपने मुहरे पाकिस्तान का प्रयोग किया है। चीन रूस को समझा रहा है कि वह भारत के साथ अपने रक्षा संबंधों को कमजोर करे तथा सीमा पर टकराव के बाद उसने नक्शा राजनीति शुरू की है। रूस व्यावहारिकता बरतते हुए चीन और भारत के साथ बहुध्रुवीय दुनिया में अपनी प्रासांगिकता बनाए रखने का प्रयास कर रहा है तथा इस मामले में चीन का मुकाबला कर रहे भारत की सहायता करता है। लेकिन चीन निश्चित रूप से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की गरिमामय उपस्थिति नहीं चाहता है। हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी ने कहा था कि नक्शा आक्रमण केवल पाकिस्तान का कदम न हो कर एक बड़ी योजना का हिस्सा है। 'नए नक्शे में कश्मीर की चीन के साथ सीमा दिखा कर' नेपाल की तरह संकेत दिया गया है कि यह चीन के इशारे पर नक्शा पुनः बनाने का प्रयास है। पाकिस्तान द्वारा पेश नक्शे का अर्थ स्पष्ट रूप से भारत के खिलाफ दो मोर्चों पर हमला है। पाकिस्तान ने हाल ही में 20,000 सैनिक तैनात कर एलएसी पर तनाव बढ़ाया है। उसके द्वारा युद्धविराम उल्लंघनों तथा घुसपैठ प्रयासों में इस साल 60 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जबकि ऐसा बालाकोट हमलों के बाद भी नहीं हुआ था। चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी में चीन के भारी निवेश के कारण वह कर्ज के जाल में फंस गया है तथा खुशी से चीन से और कर्ज लेकर अपनी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था संभाल रहा है। इस प्रकार पाकिस्तान चीन का मुहरा बन गया है। लेकिन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान भूल जाते हैं कि इस प्रकार की एक-पक्षीयता भारत की ओर से भी एक-पक्षीयता को आमंत्रित करती है और उसके हितों को नुकसान पहुंचा सकती है। नया नक्शा 1947-48 के दुःसाहस के सिवा और कुछ नहीं है जिसने बाद में 1972 के शिमला समझौते समेत अन्य द्विपक्षीय समझौतों को धक्का दिया है। यदि इमरान खान नहीं चाहते हैं कि द्विपक्षीय विवादों का द्विपक्षीय समाधान हो तो उनको जल-साझा समेत अन्य द्विपक्षीय समझौतों पर भी ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान का नवीनतम नक्शा आक्रमण भारत व अमेरिका के बीच बढ़ती निकटता के कारण भी है।

# शिक्षकों के लिए भी सीखना जरूरी

## नई शिक्षा नीति उम्मीद करती है कि हर शिक्षक जीवन व आजीविका पर नया दृष्टिकोण विकसित कर प्रयोग-आधारित माड्यूल का अनुसरण करे।



**जेएस राजपूत**
(लेखक शिक्षा व सामाजिक एकजुटता हेतु कार्यरत हैं)



पिछले लगभग 6 दशकों से किसी नीति के क्रियान्वयन के लिए इतनी प्रबल राष्ट्रीय प्रतिबद्धता नहीं दिखी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 को यह स्थान मिला है। भारत के राष्ट्रपति ने इस पर देश को संबोधित किया, प्रधानमंत्री एक सप्ताह में दो बार संबोधित कर चुके हैं तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री और उनकी टीम लगातार चौबीसों घंटे व सातों दिन विभिन्न विषयों पर राष्ट्रीय स्तर के वेबिनारों में भाग ले कर स्पष्ट कर रहे हैं कि क्रियान्वयन के चरण पर कैसे काम किया जाएगा। देश ने समझ लिया है कि समतापूर्ण प्रगति तथा विकास के लिए उसे 'शिक्षा, शिक्षा और शिक्षा' पर जोर देना होगा। अब भारत ऐसे शिक्षकों का विशाल समूह तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल डिग्री-धारक बल्कि समुचित 'व्यक्तित्व' वाले होंगे। इनके भीतर एक समग्र, बहु-आयामी व बहु-विषयी दृष्टिकोण समाहित होगा।

शिक्षक तैयार करने के नए दृष्टिकोण के अनुसार हर शिक्षक से जीवन व आजीविका के प्रति नया दृष्टिकोण विकसित करने की उम्मीद है। वे शिक्षा के उच्च लक्ष्यों को आत्मसात करेंगे। इसका केन्द्र 'सर्व भूत हिते रतः' पर विश्वास होगा। प्राचीन परंपरा के अनुसार, वे आजीवन सीखते रहेंगे- 'यावज्जीवेत अध्येते विप्रः'। एक क्रांतिकारी लक्ष्य तैयार किया गया है कि 2030 तक सभी शिक्षक बहु-विषयी कालेजों व विश्वविद्यालयों में चार-वर्षीय समन्वित कार्यक्रमों के माध्यम से तैयार कर लिए जाएंगे। एनईपी के विभिन्न भागों पर गौर करते हुए यह उम्मीद सबके लिए महत्वपूर्ण हो जाती है।

इस लक्ष्य के लिए समाज और अवस्थापना का मजबूत समर्थन जरूरी है। 'निष्ठा एवं विश्वसनीयता में सुधार के लिए शिक्षक पेशे को सम्मान देना जरूरी है। खराब व नाकारा शिक्षक शिक्षण संस्थानों-टीईआई के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने वाली नियामक व्यवस्था बनाई जाएगी जो उनको कमियां दूर करने के लिए एक साल का समय देगी। 2030 तक केवल शैक्षिक रूप से मजबूत, बहु-विषयी व समन्वित शिक्षक शिक्षण कार्यक्रम ही लागू होंगे।' टीईआई के लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। नेशनल कौंसिल फार टीचर एजुकेशन-एनसीटीई ने 1998-99 के दौरान सफलतापूर्वक अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए मानक-विहीन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम बंद कराए थे। शिक्षक-शिक्षकों द्वारा यह जिम्मेदारी स्वीकार करने के बाद पूरी व्यवस्था बदल जाएगी। उनको याद रखना होगा कि शिक्षक-शिक्षण की संस्तुतियां नौजवानों की महत्वाकांक्षाओं व उम्मीदों से उभरती हैं। स्व. जस्टिस जे.एस.वर्मा ने कहा था, 'बहुसंख्य टीईआई गंभीर शिक्षक-शिक्षण के बजाय मूलतः केवल पैसा लेकर डिग्री बेचते हैं जिनकी संख्या 10,000 से अधिक है।' दुःख की बात है कि इनकी डिग्रियों को वरिष्ठ शिक्षक, शिक्षक-शिक्षक, प्रोफेसर व अन्य विद्वान प्रमाणित करते थे। नीति ने अपना काम कर दिया है और अब शिक्षकों, शिक्षक-शिक्षकों तथा पेशेवरों की जिम्मेदारी है कि वे भविष्य की नियामक व्यवस्थाओं को कमजोर होने से बचाएंगे।

शिक्षा नीति में वैकल्पिक नियामक ढांचों का सुझाव दिया गया है जो भविष्य में बहु-विषयी शिक्षकों को तैयार करने वाले संस्थान व विश्वविद्यालय गठित करेंगे। स्वायत्तता को महत्व देते हुए शिक्षकों की हर स्तर पर जिम्मेदारी होगी कि वे बहु-आयामी विकास करें। नीति की आम संस्तुतियों में शिक्षक-शिक्षण में मूल परिवर्तनों के प्रति गंभीरता बरती गई है। विषयवस्तु व शिक्षा विधि में परिवर्तन से नए शिक्षकों में नए दृष्टिकोण का विकास होगा। अब लगातार सीखने पर जोर दिया जाएगा। परीक्षायें राष्ट्रव्यापी चिन्ता और तनाव का कारण नहीं बनेंगी। स्कूलों में मूल्यांकन व्यावहारिक ज्ञान पाने व उसे अंतर्निहित करने पर केन्द्रित होगा।

देश में परीक्षाओं का वर्तमान पैटर्न विदेशी शासकों ने थोपा था। इसे ब्रिटेन में बहुत पहले ही अस्वीकार कर दिया गया था, पर भारत में यह अब भी लागू था। शिक्षकों व शिक्षक-शिक्षकों पर भविष्य में बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी कि वे पाठ्यक्रम का बोझ कम करें तथा यह सुनिश्चित करें कि पाठ्यपुस्तकें व पाठ्य सामग्री में न नए ज्ञान की कमी हो और न उनमें अपारदर्शी विषयवस्तु का बोझ हो। सीखने और सिखाने में परस्पर संवाद को ज्यादा स्थान मिले तथा इसका ज्यादातर संबंध बंद कक्षा के बाहर से हो। स्कूलों में कौशल विकास तथा व्यावसायिक शिक्षा को जल्दी शामिल करने के लिए टीईआई को अपना पाठ्यक्रम सुनिश्चित करना होगा। यह केवल तभी संभव होगा जब भर्ती की प्रक्रियाओं को सुसंगत बनाया जाए तथा पेशेवर शिक्षक-छात्र अनुपात का पूरी तरह क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। हमें सरकारी फंडिंग से चलने वाले स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता तथा विश्वसनीयता में गिरावट स्वीकार करने से नहीं हिचकना चाहिए।

ज्ञान की प्राचीन भारतीय परंपरा और खोज के चार चरण-अध्ययन, मनन, चिंतन व उपयोग थे। इनकी प्रासांगिकता शाश्वत बनी हुई है। यह भावी पीढ़ियों को ज्ञान हस्तांरित करने की प्रक्रिया का मूल अंश है। इसलिए प्रत्येक शिक्षक से आशा की जाती है कि वह भारतीय शिक्षा का मूल दर्शन समझेगा। नई शिक्षा नीति में इसकी पूर्ण अभिव्यक्ति की गई है। इस संदर्भ में मुझे महर्षि अरविंद के तीन कथन याद आते हैं। पहला, प्रक्रिया की शुरुआत 'निकट से दूर' होनी चाहिए जो मातृभाषा व अन्य अवधारणाओं पर लागू होती है। उनका दूसरा सिद्धान्त था कि 'कुछ भी सिखाया नहीं जा सकता है'। प्रत्येक सक्रिय, सतर्क व जीवन्त शिक्षक को इसकी मूल धारणा समझनी चाहिए। यह 'भीतर उपस्थित खजाने से सीखना' है। बच्चे के भीतर इसी संपूर्णता को खोजने की आवश्यकता है जिसमें शिक्षक सहायता, समर्थन, निर्देशन, आदि कर सकते हैं। जब श्री अरविंद कहते हैं कि 'मस्तिष्क से उसके विकास के बारे में पूछा जाना चाहिए' तो वे स्पष्ट रूप से जोर देते हैं कि 'बच्चे को जानना' कितना जरूरी है। इसी समझदारी के चलते स्कूली शिक्षा को 5334 के ढांचे में ढाला जाएगा। इसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण तीन वर्ष की आयु के बाद वाले तीन वर्ष हैं। भारत को इस आयुवर्ग के लिए अत्यन्त विशिष्ट शिक्षकों की आवश्यकता है।

कुछ वर्ष पहले भारत ने खुली व दूरस्थ शिक्षा के महत्व का अनुमान लगाया था। सारी दुनिया का ध्यान आनलाइन लर्निंग पर केन्द्रित होने के समय वह अनुभव बहुत काम आया है। डिजिटल प्लेटफार्मों व ई-कंटेंट की शुरुआत तेजी से हो चुकी थी जिसने कोरोना संकट के समय बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है क्योंकि बच्चे केवल अपने घरों तक सीमित हो चुके थे। शिक्षा विज्ञान में अभूतपूर्व परिवर्तन आ रहे हैं तथा स्कूलों से जुड़े शिक्षकों को नए कौशल अवश्य सीखने चाहिए। वर्तमान समय में जहां तकनीक और उपकरण अत्यधिक बदल गए हैं और वे पहचान में नहीं आते हैं, वहीं शिक्षा विज्ञान के सिद्धान्त पहले की तरह शाश्वत हैं।

# इस्लाम के पवित्र स्थलों पर वहाबियों का कहर

**हसन खुर्शीद**
(लेखक विधि पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहा दी गई थी। दुनियाभर में बुद्धिजीवियों ने जाति, प्रजाति एवं धर्म से ऊपर उठकर उस विध्वंस की आलोचना की थी, और सर्वोच्च न्यायालय ने भी। कोई भी समझदार व्यक्ति बाबरी मजिद विध्वंस को सही नहीं ठहराएगा लेकिन सऊदी अरब में नरसंहार के जघन्य अपराध, ढेर सारे पवित्र धार्मिक स्थलों एवं धरोहरों तथा अतीत के अवशेषों को नष्ट किया गया है। यह काम 18वीं सदी के मध्य में यहूदी पूर्वजों के वहाबी/सलाफी हुक्मरानों की शय पर किया गया था जो इस्लाम का चोगा पहने हुए थे, जिन्होंने आतंकवाद पर आधारित आस्था का नया एवं विकृत प्रतिरूप लागू किया। ढहाए गए एवं तिरस्कृत किए गए पवित्र इस्लामी धर्मस्थलों में पैगंबर मोहम्मद का जन्म स्थान भी शामिल था।

इस्लाम के नए एवं विकृत प्रतिरूप, वहाबीवाद को उद्देश्य आतंकवाद का इस्तेमाल कर दुनियाभर में राजनीतिक शक्ति हासिल करना है। कुख्यात आतंकवादी, अबु बक्र अल बगदादी इस पैशाचिक योजना का ही एक उदाहरण है। इस नकारात्मक वैचारिकता का सृजन शेख नजीबी इब्न अब्देल वहाब द्वारा बद्दू कबीलाई नेता मुहम्मद इब्ने सऊद के साथ मिलकर किया था। वहाबी वैचारिकता इस्लाम के मूल सिद्धांतों का हिस्सा नहीं है, यद्यपि इसे मानने वाले धूर्ततापूर्वक सुन्नी इस्लाम के आवरण तले अपनी असली पहचान छिपाने के लिए इसे समायोजित करने का प्रयास करते हैं और अपने आतंकी संगठनों के नाम विचित्र इस्लामी नामों से जोड़ते हैं, यथा इस्लामिक स्टेट आफ इराक एंड सीरिया, आदि।

वहाबी वैचारिकता में घोषणा की गई है, 'हमारी वैचारिकता का पालन करो वर्ना मरने के लिए तैयार हो जाओ।' प्रख्यात ब्रिटिश इतिहासकार एवं लेखक चार्ल्स ऐलेन के अनुसार, आईएसआईएस, तालिबान, अलकायदा, लश्करे तेय्यबा, बोको हरम, आदि सरीखे सभी खतरनाक संगठन वहाबी वैचारिकता का अनुसरण करते हैं। और, अबु बक्र बगदादी के आईएसआईएस ने, वहाबी वैचारिकता का अनुसरण करते हुए 20 लाख से अधिक लोगों की हत्याएं की हैं। उनमें से अधिसंख्य युवा इराक, सीरिया, अफगानिस्तान और दुनिया के अन्य हिस्सों में मौजूद हैं।

> 1804 में वहाबी गिरोह के हिजाज़ के रेगिस्तान को पार कर जन्नतुल-बाकी में पैगंबर मोहम्मद के परिजनों के मकबरों को ध्वस्त कर दिया तथा पैगंबर के मकबरे को भी क्षतिग्रस्त किया। इसके बाद वहाबी गिरोह मक्का पहुंचा और एक अन्य धरोहर स्थल, जन्नतुल मुल्ला के कब्रिस्तान को तबाह किया, जहां पैगंबर मोहम्मद व उनके नजदीकी रिश्तेदारों के पूर्वज दफन हैं। पुनः 21 अप्रैल 1925 को वहाबियों ने पैगंबर मोहम्मद की बेटी हज़रत फातिमा ज़ेहरा तथा उने पोते इमाम हुसैन, इमाम जैनुलआबिदीन एवं इमाम मोहम्मद बाकिर के पवित्र स्थलों को भी ध्वस्त कर दिया।

6 दिसंबर 2019 को, बाबरी मस्जिद विध्वंस की 27वीं वर्षगांठ पर, उन व्यक्तियों द्वारा कुछ याचिकाएं दायर की गईं थीं जो उस मामले में पक्षकार थे। दलील को आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का समर्थन था। पूर्व में, जमायते उलेमाए हिंद ने भी आदेश के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की थी जिसमें कहा गया था कि न्याय केवल केंद्र व यूपी सरकार को विवादित स्थल पर मस्जिद निर्माण का आदेश देने से होगा। मगर आश्चर्य की बात है कि बुद्धिजीवियों समेत विश्व भर में संपूर्ण मुस्लिम समुदाय मौन होकर तमाशा देखता रहा जब मुहम्मद बिन सऊदी के पुत्र सऊदी शासक अब्देल अज़ीज़, जो वहाबीवाद के संस्थापक शेख मुहम्मद नज्दी इब्ने अब्देल वहाब का दामाद भी था, ने 1802 में इराक में कर्बला पर हमला किया था। उसने हज़रत इमाम हुसेन के पवित्र स्थल को अपवित्र करवाया था। हमले का विवरण देते हुए, चार्ल्स एलेन, ने अपनी पुस्तक, गाड्स टेररिस्ट : दि वहाबी कल्ट एंड दि हिडेन रूट्स आफ माडर्न जिहाद, में लेफ्टीनेंट फ्रांसिस वार्डन का हवाला देकर बताया है, 'उन्होंने उसे लूटा तथा हज़रत इमाम हुसेन के मकबरे को बर्बाद किया, साथ में भीषण क्रूरता का परिचय देते हुए वहां के 5,000 निवासियों का कत्ल कर दिया। भारी मात्रा में संपत्ति लूटकर जब्त कर ली गई थी।' 1803 में, अब्देल अल अज़ीज़ इब्ने सऊद ने हज करने के बहाने मक्का के शरीफ से आने की अनुमति ले ली, जहां उसके वहाबी लड़ाकों ने इस्लाम के पवित्रतम धर्मस्थल काबा को बर्बाद किया जहां दुनियाभर से मुसलमान हज करने आते हैं। अब्देल अज़ीज़ इब्ने सऊद ने यज़ीद के पदचिन्हों का अनुसरण किया जिसने पूर्व में 682 ईस्वी में काबा को अपवित्र किया था।

वहाबियों के पंथ पर एक मेमोरेंडम के लेखक, टीई रावेनशॉ के अनुसार, 'उन्होंने महोमेदान संतों के मकबरे पर डाका डाला, जिन्हें वहां दफनाया गया था तथा उनके उन्माद ने पैगंबर मोहम्मद की मदीनी स्थित मस्जिद को भी नहीं छोड़ा, जिसे उन्होंने लूटा और वहां का कीमती सामान व फर्नीचर ले गए जिसमें यूरोप, एशिया और अफ्रीका के महोमेदान राजकुमार ने अपने हिस्से का योगदान किया था।'

1804 में, वहाबी गिरोह के हिजाज़ के रेगिस्तान को पार कर जन्नतुल-बाकी में पैगंबर मोहम्मद के परिजनों के मकबरों को ध्वस्त कर दिया, तथा पैगंबर के मकबरे को भी क्षतिग्रस्त किया। इसके बाद, वहाबी गिरोह मक्का पहुंचा और एक अन्य धरोहर स्थल, जन्नतुल मुल्ला के कब्रिस्तान को तबाह किया, जहां पेगंबर मोहम्मद व उनके नजदीकी रिश्तेदारों के पूर्वज दफन हैं। पुनः 21 अप्रैल 1925 को, वहाबियों ने पैगंबर मोहम्मद की बेटी हज़रत फातिमा ज़ेहरा तथा उने पोते इमाम हुसेन, इमाम जैनुलआबिदीन एवं इमाम मोहम्मद बाकिर के पवित्र स्थलों को भी ध्वस्त कर दिया। वे स्थल आज भी ध्वस्त अवस्था में पड़े हैं और सऊदी सरकार उनकी मरम्मत नहीं करवाती है न ही श्रद्धालुओं को उन स्थलों पर सिज़दा करने की अनुमति देती है। 2014 में पुनः, एक अग्रणी अकादमिक ने नकारात्मक उद्देश्य के तहत मदीना में पैगंबर मोहम्मद के मकबरे को ध्वस्त करने तथा पैगंबर के अवशेषों को वहां से हटाकर अनाम ढंग से जन्नतुल बाकी के कब्रिस्तान में दफनाए जाने का सुझाव दिया था। हालांकि, सऊदी सम्राट अब्दुल्लाह के अधीन मकबरे को नष्ट करने की शैतानीपूर्ण योजना का खुलासा एक अन्य अकादमिक द्वारा किया गया जिससे वह योजना क्रियान्वित नहीं हो सकी।


## फरमाया



**मैं** फिलिस्तीनी नेतृत्व का आह्वान करता हूं कि वे यथार्थ को माने व जिम्मेदारी का परिचय देते हुए वार्ता की मेज पर वापस लौटें जैसा कि यूएई नेतृत्व ने किया।
– **गाबी अस्केनाज़ी**
इस्राइल के मंत्री



**सुरक्षा** परिषद सुधार न केवल सदस्य देशों के लिए बल्कि समग्र रूप से संयुक्त राष्ट्र संघ के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।
– **वोल्कन बोज़किर**
तुर्की के राजनयिक



**यदि** जम्मू-कश्मीर और संघीय प्रदेश की सरकार का यह दृष्टिकोण है कि उसे कश्मीर की आम जनता की भावनाओं की कोई चिंता नहीं है तो उस स्पष्ट रुख अपनाना होगा।
– **सैफुद्दीन सोज़**
पूर्व केंद्रीय मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## नेट का अधिक प्रयोग गलत

**कोरोनावायरस** महामारी के इस काल में हमने देखा कि एक बहुत बड़ी समस्या हमारे सामने बनकर पैदा हुई है। यह समस्या सोशल मीडिया से है। यह एक बहुत बड़ी समस्या आज के दौर में है। वर्ष 2019 के समय भारत में लगभग 572 मिलियन के आसपास इंटरनेट उपयोगकर्ता थे और हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार यह बताया जा रहा है कि इस साल के अंत तक भारत यह आंकड़ा 650 के पार पहुंच जाएगा। यह इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में एक रिकॉर्ड उछाल है। इन तमाम समस्याओं से व्यक्ति अपने समाज से नहीं जुड़ पा रहा है। इससे एक समस्या और बढ़ रही है कि आदमी अपने ही सोशल मीडिया के चक्कर में किसी और को नहीं देख रहा है।जो आगे चलकर उसके स्वास्थ्य और अन्य चीजों के लिए भी हानिकारक साबित हो सकती है। सुबह शाम बस मोबाइल फोन से लगे रहने के कारण लोगों में बहुत समस्याएं देखने को मिल रही है । इन समस्याओं से तनाव पैदा होता है जो आगे चलकर अवसाद का रूप ले लेता है। यह भयंकर समस्या हमें हटानी होगी अगर हमें मोबाइल फोन या अन्य दूरसंचार माध्यमों का उपयोग करना है तो हम एक निश्चित समय तक करें ताकि हमारी एक पकड़ समाज से भी बनी रहे।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

## अवसाद की समस्या

**वर्ल्ड** हेल्थ आर्गेनाईजेशन के आकड़े के अनुसार करीब 800000 लोग हर वर्ष मानसिक तनाव के कारण मौत को गले लगाते है। 15-44 वर्ष के लोगों में हो रही मृत्यु का दूसरा बड़ा कारण अवसाद है। आमतौर पर भारत जैसे देश में मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से नहीं लिया जाता है। अवसाद के लक्षणों को या तो लोग नजरअंदाज करते हैं या उसे मानसिक बीमारी से जोड़ देते हैं। इसके कारण अवसाद से जूझ रहा व्यक्ति मन ही मन घुटता रहता है। धीरे धीरे यह अवस्था उसे गंभीर कदम उठाने पर मजबूर कर देती है। ऐसे अवस्था में जहां व्यक्ति अपने मन की बात दूसरों के समक्ष केवल लोगों के डर से नहीं रख पाता। आज की भागदौड़ भरी ज़िन्दगी में आवश्यक है की हम समझें की अवसाद या चिंता कोई मानसिक रोग नहीं बल्कि एक अवस्था है और इसके विषय में बात करना आवश्यक है। मानव इसलिए भी बाकी जीवो.में श्रेष्ठ है क्यूंकि उसका मष्तिस्क क्रियाशील है। आज भारत देश में कई सारे लोग खासकर हमारी युवापीढ़ी अवसाद का शिकार हो रही है जो बेहद चिंता का विषय है और सबसे बड़ी विडंबना है कि ऐसे गंभीर विषय पर कोई बात नहीं करना चाहता।

– **आस्था मुकुल**, रांची

## ओटीपी की जगह फिंगर प्रिंट

**स्टेट** बैंक आफ इंडिया एटीएम से पैसे निकासी के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल को साथ रखना जरूरी हो गया है जिसपर ओटीपी आएगा और वही ओटीपी डालने से निकासी संभव हो सकेगी। निश्चित रूप से यसह कदम सुरक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखकर ही उठाया गया है। नित नए बैंकिंग फर्जीवाड़े से बचने के लिए एसबीआई ने यह उपाय निकाला है जो ग्राहकों के लिए सुरक्षित है। लेकिन इसमें एक पक्ष यह भी है कि मोबाइल नेटवर्क की समस्या कई जगह बहुत अधिक रहती है जिसके कारण मैसेज आने में काफी विलंब होता है, यहां तक कि कभी कभी मैसेज आता भी नहीं है। इस परिस्थिति में ग्राहकों को निकासी के समय दिक्कतें भी आ सकती है। कम पढ़े लिखे लोगों को समस्या आ सकती है और मोबाइल खो जाने जैसी स्थिति में ग्राहकों को निकासी में तत्काल व्यवधान हो सकता है। ओटीपी की जगह हर एटीएम में फिंगरप्रिंट्स सिस्टम लागू करना ही ज्यादा उपयुक्त और सुरक्षित होगा। एसबीआई को इस पर विचार करना चाहिए।

– **जफर अहमद**, मधेपुरा

# पीएम के 70वें जन्मदिन को यादगार मनाने बेरला मण्डल के विभिन्न गांवों में हुए विविध आयोजन

## पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल के अगुवाई में किया गया यह कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिन के अवसर पर बेमेतरा विधानसभा के बेरला मण्डल क्षेत्र में लगातार मरीजों,गरीब बस्तियों में फल वितरण, चश्मा वितरण व स्वच्छता अभियान चलाया गया गौरतलब हो कि स्वच्छता अभियान की मुहिम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजना में से एक है।

इस मकसद को लेकर कई विविध कार्यक्रम बेरला मण्डल क्षेत्र में लगातार कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसका नेतृत्व पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने किया बेरला ब्लॉक के ग्राम देवरबीजा, सोढ़, सिंवार, भाठासोरही, बिरोदा, लेंजवारा, सूरहोली, कुसमी, टक्सिवा, रेवे, परपोड़ा, में इसी क्रम में आयोजन हुआ है।जिसमे प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को यादगार बनाने जरूरतमंदों को मौसमी फल प्रदान किया गया एवं स्वच्छता अभियान, स्वच्छता स्वरूप चिन्ह के रूप में चश्मा प्रदान कर स्वच्छता अभियान के महत्व को बताया गया। गृह ग्राम रेवे में बूथ अध्यक्ष ग्राम के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ खेल मैदान के पास बच्चो के खेलते समय छाया के लिए छाया दार वृक्ष लगाया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, महामंत्री डोमेन्द्र सिंह राजपूत,वरिष्ठ नेता संजीव तिवारी व मीडिया प्रभारी नीरज राजपूत मौजूद रहे।इस दौरान जिला पंचायत सभापति लेंजवारा में फल वितरण ,सुरहोली में मंडल मंत्री प्रमिला वर्मा द्वारा गरीबो को फलवितरण, मंडल उपाध्यक्ष किशुन साहू द्वारा बिरोदा में,मंडल उपाध्यक्ष बिमला कुर्रे के द्वारा तकसींव में मंडल मंत्री नारायण पटेल के द्वारा ताकम में स्वछता अभियान चलाया गया।

ग्राम देवरबीजा प्राचीन सीता देवी मंदिर अंदर बाहर पूरा परिसर स्वच्छता अभियान चलाया उनके बाद देवरबीजा हॉस्पिटल में वृक्षारोपण फिर देवरबीजा शारदा मंदिर सफाई तालाब के पास वृक्षारोपण इनके बाद गरीब बस्तियों के दाई दीदी बाबा को फल वितरण किया गया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य केशर राजेश सोरी, मंडल उपाध्यक्ष संतोष देवांगन, जनपद प्रतिनिधि लीलाराम साहू, हेमलाल देवांगन, राजकुमार राजपूत झलन साहू, रामेश्वर साहू इत्यादि मौजूद रहे।

### सोढ, सिवार,भाठा सोरही,परपोड़ा, में किया गया चश्मा वितरण

ग्राम सोढ व सिंवार में जिनके आंखों में परेशानी है उनके आंख का चेकअप किया गया। जिसके भी आंख में दिक्कत है उन्हें 70 से 80 चश्मा उनके पवार के हिसाब से सोढ,सिंवार,भाठा सोरहि, परपोड़ा चश्मा वितरण पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के हाथों किया गया। इस अवसर पर सोढ में कमल नारायण पांडेय, कन्हिया वर्मा, नरोत्तम वर्मा, ओमप्रकाश पांडे,पूना बाई, निर्मला बाई, हंसा बाई आदि कार्यकर्ता एवं भाठासोरहि - नरोत्तम ,सुरेश यादव, रामकुमार, परेटन, रामावतार, रोहित आदि कार्यकर्ता व सिंवार से गणेश राजपूत, सरपंच सनत लहरे, लेखराम, घनश्याम, शत्रोहन, बिशेसर,खेदू राम,गौरी बाई, अवध राम,सीता बाई, सनत कुमार, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। गृह ग्राम रेवे में खेल मैदान के समीप छायादार पौधा लगाया।इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष कामदेव सिन्हा, प्रकाश राजपूत,राजू सिन्हा, केदार सिन्हा, किशन,छोटू युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में नोवल कोरोना वायरस के नियंत्रण हेतु टेस्टिंग बढ़ाए: कलेक्टर महोबे

## टेस्टिंग के लिए पर्याप्त मात्रा में मेडिसिन किट उपलब्ध



पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले में नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के नियंत्रण हेतु टेस्टिंग की संख्या बढ़ाए। कोरोना वायरस की टेस्टिंग के लिए प्र्याप्त मात्रा में मेडिसिन किट उपलब्ध है। महोबे शुक्रवार को जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले में कोरोना वायरस के नियत्रंण एवं बचाव हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा इस अवसर पर मौजूद थे। लोगों की कोरोना वायरस जॉच की सैम्पल लेने के पश्चात सावधानी एवं सुरक्षा हेतु तत्काल होम आइसोलेट करें, जब तक जॉच रिपोर्ट न आ जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को या उनके परिवार के अन्य सदस्यों को सर्दी, खासी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई, स्वाद या गंध नहीं आने पर तत्काल कोरोना जॉच कराना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) की जॉच के लिए शासन से जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है, उसका शत-प्रतिशत पालन हो। उन्होंने कहा कि जिस ग्राम या क्षेत्र में कोरोना के ज्यादा पॉजीटिव केस आ रहे हैं, वहॉ कोरोना से बचाव के लिए जन जागरूकता हेतु मुनादी कराएं। उन्होंने ग्रामीण क्षत्रों में मोबाइल टीम एक्टिव करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला मुख्यालय के कोविड-19 अस्पताल एवं आइसोलेशन सेंटर्स में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना वायरस से बचाव व नियंत्रण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# ग्राम मटका में किया गया आम, नीम के वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम मटका में नरेंद्र मोदी जन्म उत्सव सप्ताह के अंतर्गत आम एवं नीम की वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर पूर्व जनपद पंचायत बेमेतरा के सदस्य जितेंद्र यदु ने कहा की पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत ही आवश्यक है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम आज के परिवेश में जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। लोगों को जागरूक करने हेतु जन जागृति अभियान चलाया जाना चाहिए।

जितनी ज्यादा हरियाली विकसित होगी, उतना ही अधिक स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार होगा। वृक्षारोपण के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सेवा सप्ताह कार्यक्रम के ज़िला प्रभारी दीपेश साहू, जितेंद्र यदु पूर्व जनपद सदस्य ,सतीश कसार प्रदेश मंत्री, शत्रुहन यदु शक्ती केन्द्र प्रभरी, संजय साहू,, नीतू कोठारी, सचिन ठाकुर, बीवन, कैलाश साहू, सूरज ध्रुव, डोमंन विश्वकर्मा,ओमप्रकाश साहू, उत्तम यदु ,संतोष यदु, रमेश यदु ,सत्यम यदु, शिवकुमार यदु, लेखराम ध्रुव, धन्नू साहू, मुन्ना यदु, गोविंद साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# विपरीत परिस्थितियों में भी जनसेवा किया जा रहा है: योगेश

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




वैश्विक महामारी से पूरा विश्व परेशान नजर आ रहा है छत्तीसगढ़ में भी दिन प्रतिदिन संक्रमण बढ़ते जा रहा है कोरोना वायरस से प्रभावित पेशेंटों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है ऐसे समय में जन सेवा करना भी एक चुनौती का काम है कृषक नेता योगेश तिवारी एवं ट्रामा हॉस्पिटल के प्रमुख डॉक्टर सुरेंद्र शुक्ला, डॉ संदीप जायसवाल डॉक्टर सीताराम सोनकर डॉक्टर कतामेश साहू , डॉक्टर कुसुम लता साहू नें यह चुनौती पूर्ण कार्य बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में कर रहे है कृषक नेता के सहयोग से मोबाइल वेन एवं अनुभवी मेडिकल टीम जिसमें डॉक्टर एवं लैब टेक्नीशियनों के मदद से ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच की जा रही है और उन्हें आवश्यक दवाई भी दी जा रही है गांव पहुंचे मेडिकल टीम के द्वारा मास्क एवं सैनिटाइजर गांव वालों को दिया जा रहा है ऐसे विपरीत समय में भी इस कार्य को करना चुनौतीपूर्ण है कृषक नेता योगेश तिवारी एवं ट्रामा हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ सुरेंद्र शुक्ला के द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना बेमेतरा विधानसभा के बुद्धिजीवियों ने किया है कृषक नेता के द्वारा संचालित मेडिकल वैन के बाजार पहुंचते ही स्वास्थ्य जांच के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर अपनी स्वास्थ्य की जांच करा रहे हैं एवं विपरीत परिस्थितियों में भी गांव पहुंचकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच के लिए कृषक नेता योगेश तिवारी एवं ट्रामा हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ सुरेंद्र शुक्ला को ग्रामीण धन्यवाद दे रहे हैं स्वास्थ्य जांच के लिए आज ग्राम भिंभौरी, आनंद गांव, सरदा ,कुसमी, खुड़मुड़ी ,देवसरा पहुंच कर डॉक्टर एवं लैब टेक्नीशियन के साथ कुछ अनुभवी लोगों द्वारा लोगों की स्वास्थ्य की जांच की गई एवं उन्हें आवश्यक दवाई मास्क, सैनिटाइजर वितरण किया गया लोगों ने योगेश तिवारी द्वारा किए जा रहे इस कार्य को सराहा एवं उन्हें इस प्रकार के जन सहयोग करते रहने का आशीर्वाद भी दिया स्वास्थ्य जांच शिविर में सचिदानंद मिश्रा, देव कुमार साहू,दिनेश साहू, अरुणा साहू, राकेश परगनिहा, राजू साहू ,लखन चक्रधारी, आनंदगांव सरपंच अरसिना कोशले, अशोक तिवारी, प्रदीप कोशले, डाक्टर मारकण्डे, बलराज बंजारे, दाऊराम साहू, हृदय राम वर्मा, केशव सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक छाबड़ा ने जिला अस्पताल में किया 25 बिस्तर दान



**बेमेतरा।** बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा जिले में कोरोना संक्रमण की बढ़ते हुए मामले तथा जिला अस्तपाल में हो रहे बिस्तर की कमी को देखते हुये अपनी ओर से तत्काल 25 बेड पूर्णतः सुसज्जित का दान मुखूय चिकित्सा अधिकारी बेमेतरा को किया है जिससे मरीजो को बिस्तर की चिकित्सालय में न हो ज्ञात हो कि बेमेतरा जिले में कोरोना काल के प्रारभ से ही विधायक आशीष छाबड़ा ने एक सजग पहरी की भूमिका निभाते हिये कोरोना संक्रमण रोकने के लिए सतत सक्रिय रहे जिसके परिणाम स्वरूप विधायक आशीष छाबड़ा को भी कोरोना संक्रमण से गुजरना पड़ा विधायक आशीष छाबड़ा की ओर से प्रदत्त 25 बेड को उनके निज सचिव ने मुखूय चिकित्सक अधिकारी को कोरोना संक्रमण चिकित्सालय लाईलिवुड कालेज चोरभट्टी में जाकर सौपा।

# मोटर साईकिल चोर को चंदनू चौकी पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




चंदनू चौकी पुलिस के द्वारा मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया गया है पुलिस चौकी चंदनू को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम रवेली का ताराचंद पिता स्व0 माधो बांधे उम्र 19 साल के द्वारा रायपुर से 02 नग चोरी का मोटर सायकल बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक श्री विमल बैस, उप पुलिस अधीक्षक जिला मुख्याला रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन पर चैकी प्रभारी सउनि रेशम लाल भास्कर, हमराह स्टाफ एवं गवाहों को साथ लेकर पता तलाश करने पर आरोपी ताराचंद बांधे गांव में मिला जिससे कड़ाई से पूछताछ करने पर एक नग स्कूटी स्लेटी कलर बिना नंबर का एवं एक नग मोटर सायकल सीडी डिलक्स (हीरों कंपनी) का सोल्ड काला कलर का चोरी कर अपने घर में छिपा कर रखना बताने पर मौके पर जाकर आरोपी द्वारा घर से निकाल कर 01 नग मोसा सायकल, 01 नग स्कूटी कीमती कुल 1,05000/-(एक लाख पांच हजार रूपये) को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध वैद्यानिक कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में चैकी प्रभारी सउनि रेशम लाल भास्कर, प्र.आर. अरविन्द्र शर्मा, आर. रविन्द्र तिवारी, रामेश्वर मांडले, राज आडिल, धाकचंद बंजारे, बिरेन्द्र चंद्राकर का सराहनीय भूमिका रही।

# कलेक्टर महोबे ने ग्राम गुजरा के गौठान का निरीक्षण कर लिया जायजा



**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा के गौठान का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहॉ गोधन न्याय योजना के तहत् गोबर विक्रेता हितग्राहियों की संख्या और अब तक खरीदे गए गोबर की मात्रा की जानकारी ली। उन्होंने गौठान में वर्मी टांका का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्व सहायता समूह की सदस्यों से आजीविका गतिविधियों के संचालन के संबध में चर्चा की। समूह की सदस्यों ने बताया कि वे वर्मी खाद बनाना शुरू कर चुके हैं। कलेक्टर ने गौठान परिसर में वृक्षारोपण तथा फेंसिग कार्य आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस राज, तहसीलदार सुश्री प्रतिमा ठाकरे आदि मौजूद थे।

# भाजपा सेवा सप्ताह के रूप में मना रही मोदी का जन्मदिन कर रहे हैं विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 70वां जन्मदिन था इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी इसके लिए खास तैयारियां की थी बीजेपी ने इस मौके को सेवा सप्ताह के रूप मे मना रही हैं रोज भाजपा के कार्यकर्ता प्रत्येक वार्डो में सेवा के अलग अलग कार्य कर रहे हैं मोदी के जन्मदिन पर सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में पौधे लगाए गए साथ ही पौधों की रक्षा का भी संकल्प लिया गया कार्यकर्त्ताओ ने गरीब बस्ती, वृध्दजनों, दिव्यांगों को फल वितरण किया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनिल माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से प्रेरणा लेकर बीजेपी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा के कार्य में तत्परता से लगा हैं कोरोना संकट को देखते हुए सामूहिक कार्यक्रम न करते हुए प्रत्येक वार्ड मे सभी कार्यकर्ता अपने स्तर पर सेवा संकल्प सप्ताह पूरा कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ. रघुनंदन तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन कड़ी मेहनत, सेवा, और संघर्ष का प्रतिबिंब हैं। हमें उनसे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती हैं, यह साप्ताहिक ही नही राजनीतिक जीवन में सतत सेवा करने वाला संकल्प होना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि कोरोना संकट व शहर में फैलते संक्रमण को देखते हुए अलग अलग स्थानों पर कार्यक्रम किया गया। पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि मोदी का जीवन गजब का व्यक्तित्व हैं, आश्चर्य होता हैं, इस उम्र में उनके परिश्रम को देखकर। साथ ही मुझे लगता हैं स्वामी विवेकानन्द जी के बाद मोदी ही ऐसे व्यक्ति हैं जिनसे सर्वाधिक युवा प्रेरित हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ. रघुनंदन तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनिल माहेश्वरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, प्रभारी सतीश कसार, पूर्व महामंत्री विकास तम्बोली, दीपेश साहू, कन्या शक्ति संयोजिका निशा चौबे, पार्षद नीतू कोठारी, देवराम साहू, सोमनाथ ध्रुव, अनिल छाबड़ा, अमरीका निर्मलकर, शेखर वर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## काढ़ा पेय वितरण अभियान का पांचवा दिन

# पाँच दिन में 5000 से अधिक लोगों को काढ़ा पिलाया गया

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कोविड 19 महामारी को देखते हुए नगर के समाजसेवी भाइयों और बहनों ने पिछले पाँच दिनों से अभियान चलाकर रोगप्रतिरोधी आयुर्वेदिक औषधि सर्वज्वरहर चूर्ण से बने काढ़े को आज अभियान के पाँचवे दिन में बेमेतरा कलेक्टर शिव अनंत तायल जी के निवास से वितरण शुरू किए। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्वयं काढ़ा पिये और सभी स्टॉफ को भी वितरित करवाये। साथ ही काढ़ा वितरण में लगे सभी सेवाभावी भाइयों और बहनों को संबोधित किये और बोले कि जिस तरह तेजी से कोरोना बढ़ रहा है, आप सभी का रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और आयुष मंत्रालय के गाइड लाइन को पर्चे के माध्यम से वितरित करने का ये प्रयास सराहनीय है। आप सभी स्वयं सोशल डिस्टेंस और कोविड 19 से सुरक्षा हेतु अन्य सभी नियमों का पालन करते हुए अपनी और लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए ही यह सेवा कार्य संचालित करें। आप सभी का समाज सेवा का ये प्रयास सराहनीय है। समाज के सहयोग से ही इस भयानक महामारी से हम सब अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। जो गाइड लाइन आयुष मंत्रालय का है और इस पर्चे में लिखा है उसका पालन सभी जरूर करें। और लक्षण दिखने पर अपनी कोरोना जाँच अवश्य कराएं। आज और पिछले पाँच दिनों में मुख्य रूप से कलेक्टर निवास, कचहरी पारा, सिंधी कालोनी, गंजपारा, पुराना बस स्टैंड, कंडरा पारा, कृष्णा विहार, अशोका विहार कालोनी, समृद्धि विहार कालोनी आदि में लगभग 5000 से पाँच हजार से अधिक लोगों को घर घर जाकर काढ़ा पेय का वितरण किया गया। और जागरूकता हेतु पर्चे भी वितरित किये गए। सभी मोहल्ले और कालोनी वासियों ने इस सेवा कार्य की सराहना किये और वितरण में सहयोग किये। अशोका विहार के अध्यक्ष डॉक्टर ने वितरण में सहयोग किये। न्यायधीश संजय अग्रवाल जी के निवास में भी काढ़ा पिलाया गया।

इस भयावह महामारी के दौरान लॉक डाउन के सभी नियमों का पालन करते हुए काढ़ा वितरण के इस दैवीय सेवा कार्य में मुख्य रूप से सिंधी समाज के अध्यक्ष प्रकाश शितलानी जी ने सिंधी कालोनी में वितरण में घर घर जाकर वितरण में सहयोग किये। इसके साथ ही इस अभियान में पार्षद नीतू कोठारी, समाजसेवी वर्षा गौतम, विविड स्कूल की संचालिका किरण जैन, डेनिम सेन, ताराचंद माहेश्वरी, प्रतुल वैष्णव, आरक्षक संदीप साहू, पीतांबर झा, मेघु जायसवाल, बसंत डहरे, राजेश सिंघानिया, नलेश्वर साहू, रमन अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण साहू, नवीन वैष्णव, अवधेश पटेल, देवव्रत कश्यप, ने वितरण कार्य मे सहयोग किये। 19 सितंबर को वार्ड 7 में वितरण किया जा रहा है।

# कृषक नेता योगेश तिवारी ने कहा लॉकडाउन में शराब की दुकान खोलना शर्मनाक

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कृषक नेता योगेश तिवारी नें एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि पूरा विश्व वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के चपेट में है ऐसे समय में प्रदेश में भी बड़ी विकट स्थिति बनी हुई है।

दिन प्रतिदिन कोरोना वायरस पीड़ितों की संख्या में लगातार वृद्धी होना चिंता का विषय है बेमेतरा शासन एवं प्रशासन के लोग इस विषय में गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। आज भी बेमेतरा ज़िला में नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में लॉंकडाऊंन किया गया है और सभी नगर पंचायत और नगर पालिका क्षैत्र शराब की दुकानें खुली है। वो बहुत ही शर्मनाक है। सभाी क्षेत्र के गांव गांव में शराब की बिक्री खुलेआम किया जा रहा है यह एक प्रकार से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है एक और कोरोना वायरस से प्रभावितों की संख्या बढ़ती जा रही है दूसरी ओर सरकार के द्वारा खुलेआम शराब की बिक्री कर लोगों की स्वास्थ्य खराब करने का प्रयास किया जा रहा है तिवारी नें कहा की स्थिति समय रहते संभाल लेनी चाहिए नहीं तो बाद में शासन एवं प्रशासन दोनों को पछताना पड़ सकता है। शीघ्र ही शराब की बिक्री पूर्व प्रदेश में कड़ाई से बंद किया जाना चाहिए।

## जिला स्तर पर बेहतर कोविड प्रबंधन और निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर जिला स्तर पर बेहतर कोविड प्रबंधन और निगरानी के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार डेडिकेटेड कोविड अस्पताल के लिए सिल्ली थामस, अनुविभगीय अधिकारी(रा.) बालोद (7805928971), कोविड केयर सेंटर्स के लिए अभिषेक दीवान, डिप्टी कलेक्टर बालोद (9424110730) एवं नदीम काजी, उप संचालक समाज कल्याण, सहायक नोडल (7974658279), कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के लिए माया वारियर, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग (9926887020) और सैंपलिंग एवं टेस्टिंग के लिए विकास देशमुख, सहायक संचालक कौशल विकास विभाग (9893344550) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## क्विक न्यूज

### भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर गौ माताओं को चावल गुड़ पकाकर करवाया भोजन



**सक्ती।** 17 सितंबर को देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर जांजगीर-चांपा जिले के पेंडरवा में स्थापित अंकित ट्रेडिंग राइस मिल के संचालक अंकित गोयल के द्वारा लगभग 10 क्विंटल पशु आहार तथा गुड़ एवं चावल पकाकर गौ माताओं को गौशाला में भोजन कराया गया, इस अवसर पर गोयल परिवार रायगढ़ की मंजू गोयल, रूशाली गोयल, रिंपी अग्रवाल, अन्नू महमियां, एकता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, प्रेमा अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, आदित्य गोयल, ज्योति अग्रवाल, सहित काफी लोग मौजूद रहे, एवं इस अवसर पर सभी ने गौ माताओं की पूजा अर्चना करते हुए सेवा कार्य किए तथा इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन नेत्रदान अंगदान कि छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक मंजू गोयल ने बताया कि उनके द्वारा निरंतर विभिन्न अवसरों पर सेवा के कार्य किए जाते हैं तथा गौ माता की सेवा से हमें पुण्य मिलता है।

### भाजपा बाराद्वार मंडल ने किया मोदी के जन्मदिन पर फल का वितरण



**सक्ति।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 70 वे जन्मदिन के अवसर पर भाजपा बाराद्वार मण्डल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जर्वे में मरीजो को फल वितरण किया गया और वृक्षरोपण किया गया,और ग्राम जर्वे के गरीब परिवारों को चावल ,राशि सहित जरूरत समाग्री प्रदान की गई साथ ही सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में सक्ति विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी व पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, मण्डल अध्यक्ष संतोष राठौर, महामंत्री गेंद राम मनहर, निर्भय यादव, युवा नेता वसंत सूर्या उपस्थित रहे।

# अधूरे शौचालयों का निर्माण एक माह में पूरा करें : कलेक्टर

**स्वच्छता का पालन कोरोना संक्रमण से बचाव में कारगर सिद्ध होगा, कलेक्टर ने की स्वच्छता मिशन से संबंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा**

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com




कलेक्टर भीम सिंह ने गुरूवार यहां स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि बरसात का समय समाप्त हो रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरे शौचालयों के निर्माण एक माह में पूरा करें। वर्तमान समय में प्रत्येक घरों में शौचालय होना आवश्यक है और अनिवार्य भी है क्योंकि कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर बढ़ रही है शासन द्वारा संक्रमित मरीजों को होम आइसोलेशन की सुविधा दी जा रही है जिसमें मरीज के लिये पृथक शौचालय होना आवश्यक है। कलेक्टर भीम सिंह ने पहले से बने शौचालयों जिसमें टूट-फूट हो गया हो उसमें भी मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को कोरोना के विरूद्ध लड़ाई और गौठान निर्माण तथा गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर खरीदी की जिम्मेदारियों को मिशन अभियान में रूप में किये जाने की प्रशंसा करते हुये कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत भी अभियान के रूप में कार्य करना है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत पर्याप्त राशि उपलब्ध है। अतः कार्यों को निर्धारित समय में पूरा किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों का निर्माण पूरा करके कई प्रकार की बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। अपने गांव तथा घर में स्वच्छता का पालन करना कई बीमारियों से बचाव का कारगर उपाय है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं और बच्चों सहित प्रत्येक नागरिकों को टायलेट सुविधा उपलब्ध कराना मानवता का कार्य है इस पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। कलेक्टर ने जिले में कचरा प्रबंधन के लिये जागरूकता लाने तथा गीला और सूखा कचरा एवं प्लास्टिक वस्तुओं को अलग-अलग निकालकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण करने को कहा। जिला पंचायत सीईओ ऋचा प्रकाश चौधरी ने स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत जिले में कराये गये कार्यों तथा मनरेगा के माध्यम से कराये गये शौचालय निर्माण के कार्यों की जानकारी से कलेक्टर भीम सिंह को अवगत कराया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### गंभीर मरीजों को ऑक्सीजन बेड के लिए दें प्राथमिकता : कलेक्टर

**रायगढ़।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच मृत्यु दर को कम से कम रखना हमारा सबसे प्रमुख लक्ष्य है, इसके लिये आवश्यक है कि ऑक्सीजन सुविधायुक्त बिस्तरों वाले निजी चिकित्सालय जो कोविड का इलाज कर रहे है वे गंभीर मरीजों को ऑक्सीजन बेड हेतु प्राथमिकता दें। चूंकि गंभीर मरीज का ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल तेजी से घटने की संभावना होती है अतः इस प्रकार के मरीजों के लिये बेड उपलब्ध रखे जाये। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आईएमए रायगढ़ के तहत निजी चिकित्सकों व अस्पताल संचालकों की बैठक में कहा। कलेक्टर भीम सिंह ने अस्पतालों में ऑक्सीजन सुविधायुक्त बिस्तरों की तैयारी की समीक्षा की। वर्तमान में एमसीएच में 30, जिंदल अस्पताल में 20, अपेक्स अस्पताल में 20, मेट्रो अस्पताल में 10 व मिशन हास्पिटल में 10 ऑक्सीजन सुविधायुक्त बिस्तर उपलब्ध है। लोईंग सीएचसी में 30 बिस्तर, अपेक्स अस्पताल में 30 बिस्तर अगले दस दिनों में व शिवानंद नेत्रालय में 50 ऑक्सीजन सुविधायुक्त बिस्तर अगले बीस दिनों में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

## थाना प्रभारी की सक्रियता से 2 वर्षो से फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के बाराद्वार थाना क्षेत्र अंतर्गत आरोपियों के द्वारा हो रहे अपराधों पर नियंत्रण स्थापित करने हेतु बाराद्वार थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर के कुशल नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है,तथा देवेश सिंह राठौर के द्वारा बाराद्वार थाने पर पद ग्रहण करने के बाद से ही लगातार बाराद्वार थाना क्षेत्र में घटित अपराधिक गतिविधियों में कमी आने लगी है, जिससे बाराद्वार थाना क्षेत्र के लोगो में पुलिस प्रशासन के प्रति जागरूकता एवं विश्वास बढ़ने लगा है,ज्ञात हो कि विगत दिनांक 07 जून 2018 को प्रार्थी के द्वारा अपने परिजनों के साथ बाराद्वार थाने में उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अक्टूबर सन 2017 में रविंद्र चंद्रा नामक लड़के के द्वारा मुझसे छेड़छाड़ किया गया था, जिसके संबंध में उचित कार्यवाही हेतु बाराद्वार थाने पर मेरे द्वारा आरोपी रविंद्र चंद्रा के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई गई थी, मेरे द्वारा दर्ज कराई गई एफ आई आर पर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी रविंद्र चंद्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, परंतु अब वह जमानत के आधार पर जेल से छूटकर वापस गांव आ गया है और 1 महीने से मुझे और मेरे परिवार के सदस्यों को फोन करके परेशान कर रहा है, तू मेरे साथ चल तूने मेरी लाइफ खराब कर दी कह कर मेरे नाना नानी एवं मेरे भाई के नंबर पर फोन करके परेशान कर रहा है। जिसकी वजह से मैं मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रही हूं की रिपोर्ट पर बाराद्वार थाना में अपराध क्रमांक 137/18 धारा 509 बी भादवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था, जैसे ही आरोपी को इस बात की खबर मिली कि उसके विरुद्ध बाराद्वार थाने पर अपराध पंजीकृत किया गया है तब से वह आरोपी लगातार फरार था।

## इमारती लकड़ियों की बेखौफ अवैध कटाई और तस्करी, विभाग मौन

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली वनमण्डल के खुड़िया वनपरिक्षेत्र के जंगलों में इनदिनों इमारती लकड़ियों की अवैध कटाई तस्करों द्वारा बेखौफ की जा रही है. पूरा मामला चचेड़ी बीट के कक्ष क्रमांक 493 का सामने आया है. जहां मनियारी नदी के रास्ते लकड़ी तस्करों के द्वारा 14 नग लाखो रुपए के सागौन लकड़ी के गठ्ठे को बहाते हुए लाया जा रहा था. जिसकी सूचना मिलते ही वन समिति के सदस्यों के द्वारा मौके पर जाकर नदी में तैरते लाखों रुपए के लकड़ी के गड्ढे को जप्त किया गया. और इसकी सूचना वन विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई है. जिनके द्वारा वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है. मिली जानकारी के मुताबिक खुड़िया वनपरिक्षेत्र के जंगलो में वन विभाग के कर्मचारियों के सह पर रोजाना लकड़ियों की अवैध कटाई धड़ल्ले से हो रही है. जिसको लेकर चचेड़ी वन समिति के सदस्यों ने नदी के रास्ते की जा रही लकड़ियों की तस्करी मामले में विभाग के वनरक्षक निलेश कुमार सोनकर समेत अन्य कर्मचारियों पर सांठगांठ का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है. बहरहाल देखना होगा कि कबतक लकड़ी तस्करों पर कड़ी कार्यवाही होती है।

## फास्टरपुर पुलिस ने मवेशियो से भरे ट्रक को पकड़ा

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



लाकडाउन के पहले ही दिन फ ास्टर पुर पुलिस को एक बड़ी कामियाबी हासिल हुई, जहां नगरीय क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा बंद घोषित किया गया है, ऐसे में मुखबिरो से मिली सूचना के आधार पर फ ास्टरपुर पुलिस ने मवेशियो से भरे ट्रक को पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार मुंगेली कवर्धा रोड पर ग्राम दाबो के पास एक नाले के किनारे ट्रक फंसा हुआ मिला। वाहन का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था। वाहन के अंदर कुल 24 मवेशी पाए गए। इनमें एक भैंस की मौत हो चुकी थी। मुंगेली रोड पर नाले के पास एक बड़ा ट्रक फंसा हुआ है। उसमें बड़ी तादाद में मवेशी भरे हुए थे। मुखबिर की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी के साथ पुलिस बल के जवानों ने छापा मारा। मौके पर उनको ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमआर 7892 खड़ी मिली। इसमें 19 भैंसा और 5 नग भैंस बरामद हुई। इनमें से एक भैंस मर चुकी थी पुलिस ने की कार्रवा मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की टीम ने वाहन को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद उन लोगों ने चालक- परिचालक की तलाश की जो नहीं मिले। इसके बाद इस वाहन के मालिक और चालक-परिचालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 136, 2020 भादंवि की धारा 279, 429 तथा 11 (1) घ एवं पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के 4, 6, 10, पशु कृषक अधिनियम छग 2004 के तहत कार्रवाई की गई। मामले की विवेचना जारी है। जब्त किए गए कुल जुमले की कीमत 16,50,000 रूपए बताई जा रही है। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक एस आर राजपूत, उप निरीक्षक बीआर साहू, आरक्षक 106 सीताराम बर्मन, 230 भेषज पांडेकर, 218 अमरनाथ नेताम, 364 बृजेश प्रधान, और 17 प्रकाश शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

## जिपं सदस्य गगन जयपुरिया के मार्गदर्शन रक्तदान शिविर एवं दिव्यांगों को साइकिल का वितरण किया

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिला पंचायत के सदस्य गगन जयपुरिया के मार्गदर्शन में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर बम्हनीनडीह में एक दिवसीय निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन आयुष्मान ब्लड बैंक एंड कंपोनेंट चांपा तथा चांपा सेवा संस्थान के संयुक्त सहयोग से किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जांजगीर-चांपा विधायक नारायण चंदेल एवं भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा तथा जिला महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, कन्हैया गोयल,विवेका गोपाल, मोहन कुमारी साहू एवं शक्ति रियासत की राजकुमारी सुश्री सिद्धेश्वरी सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, रक्तदान शिविर में लगभग 35 लोगों ने रक्तदान किया एवं सभी रक्तदाताओं को आयोजक संस्था की ओर से प्रमाण पत्र का वितरण किया गया एवं जिला पंचायत सदस्य गगन जयपुरिया द्वारा बम्हनीनडीह क्षेत्र के 5 दिव्यांगों रामदयाल पटेल, राम गोंड़,भगत कश्यप,शिवप्रसाद एवं अनुज राम को बैटरी चलित एवं मैनुवल ट्रायसाईकल का वितरण किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि जांजगीर चांपा विधायक नारायण चंदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आज जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न स्थानों पर सेवा के कार्य किए जा रहे हैं तथा इन्हीं सेवा कार्यों की श्रृंखला में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग का वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

## कबाड़ के जुगाड़ से बनेगा पुल में रेलिंग

**बटालियन के पीछे बना है खतरनाक पुल बनता है बेजुबानों के मौत का कारण**

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 46 के पुलिस बटालियन क्षेत्र में बने खतरनाक पुल का निरीक्षण किया। महासफाई अभियान के तहत विधायक महापौर सभापति एवं कलेक्टर ने पुल का जायजा लिया था,उसका निराकरण जल्द करने निर्देशित किया गया था। जिसे नगर निगम द्वारा विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में कबाड़ के जुगाड़ से बनाने पहल की गई। ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक 46 के पुलिस बटालियन क्षेत्र में एक खतरनाक पुल के जीर्णोद्धार की लंबे समय से मांग की जा रही थी। महासफाई अभियान के निरिक्षण दौरान रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी काट्जू, सभापति जयंत ठेठवार, कलेक्टर भीम सिंह ने भी स्थल निरीक्षण किया था और जल्द बनाने निर्देशित किया था। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में निगम अमला के साथ इंजीनियरों द्वारा पुल की नापजोख कर कबाड़ के जुगाड़ से पुल पर रेलिंग एवं सुरक्षात्मक उपाय करने पहल किया। बताया जाता है कि इस पुल पर कई बेजुबान जानवरो के साथ दुर्घटना हो चुका है,साथ ही आवाजाही करने वालो के लिये भी खतरा बना रहता है। जल प्रभारी सूरज देवांगन ने बताया कि बोर से निकला हुआ वेस्ट मटेरियल पाइप को रेलिग बनाकर फिट किया जाएगा,जिससे पुल पर बना हुआ खतरा दूर ओ जाएगा। वार्ड के पार्षद रमेश भगत ने कहा कि इस खतरनाक पुलिया के लिये लंबे समय से मांग की जा रही है मैंने आयुक्त एवं महापौर के पास भी इस बात को रखा था।

## शिवसेना ने उद्धव सरकार को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए भाजपा व कंगना का फूंका पुतला



पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में कंगना राणौत द्वारा उद्धव सरकार के विरुद्ध दिए जा रहे बयान के विरुद्ध रायगढ़ शिव सेना ने भी मोर्चा खोल दिया है। शिव सेना द्वारा भाजपा पर उद्धव सरकार को बदनाम करने का षडयंत्र रचने का आरोप लगाते हुए आज रामनिवास टॉकीज चौक पर भाजपा व कंगना का पुतला दहन किया गया। शिवसैनिक इतवारी बाजार से पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए निकले तथा रामनिवास टॉकीज चौक में पंहुच कर भाजपा व कंगना राणौत के पुतला दहन किया। शिव सेना जिला अध्यक्ष अमित विश्वास ने कहा कि कंगना बीजेपी के इशारे पर मुम्बई को पीओके बोल कर देश का अपमान कर रही है। भाजपा उद्धव सरकार एवम शिव सेना को बदनाम करने के लिए षडयंत्र कर ऐसी गिरी हुई हरकत कर रही है। शिव सेना इस षडयंत्र का मुह तोड़ जवाब देगी। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अमित विश्वास के साथ उमेश श्रीवास, विजय महंत,सनी साहू, प्रकाश ठाकुर, अजित विश्वास, टूरण कौशिक, सतीश राय, मुकेश चौहान सहित अन्य शिव सैनिक उपस्थित थे।

## अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन की कार्यवाही, 9 ट्रैक्टर व 1 जेसीबी जब्त

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



इन दिनों खनिज माफियाओं के हौसले बुलंद हो चले है, जिस पर प्रशासनिक दबाव की कमी के चलते ये खनिज माफिया अपनी मनमानी करने लगे है, पंचायतो में अवैध उत्खनन के मामले होने वाले अवैध उत्खनन के मामलो में जहां बढ़ोत्तरी हुई है, वही रेत, गिट्टी, का अवैध भंडारण भी धड़ल्ले से जारी है जिस पर अब तक कोई बड़ी कार्यवाही नजर नहीं आ रही है। लगातार हो रही शिकायतों के चलते काफी लंबे समय बाद खनिज विभाग की ने एक बडी कार्यवाही को अंजाम दिया है। जिसमें लोरमी इलाके में धड़ल्ले से हो रहे अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आज अलग-अलग विभागों की छापामार कार्रवाई हुई। अवैध रेत उत्खनन के लगातार शिकायत के बाद आज लोरमी तहसील अंतर्गत अलग अलग जगहों से 9 ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते पकड़े गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक वन विभाग के द्वारा एक ट्रैक्टर,राजस्व विभाग द्वारा 4 तथा खनिज विभाग के द्वारा अवैध मुरुम परिवहन करते 4 ट्रैक्टर और एक जेसीबी को भी पकड़ा गया है। सभी वाहनों पर माइनिंग एक्ट के तरफ कार्यवाही किया गया है। इस कार्यवाही से अवैध रेत माफियों में हड़कम्प मचा हुआ है। बता दें लोरमी में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन जोरो पर है। ऐसे में माइनिंग विभाग की भूमिका पर सवाल उठ रहे है। मुंगेली जिला के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। विधानसभा के मानसून सत्र में भी विपक्ष द्वारा सरकार पर रेत माफिओं को संरक्षण प्रदान करने का आरोप लगाया गया था जिसपर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में किसी भी प्रकार का माफ्यिा राज नहीं चलने देने की बात कही गई थी। परन्तु हर बार प्रशासनिक कार्यवाही के कुछ दिनों बाद ही रेत के अवैध कारोबार का पुनः शुरू हो जाना कुछ और ही कहानी कहता है। बहरहाल अब देखना होगा कि रोजाना सरकार को हो रही लाखों रुपयों की राजस्व की क्षति पर खनिज विभाग किस तरह से अंकुश लगाता है।

## पेज 1 के शेष...

### मुख्यमंत्री ने नव गठित ...

2 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल, ग्राम बगरा, बेलगहना गोरखपुर, पूटा, पटेल पारा, पंडरीपानी, जोरा डोंगरी में 45 लाख 15 हजार रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन, ग्राम तेंदूमुड़ा, अंधियारखोह, पण्डरीपानी, नवाटोला, करसींवा, नगवाही, लटाकेनीखुर्द, सिलपहरी आदि में 60 लाख रुपए से अधिक के बने पुलिया तथा पहुच मार्ग का, ग्राम नगवाही, लटकोनीखुर्द, कोरकोटटोला, सिलपहरी, में 19 लाख 35 हजार रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन, ग्राम मेढुका में 6 लाख रुपए का धान चबुतरा , मरवाही में 5 लाख रुपए का मुक्तिधाम, लालपुर में शासकीय उद्यानिकी में 86.68 लाख रुपए का अहाता, गौरेला में 2 करोड़ रुपए के जैव विविधता संसाधन पार्क, धरमपानी में 73 लाख रुपए के वन चेतना केंद्र का पुनर्नवीनीकरण, जिला चिकित्सालय और मरवाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 लाख 66 हजार रुपए की लागत से एक्स-रे मशीन की स्थापना सहित अन्य कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 248 करोड़ 78 लाख रूपए के 179 कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने जिन नए स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास होगा उनमें मुख्य रूप से राजाडीह जलाशय निर्माण के लिए 12 करोड 22 लाख रूपए, घघरा उपर खुज्जी, गंगांपुर जलाशय और चौरसिया जलाशय की नहरों में में सीमेंट कांक्रीट लायनिंग का कार्य के लिए 18 करोड रुपए, सोन नदी पर तीन पुल निर्माण के लिए 15 करो? रुपए, संयुक्त जिला कार्यालय भवन के लिए 24.94 करोड़ रुपए, सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के 09 कार्यों के लिए 143 करोड़ 78 लाख रुपए, सड़क डामरीकरण के 12 कार्यों के लिए 8 करोड़ 40 लाख रूपए, मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत 20 कार्यों के लिए एक करोड़ 52 लाख, 03 नवीन विद्युत उपकेन्द्र आमाडांड, दुबटियासेवरा, अधियारखोह और 50 गांव में ट्रांसफारमर के लिए 10 करोड़ 39 लाख रुपए, मरवाही, लालपुर, केवंची और खोड़री में कन्या छात्रावास के लिए 6 करोड़ 50 लाख रुपए, ग्राम डोंगरिया में एकलव्य विद्यालय में आवश्यक कार्यों के लिए 75 लाख रुपए, ग्राम निमधा, सकोला, कोडगार, सेमरदर्री, अण्डी, पेण्ड्रा, मुरमुर, बरौर, खोडरी, कोरजा, कोटमीकला, नेवसा, पेण्ड्रा, गौरेला, बचरवार, धनौली, बंशीताल, केंवची, पकरिया के विद्यालयों में दो करो? 78 लाख 51 हजार रुपए के विभिन्न कार्य, जनपद पंचायत गौरेला, मरवाही अंतर्गत सारबहरा, कुम्हारी में बैगा अध्ययन केन्द्र, करंमरा-धनौली, करहनिया कछार और महोरा में प्राथमिक शाला भवन, खैरझिटी प?खुरी में माध्यमिक शाला भवन, सहित अन्य कार्य हेतु 88 लाख रुपए, जनपद पंचायत पेण्ड्रा, गौरेला अंतर्गत बम्हनी, झाबर, कुडकई, घाटबहरा, भाड़ी, पकरिया, खोडरी, बगरा, दौंजरा, डाहीबहरा, लालपुर में गौठान में चौन लिंक एवं फेंसिग कार्य 93 लाख रुपए, जनपद गौरेला, पेण्ड्रा और मरवाही के अंतर्गत बम्हनी, झाबर, घटबहरा, कुडकुई में बोरवेल निर्माण, कछार, डुगरा, जोगीसार,, करगीखुर्द, खेडरी, कोटमीखुर्द, लमना, पकरिया, पूटा, सधवानी, टीकरखुर्द, उमरखोही, पीपरखुटी, कोरजा, ठेंगाडांड, गिरवर, हर्राटोला, पतराकोनी, पड़वनिया, धनौली, गांगपुर, देवरगांव में बोर खनन हेतु 29.58 लाख रुपए के में गोठान तथा जनपद पंचायत पेण्ड्रा अंतर्गत 50 लाख रुपए से अधिक का आरसीसी नाली निर्माण कार्य एवं ग्राम सधवानी में 5 लाख का उद्यान निर्माण कार्य शामिल है।

## निगम क्षेत्र में 169 कोरोना पॉजिटिव होम आईसोलेट

**कोरबा।** बिना लक्षण या कम लक्षण वाले कोविड-19 के मरीजों को अब होम आईसोलेशन की सुविधा दी जा रही है। आज 16 सितम्बर तक नगर निगम कोरबा क्षेत्र में 169 कोरोना पाजिटिव मरीजों को होम आईसोलेट किया गया है, इनमें निगम के 08 जोनों में से कोसाबाड़ी जोन मे होम आईसोलेशन के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है, जिन क्षेत्र में होम आईसोलेशन मरीज ज्यादा हैं, वहां पर लोगों को ज्यादा सावधानी की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार कोविड-19 के बिना लक्षण एवं कम लक्षण वाले मरीजों को होम आईसोलेशन पर रखा जा रहा है। होम आईसोलेशन की अनुमति देने के पूर्व मरीज के होम आईसोलेशन की पात्रता के संबंध में प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्धारित शर्तो की पूर्ति होने पर ही मरीज को होम आईसोलेट कराया जा रहा है।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला-बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)**

दूरभाष क्रं. 07782-222336, (कार्या.) फैक्स क्रं. 225777, ई-मेल spofficejdr@gmail.com

क्रमांक-पु.अ./बस्तर/एसी/ई-1997/2020 दिनांक 16.09.2020

**// अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना//**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/छ.ग. गृह निर्माण मण्डल/ग्रामीण यांत्रिकी सेवा/सिंचाई विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला बस्तर, जगदलपुर में निविदाओं को उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी। (1) निविदा प्रपत्र का मूल्य 1 से 9 तक 750/- स.क्र. 10 - 300/- निर्धारित है। (2) ठेके की श्रेणी डी एवं उच्च श्रेणी रहेगी (3) कार्यवधि क्र. 1 से 6 3 माह, क्र. 7 से 9 तक 2 माह एवं क्र. 10-01 माह निर्धारित है।

**निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :-** 25.09.2020 के 05:00 बजे तक। **निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि** :- 26.09.2020 के 04:00 बजे तक। **निविदा खोले जाने की तिथि** :- 26.09.2020 के संध्या 05:00 बजे। **प्रभावी दर अनुसूची** :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01.01.2015 को जारी भवन एस.ओ.आर. में प्रचलित।

| क्र. | कार्य का नाम एवं कार्यस्थल | लागत | धरोहर राशि | क्र. | कार्य का नाम एवं कार्यस्थल | लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पुलिस लाईन में ब्राउनिंग रूम निर्माण कार्य | 6.50 लाख | 5000/- | 5. | पु.म.नि. कार्या. में कॉन्फ्रेंस कक्ष निर्माण | 2.96 लाख | 2000/- |
| 2. | पुलिस लाईन में मेग्जीन रूम निर्माण कार्य | 19.99 लाख | 15000/- | 7. | पुलिस लाईन में नाली निर्माण कार्य | 6.80 लाख | 5100/- |
| 3. | पुलिस लाईन में 03 नग डॉग केनाल निर्माण कार्य। | 20.00 लाख | 15000/- | 8. | पु.म.नि. कार्या. में मेनगेट परिवर्धन कार्य | 4.05 लाख | 2000/- |
| 4. | पुलिस लाईन में 22 नग आवास मरम्मत कार्य | 10.32 लाख | 7800/- | 9. | पु.म.नि. कार्या. में पोर्च मरम्मत(एसीपी) कार्य | 2.70 लाख | 2000/- |
| 5. | पुलिस लाईन में 48 नग आवास मरम्मत कार्य | 19.92 लाख | 15000/- | 10. | शौर्य भवन में इंटेरोशन कक्ष निर्माण कार्य | 1.16 लाख | 2000/- |

**नोट**:-निविदा से संबंधित अन्य जानकारी हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जगदलपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

**वरि. पुलिस अधीक्षक**
**जिला-बस्तर**

**जी-83739/3**

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर नवागढ़ में बेबीनार आयोजित, केन्द्र की उपलब्धियों को गिनाया

पायनियर संवाददाता < नवागढ़
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर नवागढ़ विधानसभा का वेबीनार का आयोजन किया गया । जिसमें जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व मंत्री डीडी बघेल, जिला महामंत्री विकास धर दीवान, नरेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय तिवारी,फिरतुराम साहू,दयावंत धर बांन्धे, राजा पांडेय,सुरेंद्र सिंह ठाकुर,जिला प्रभारी सतीश कसार, देवादास चतुर्वेदी भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास घरडे एवं जिला प्रभारी बबलू राजपूत सहित वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए।

जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने बताया कि किस तरह से नरेंद्र मोदी का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ और उन्होंने अपना प्रारंभिक जीवन अभाव में और रेलवे स्टेशन पर चाय बेचकर गुजारा,वो अपनी बुद्धि,कौशल ,लग्नशीलता ,मेहनत और कृतित्व के बल पर आज देश के प्रधानमंत्री जैसे प्रधान सेवक के पद पर पहुँचे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी बचपन काल में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े। संघ के प्रचारक रहे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ,गुजरात के मुख्यमंत्री और पिछले लगभग साढ़े छह वर्षों से भारत की 135 करोड़ जनता की सेवा करते हुए आज विश्व के सबसे बड़े नेता के रूप में स्थापित हुए।

जिला महामंत्री विकासधर दीवान ने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप देश की जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए 24 घंटे में से अठारह घंटे काम करते हैं। शर्मा ने कहा कि उनके कार्यकाल में भगवान श्रीराम का मंदिर बनने जा रहा है ,धारा 370 समाप्त हो चुकी है और मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक़ जैसी कुप्रथा से छुटकारा मिल चुका है। गाँव और शहर के गरीब लोगों को सरकारी योजनाओं का पैसा उनका सीधा खाते में जा रहा है।

दीवान ने कहा कि गरीब महिलाओं के चूल्हे का धुआँ समाप्त हो करके उनको गैस सिलेंडर मिल गया है। देश के जिन गरीबों के पास छत नहीं है, उनके घर का सपना आज उन्हें नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। पूर्व मंत्री बघेल ने कहा कि करोना जैसी महामारी के काल में इस चुनौती को भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता अवसर के रूप में बदलते हुए स्वदेशी की अवधारणा अपनाकर आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा कर रही है। अजय तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिस उद्देश्य को लेकर इस देश के अंदर राजनीति कर रही है कि सेवा ही संगठन है और समाज के अंतिम व्यक्ति का जीवन स्तर ऊपर उठाना ,उसको रोटी कपड़ा ,मकान ,पढ़ाई, दवाई की व्यवस्था करना, उसी को चिरतार्थ करने में देश के प्रधानमंत्री लगे हुए हैं। वेबिनार में नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू,परस वर्मा,अजय साहू,नरेंद्र शर्मा, सुभाष सोनी, दिलीप सिंह ठाकुर, मिन्टू बिसेन, सुरेश साहू, दीपक तिवारी, चैन साहू, दुर्गा सोनी, होरिलाल सिन्हा, छन्नू गुप्ता,कुंज बिहारी,रोहित साहू,राजेश दुबे,उमेश ध्रुव, दिलीप नवरंग, धनीराम निर्मलकर, दिनेश साहू, युपेश साहू साहित भाजपा नेतागण शामिल हुए।

### भाजपा नवागढ़ मण्डल ने बीएमओ को सौंपा ब्लड डोनेटर की सूची

जिला महामंत्री विकास धर दीवान के नेतृत्व में नवागढ़ मण्डल के पदाधिकारियों ने विकासखंड चिकित्सा अधिकारी एलडी ठाकुर को पार्टी 70 ब्लड डोनेटरो की सूची सौंपी, जो सेवा सप्ताह में रक्त दान करेंगे। इस दौरान देवादास चतुर्वेदी, चन्द्रपाल साहू,मिन्टू बिसेन,सुरेश साहू,रुम्पल टुटेजा,प्रणय दीवान, दिनेश साहू उपस्थित रहे।

# लूटपाट करने वाले दो आरोपी, एक अपचारी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

### पुलिस बाइक का रौब महंगा पड़ा

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



यहां पर मामला 17 सितंबर का है जिसमें प्रार्थी सम्मे सिंह नेताम पिता मंगलू नेताम उम्र 51 साल साकिन कोटेतरा के निवासी जैजैपुर में आकर रिपोर्ट यह लिखाया कि 16 सितम्बर की रात्रि करीब 8.30 बजे मोटरसाइकिल में गांव के जीतराम सिदार के साथ सवार होकर काम से लिम तरा मोहल्ला गए थे, लिमतरा मोहल्ला से काम पूरा कर वापस आ रहे थे कि लिंमतरा मोहल्ले के आगे रामप्रसाद चंद्रा को पिकअप में किराना सामान घूम-घूम कर बेचता है कि पिकअप को मोटरसाइकिल में सवार तीन लड़के चेक कर रहे थे, उसी समय हम लोग गुजरे और बिजली टावर बड़े गोटिया के लिमतरा के पास पहुंचे थे कि मोटरसाइकिल जिसको देवानंद उर्फ गब्बर मरावी चला रहा था एक पल्सर मोटरसाइकिल में 3 लड़के आए और हम लोगों को रुकवा कर हम लोग पुलिस वाले हैं, तुम लोगों की तलाशी लेना है, कह कर हम लोगों की तलाशी ली और सम्मे लाल के पैकेट में रखे 3000 एवं विवो कंपनी का मोबाइल कीमत 12000 को लूट लिया तथा देवांगन उर्फ गब्बर के पॉकेट से एक नोकिया मोबाइल कीमत 1500 जुमला 16500 को लूट लिया था मोटरसाइकिल को लूट रहे थे । हम लोगों के विरोध करने पर तीनों लड़के अपने पल्सर मोटरसाइकिल से आ गए । रिपोर्ट पर थाना जैजैपुर में अपराध पंजीबद्ध कर उच्च अधिकारी को अवगत कराया तत्काल पतासाजी विवेचना में लिया गया पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर के दिशा निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शक्ति शोभराज अग्रवाल के नेतृत्व में निरीक्षक तेजराम यादव थाना जैजैपुर सहायक उपनिरीक्षक अमित भार्गव ,अमित कुजूर टकेश्वर कटाक्कार ,अरुण कुमार चंद्रा ,कुंज बिहारी चंद्रा ,घनश्याम टंडन नारायण भानु ,जयराम बिझवार ,जय प्रकाश उराव ,जय नारायण कवर का टीम गठित कर प्रार्थी के बताए अनुसार हुलिया के संदेही का पतासाजी किया गया संदेही सोनू चंद्रा पिता भरत लाल चंद्रा उम्र 18 साल साकिन जैजैपुर वार्ड क्रमांक 3 संजय नगर विधि से संघर्षरत बालक से पूछताछ किया गया जो दोनों जुर्म स्वीकार कर प्रार्थी सम्मे सिंह नेताम से 3000 एक विवो कंपनी का मोबाइल कीमत 12000 एवं नोकिया मोबाइल कीमत 15.00 को लूट बताएं आरोपी सोनू चंद्रा के कब्जे से एक नोकिया 1010 कीपैड मोबाइल एवं 1000 तथा विधि से संघर्षरत बालक से 1000 को बरामद किया गया है शेष रकम 1000 एवं विवो कंपनी का मोबाइल फरार आरोपी लालू के पास होना बताए हैं तथा आरोपी शिव कुमार पिता जनकु राम खुंटे उम्र 20 साल साकिन बोईरडीह थाना हसौद मुकाम जैजैपुर किराए का कमरा संजय नगर जैजैपुर द्वारा घटना को अंजाम देने हेतु अपनी पल्सर मोटरसाइकिल को अपने साथियों को दिया था।

## 12.25 लाख की लागत से स्थापित वाटर एटीएम डेढ़ वर्षों से उपयोगहीन

पायनियर संवाददाता < किरंदल
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड क्र 04 में स्थित वाटर एटीएम् पिछले डेढ़ वर्षों से खराब पड़ी हुई है परिणामस्वरूप इसका उपयोग पूरी तरह से बंद है।इस वाटर एटीएम का लोकार्पण 05 जनवरी 2018 को किया गया था जिसकी लागत 12.25 लाख रु थी।इस विषय में वार्ड वासियों का कहना है वाटर एटीएम में 01 रु का सिक्का डालकर 05 लीटर पानी प्राप्त किया जाता था लेकिन कुछ महीने ही इसका लाभ प्राप्त हुआ।वार्ड में एक ही स्थान पर 02 मशीन स्थापित है जिसमे 01 मशीन संपूण रूप से खराब हो चुकी है तथा दूसरी मशीन शरारती तत्व द्वारा तोड़ दी गई है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है ।इस सन्दर्भ में नपा अभियंता संतोष नेगी का कहना है कि मशीन के पाइप लाइन को शरारती तत्व द्वारा उठाकर ले जाया गया है तथा सिक्के डालने के हिस्से को तोड़ दिया गया है।जिसकी मरम्मत करवाई जाएगी।



## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने अस्पताल में फल वितरण किया

पायनियर संवाददाता < नवागढ़
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिवस के अवसर पर भाजपाइयों द्वारा मनाया जा रहे सेवा सप्ताह कार्यक्रम में तरह-तरह के सेवा कार्य किए जा रहे हैं। जिसके चलते गुरुवार को नवागढ़ मण्डल के भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने बुधवार को नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को फल वितरण किए।

प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव सप्ताह के तहत भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री दयावंत धर बांधे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, भाजयुमो जिला प्रभारी बबलू राजपूत,मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, महामंत्री मिन्टू बिसेन, महामंत्री सुरेश साहू, उपाध्यक्ष दिलीप नवरंग, मंत्री उमेश ध्रुव, विष्णु सिंह ठाकुर सहित कार्यकर्ताओं ने फिजिकल डिस्टेंसिंग के साथ कोविड प्रोटोकॉल का भी पूरा पालन करते हुए नवागढ़ ब्लॉक के प्रतापपुर, अँधियारखोर, गाड़ामोर, नांदल आदि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को फल सौंपते हुए मरीजों को वितरित करने का निवेदन किया।

भाजपा जिला महामंत्री विकास दीवान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का गौरव हैं। देश को सम्मान दिलाने का काम उन्होंने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरों के लिए जीने वाले शख्स हैं। उनके कठिन परिश्रम और कुशल नेतृत्व की वजह से आज देश अन्य देशों के मुकाबले कोविड 19 के कहर से खुद को काफी हद तक बचा पाया है। दयावंत धर बांन्धे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वमंचों पर देश का सम्मान बढ़ा है और देश निरंतर प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर हम सभी उन्हें अनंत शुभकामनाएं देते हैं और उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं।

इस दौरान पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, पूर्व जिला मंत्री मधु रॉय, मण्डल मंत्री रोहित साहू,जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा रूपम्पल टुटेजा, धनीराम निर्मलकर, गोलू सिन्हा, टीकम पूरी गोस्वामी, प्रभारी दिनेश साहू, युपेश साहू, सुनीता भास्कर, तोपचन्द बंजारे, मनीष साहू, बहोरन सिंह ठाकुर, रामकुमार साहू,मुचुकुन्द राजपूत, अभीषेक राजपूत, राजेश साहू,कार्तिक घृतलहरे,नागेश्वर राजपूत, बालशंकर वर्मा, गुनेश वर्मा, सूरज वर्मा, विकास, नकुल साहू, रामभरोस साहू, कौशल साहू, कमलेश सिंह, गुहा राम साहू,सोनू राजपूत, संजीव राजपूत, रितु राजपूत, नंदन यादव, अंकित राजपूत, हितेश वैष्णव, राजू राजपूत, अश्वनी साहू, लहरी सिंह एवं संतोष यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बेनूर में आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम में शामिल हुए केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वे जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के रुप मे मना रही उसी के तहत आज नारायणपुर जिले के ग्राम बेनूर मे जरूरत मंदों को श्रवण यंत्र,चश्मा,छड़ी का वितरण कर वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर मौजूद पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कहा की देश आज मोदी जी के नेतृत्व मे पिछले 6 वर्ष में देश में बड़ा परिवर्तन हुआ है। 6 वर्ष पहले देश में अराजकता थी, असुरक्षा थी, अविश्वास था, अव्यवस्था थी। आज देश नए उत्साह, नए गौरव की अनुभूति और नई सुदृढ़ व्यवस्था के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। दूसरी ओर कश्मीर में में धारा 370 खत्म करते हुये पूरे देश के अंदर एक भारत श्रेष्ठ भारत की एक नई कड़ी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोड़ा है अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 वर्षों से सनातन हिंदू लड़ता रहा शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अयोध्या के मंदिर का ना केवल फैसला लाए बल्कि मंदिर निर्माण का शुभारंभ भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हाथों कर भारत की आस्था को मजबूती दी वहीं वैश्विक मंच पर योग को विश्व योग दिवस के रुप मे प्रतिष्ठा दिलाने का कार्य सहित देश को विकास की ओर अग्रसर करने की दिशा में कई नए कीर्तिमान स्थापित किये है।

## वायरल वीडियो देख भड़के स्वास्थ्य मंत्री, दिए जांच के आदेश

## एक घंटे के भीतर अंबिकापुर में कोरोना पॉजिटिव 3 महिलाओं की मौत

पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



तीनों एक ही दिन हुई थीं भर्ती, कोरोना पॉजिटिव एक महिला की मौत ऑक्सीजन सिलेंडर बदलने के दौरान हुई, वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री हुए नाराज, जांच के लिए बनाई 5 डॉक्टरों की टीम. एक घंटे के भीतर अंबिकापुर में कोरोना पॉजिटिव 3 महिलाओं की मौत, वायरल वीडियो देख भड़के स्वास्थ्य मंत्री, दिए जांच के आदेश तीनों एक ही दिन हुई थीं भर्ती, कोरोना पॉजिटिव एक महिला की मौत ऑक्सीजन सिलेंडर बदलने के दौरान हुई, वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री हुए नाराज, जांच के लिए बनाई 5 डॉक्टरों की टीम अंबिकापुर. शहर के कोविड अस्पताल में भर्ती कोरोना पॉजिटिव 3 महिलाओं की गुरुवार की शाम 1 घंटे के भीतर मौत से प्रशासनिक व स्वास्थ्य महकमे में हडकंप मच गया है। तीनों महिलाएं 16 सितंबर को भर्ती हुई थीं। एक महिला की मौत का वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन पर नाराजगी जताई। वीडियो के अनुसार महिला की मौत सिलेंडर में ऑक्सीजन खत्म हो जाने के बाद इसे बदलने के दौरान हुआ था। स्वास्थ्य मंत्री ने मामले की जांच के लिए 5 सदस्यीय डॉक्टरों की टीम का गठन किया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में कोरोना अब हर दिन 3 हजार के आंकड़े को पार कर रही है। इसके साथ ही मौतों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। सरगुजा जिले में भी कोरोना ने हर वर्ग में अपनी चपेट में ले रखा है। यहां भी पॉजिटिवों की संख्या अब 1600 को छूने वाली है। इसी बीच अंबिकापुर कोविड अस्पताल से गुरुवार की शाम एक घंटे के भीतर कोरोना पॉजिटिव 3 महिलाओं की मौत ने सबको सकते में डाल दिया है। प्रशासनिक व स्वास्थ्य महकमे में खलबली मच गई है। इसमें कोरिया जिले के मनेंद्रगढ़, खोंगापानी निवासी 56 वर्षीय एक महिला की शाम 6.30 बजे मौत हो गई। सांस लेने में तकलीफ के बाद महिला को 16 सितंबर को अंबिकापुर के कोविड अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही सामने आ रही है। महिला की मौत का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। कोरिया जिले की ही चरचा कॉलरी निवासी 56 वर्षीय एक अन्य संक्रमित महिला की भी गुरुवार की शाम 7 बजे मौत हो गई, उसे भी 16 सितंबर को कोविड अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया था। वहीं शहर के दर्रीपारा निवासी एक 61 वर्षीय महिला को भी 16 सितंबर को ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आइसोलेशन सेंटर में भर्ती कराया गया था।

## सेवा सप्ताह' कार्यक्रम के अन्तर्गत बेबीनार आयोजित

**सरायपाली।** जिला में 'सेवा सप्ताह' कार्यक्रम के अन्तर्गत 'यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ' के जीवन और व्यक्ति त्व पर बेबीनार आयोजित कार्यक्रम सराईपाली विधानसभा स्तरीय बेबीनार फेसबुक पर लाईव आयोजित किया गया था। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्त ा के रूप में पूर्व विधायक रामलाल चौहानए पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेलए तथा इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे भाजपा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन उपवेजाए भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्माए एवं छत्तर सिंह नायक सहित सराईपाली विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता एवं जनता ऑन लाइन इस बेबीनार में शामिल हुए।

### जिले में दो कंट्रोल रूम से हो रही है सतत् निगरानी

**सुकमा।** सुकमा में कोरोना पर निगरानी के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा दो कंट्रोल रूम बनाए गए हैं जहां से हर पल कोरोना कि मॉनिटरिंग की जाती है। पहला कंट्रोल रूम जिला कोविड कंट्रोल रूम है जहां सतत् मॉनिटरिंग के साथ ही प्रतिदिन के जांच, रिपोर्ट, और मरीजों कि संख्या का ब्यौरा रखा जाता है। गत दिवस पूर्व ही जिले में दूसरा कंट्रोल रूम बनाया गया है जिससे होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों की मोनिटरिंग की जाती है।

## हिंदी का सर्वाधिक प्रयोग ही राष्ट्रभाषा के प्रति सम्मान: रोईमोन

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

**सेंट थॉमस महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस**

सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा के हिन्दी विभाग द्वारा राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर स्वरचित कविता का ऑनलाइन स्पर्धा रखी गई। इसमें ऑनलाइन स्वरचित कविताएं प्रेषित की गई। छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोंन ने कहा कि राजभाषा हिंदी देश में संचार का सबसे बड़ा माध्यम है। परंतु कोविड-19 के कारण आज संचार के लिए ई माध्यमों का सर्वाधिक प्रयोग किया जा रहा है, ऐसे में संचार के ई माध्यमों में भी हिंदी का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग किया जाना चाहिए। यही राष्ट्रभाषा का सबसे बड़ा सम्मान होगा। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट डॉ. सुरेखा सुरेखा जवादे ने कहा कि किसी भी देश की राष्ट्रभाषा नागरिकों के लिए गर्व का विषय होती है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को इसका सम्मान करते हुए अधिक-से-अधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। आयोजन समिति के सदस्य सहायक प्रध्यापक रूपा श्रीवास्तव व संतोष यादव ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई कविताओं का विजेता के लिए नाम घोषित किया।

चयनित प्रतिभागियों में आनंदिता चक्रवर्ती बीएससी प्रथम वर्ष एवं कोमल करिया बीकॉम प्रथम वर्ष द्वारा अपनी कविता मां को समर्पित की। नितेश कुमार नायक ने अपनी कविता हिंदी भाषा पर व शैलजा दुबे ने मेरी हिंदी भाषा शिर्षक के साथ अपनी कविता राष्ट्रभाषा को समर्पित की। जिज्ञासा सिंह द्वारा मैं हिंदी हूं पर अपनी कविता पढ़ी। इसके अलावा अन्य छात्र-छात्राओं में रितेश कुमार, अंबिकेश्वर साहू, अंजली यादव व माधुरी यादव आदि विद्यार्थियों द्वारा इस स्पर्धा में अपनी कविताएं प्रेषित कीं।

**मोहल्ले की महिलाओं ने समस्याओं को लेकर सीएमओ को सुनाई खरी खोटी**

# अड़भार नगर पंचायत के नागरिक सीएमओ की कार्यशैली से परेशान

**अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों में समन्वय ना हो पाने के कारण नहीं हो रहे हैं छोटे-छोटे विकास के कार्य**

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के मां अष्टभुजी देवी की नगरी नगर पंचायत अड़भार के विभिन्न मोहल्लों में इन दिनों समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, तथा मोहल्ले वासियों द्वारा अनेकों बार मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत कार्यालय को समस्याओं की जानकारी देने के बावजूद इन समस्याओं के निराकरण में ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते 18 सितंबर को नगर पंचायत अड़भार के वार्ड क्रमांक- 13 बिजली भाटा चौक मोहल्ले की काफी संख्या में महिलाओं एवं नागरिकों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी को खरी-खोटी सुनाई तथा मोहल्ले वासियों ने बताया कि उनके मोहल्ले में करीब सौ डेढ़ सौ लोग निवास करते हैं एवं करीब 30- 40 की संख्या में परिवार रहते हैं, एवं पानी की निस्तारी के लिए एकमात्र साधन तालाब है, जो कि पूर्ण रूप से गंदगी एवं दूषित हो चुका है, तथा तालाब का पानी पूरा काला हो चुका है जिससे मोहल्ले वासियों को जहां संक्रमण का खतरा बना हुआ है तो वहीं मोहल्ले का एकमात्र पानी पंप भी विगत 15 दिनों से खराब है, जिसके बारे में अनेकों बार बोलने के बावजूद कार्य नहीं हो पा रहा है, मोहल्ले वासियों का कहना है कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने के बाद जनप्रतिनिधियों का वक्तव्य है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा समस्याओं के निराकरण की दिशा में प्रशासनिक दृष्टिकोण से कोई रुचि नहीं ली जा रही है, जिसके चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई है, तथा वार्ड क्रमांक- 13 की नगर पंचायत दफ्तर पहुंची महिलाओं को मौके पर उपस्थित नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने कहा कि वह तत्काल इस संबंध में जानकारी लेकर समस्या के निराकरण के लिए प्रयास करेंगे, तथा प्रशासनिक अधिकारी की उदासीनता से नगर पंचायत अड़भार के नागरिकों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा, इस हेतु वे दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करेंगे, विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने बताया कि उनके द्वारा भी विगत कई महीनों से निरंतर मुख्य नगरपालिका अधिकारी को समस्याओं के बारे में जानकारी दी जा रही है किंतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नियमित रूप से मुख्यालय में उपस्थित न रहने के चलते एवं नगर पंचायत के अंतर्गत कार्यों के त्वरित निराकरण में कोई रुचि न ले पाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे उन्होंने 14 एवं 15 सितंबर को जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर तथा राजधानी रायपुर पहुंचकर मालखरौदा विधायक के साथ प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री को भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी की इस उदासीनता के संबंध में अवगत करा दिया है, एवं नगरीय प्रशासन मंत्री ने भी आश्वासन देते हुए नगर पंचायत अड़भार की इस अव्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है, तथा 18 सितंबर को वार्ड क्रमांक- 13 बिजली भाटा मोहल्ले की गुरुवारी बाई,लक्ष्मी दिनकर, उर्मिला कुर्रे, गणेशी बाई, सुभाष, धनराम सहित काफी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे।

# विधानसभा में 2 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता
< डोंगरगढ़/डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



विधायक व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू की अनुशंसा पर डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 2करोड 10 लाख रू की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री सुगम सडक योजना के तहत 1करोड 58 लाख व खनिज न्यास मद से 52 लाख रू की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। विधायक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में अमरनाथ साहू ने बताया कि कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन डोंगरगांव में पंहुच मार्ग निर्माण 1007 लाख, आईटीआई हास्टल भवन डोंगरगांव पंहुच मार्ग 16 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग चांदो 8.09 लाख, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग मोहड 16 लाख, तहसील कार्यालय पंहुच मार्ग डोंगरगांव 4.14 लाख, एसडीएम कार्यालय एवं क्वार्टर में पंहुच मार्ग डोंगरगांव 4.14 लाख, हाई स्कूल जंतर में पंहुच मार्ग 2.56लाख, उपस्वास्थ केन्द्र मेढा पंहुच मार्ग 11.45 लाख रू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुनी पंहुच मार्ग 11.45 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग जंगलपुर 8.71 लाख, हाई स्कूल भवन पंहुच मार्ग अर्जुनी 7.85 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग तेलीटोला से टप्पा 11.45 लाख रू, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग तिलईरवार 6.52 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग धौराभांठा 11.45 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग आरगांव 5.98 लाख, मोहड से शीतला मंदिर कांक्रीट पंहुच मार्ग 16 लाख रू, इसी तरह खनिज न्यास मद से पेयजल व्यवस्था हेतु रामपुर में 1.52 लाख, तिलईरवार 5 लाख, रातापायली 1.50 लाख, सुखरी (अर्जुनी) पंप हाउस 5 लाख, पेयजल व्यवस्था हेतु सम्वेल निर्माण डोंगरगांव 4.50 लाख, डोंगरगांव मे माटी शिल्पकला हेतु ग्लेजिंग युनिट स्थापना हेतु 25 लाख, शासकीय इंगलिश मीडियम स्कूल उन्नयन कार्य डोंगरगांव 4 लाख रू, प्राथमिक शाला झिटिया में अहाता निर्माण 5 लाख रू की स्वीकृति सम्मिलित है।

# घुमका क्षेत्र में भरदाखुर्द के झोलाछाप डॉक्टर के क्लिनिक में स्वास्थ्य अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मारा छापा

## स्वास्थ्य विभाग और ड्रग कंट्रोल के अधिकारी पहुंचे घुमका पुलिस के साथ, फर्जी डॉक्टर फरार, जब्त की गई दवाइयां, प्रतिवेदन पश्चात होगी एफआईआर

- छापे की खबर लीक होने का अंदेशा

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





घुमका क्षेत्र के ग्राम भरदाखुर्द में झोलाझाप चिकित्सक के ठिकाने पर संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की है। टीम ने यहां से दो ड्रम में दवाईयां जब्त की है। क्लिनिक सील कर दिया गया है। आशंका है कि उक्त डॉक्टर को छापे की भनक पहले ही लग गई थी। छापे से पहले ही क्लिनिक से दवाईयां गायब कर दी गईं और उक्त व्यक्ति खुद भी फरार हो गया। शिकायत थी कि यहां बिना किसी डिग्री और पंजीयन के परसराम वर्मा आयुर्वेदिक दवाईयों के आड़ में विभिन्न एलोपैथिक दर्वायों का चूर्ण बनाकर ग्रामीणों को देता रहा है। यहां रोजाना दर्जनों मरीज ईलाज के लिए पहुंच रहे थे। उक्त डॉक?र के क्लिनिक में कोरोना प्रोटोकॉल को लेकर भी कोई एहतियात नहीं बरती जा रही थी। जबकि इलाके में कोरोना संक्रमण पैर पसार रहा है।

बताया जा रहा है जहां एक आयुर्वेद चिकित्सा के आड़ में कथित वैद्य रोजाना 50 से 100 मरीजों को गठिया बात, लकवा जैसी गम्भीर बीमारियों के इलाज का दावा करता है। यहां मरीजों का कोरोनाकाल में भीड़भाड़ के बीच स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के नाक के नीचे धड़ल्ले से अपना कारोबार चला रहा था। लम्बे समय से उक्त कथित वैद्य बिना किसी डिग्री और पंजीयन के इलाज करता आ रहा है। लेकिन आज तक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यहां जांच तक नहीं किया था। जानकर सूत्रों के अनुसार उक्त वैद्य की योग्यता बमुश्किल हाई स्कूल तक ही है। सूत्रों के मुताबिक प्रतिदिन मरीजों की संख्या के हिसाब से उक्त झोलाछाप वैद्य की कमाई 50 हजार रुपये के ऊपर बतायी जा रही है। कोरोना को लेकर आशंकित आसपास गांव के ग्रामीणों में झोलाछाप वैद्य के घर कोविडप्रोटोकॉल के खिलाफ कथित मरीजों की जमा हो रही भीड़ को लेकर काफी दहशत भी है।

### दो ड्रम सुगंधित पावडर जब्त

स्वास्थ्य और औषधि (ड्रग) विभाग के साथ घुमका पुलिस की टीम ने एक साथ शुक्रवार को 10 बजे छापा मारकर कथित क्लिनिक और उक्त झोलाछाप आयुर्वेदिक चिकित्सक के घर की बारीकी से छानबीन किया। टीम में सहायक ड्रग कंट्रोलर संजय झाड़ेकर, ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका ध्रुव, विष्णु साहू, बीएमओ डॉ विजय खोब्रागडे, आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ अमरनाथ शुक्ला और घुमका थाना के अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम ने घर का कोना कोना तलाश किया। यहां आयुर्वेदिक सुगन्धित पावडर दो ड्रम जप्त कर सेम्पल लिया गया। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार उक्त कथित चिकित्सक को छापे की भनक लग गई थी। इसके चलते कई प्रतिबंधित दवाइयों को मौके से हटा दिये जाने की खबर है। अधिकारियों की टीम पहुँचने से पहले ही उक्त झोलाछाप डॉक्टर गायब हो चुका था। यहाँ अधिकारियों ने मौके से कार्यवाही के लिए कई साक्ष्य भी एकत्रित किया है। जांच के दौरान कुछ मरीजो के पहुंचने का सिलसिला चल रहा था जिनसे पूछताछ में मरीजों ने कथित उक्ति व्यक्ति द्वारा इंजेक्शन और कई प्रकार के दवाइयों को बिना पर्ची बांटने का बयान दिया है।



### क्षेत्र में हड़कंप

उक्त छापे की कार्यवाही के बाद क्षेत्र के तमाम झोलाझाप चिकित्सकों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति काफी लम्बे समय से आयुर्वेद के आड़ में प्रतिबंधित एलोपैथी दवाइयां महंगे दामों में लकवा, बात आदि बीमारियों को ठीक करने के दावों के साथ मरीजों का इलाज कर रहा है। समझा जा रहा है कि जप्तशुदा सुगन्धित पावडर में मिलाकर इस तरह के अवैध कामों में लिप्त हैं। जबकि दवाइयों के अनुपात में थोड़ी सी चूक जानलेवा भी हो सकती है।

### स्त्रोत की भी जांच जरुरी

उक्त व्यक्ति को भारी मात्रा में मिलनेवाली दवाइयों के स्रोत मसलन मेडिकल स्टोर, एजेंसी की जाँच भी जरुरी बताई जा रही है। जबकि दवाइयों की बिक्री का हिसाब भी रखा जाता है। इसके बावजूद भी बड़ी मात्रा में फर्जी डॉक्टर के घर दवाइयों का जप्त होना कई खामियों की ओर इशारा करता है। कोरोना महामारी के गम्भीर दौर में भारी भीड़ जमा होने के मामले में भी प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की आखिर अब तक खामोशी भी लोगो के गले नहीं उतर रही है। बहरहाल जांच टीम के अधिकारियों के मुताबिक पूरे मामले का प्रतिवेदन बनाकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजा जायेगा उसके बाद एफआईआर किया जाना है।

आयुर्वेदिक दवा के आड़ में लोगों के जान जोखिम में डालने वाले उक्त फर्जी डॉक्टर के घर और क्लिनिक में ड्रग कंट्रोल और स्वास्थ्य विभाग द्वारा छापा मारा गया। गलत तरीके से इलाज के मामले में जांच कर शीघ्र दोनों विभागों की ओर से प्रतिवेदन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजा जाएगा इसके बाद कार्यवाही होगी।

**-डॉ विजय खोब्रागडे,**
बीएमओ घुमका

# खुल गया शहर : तालाबंदी का दौर खत्म होते ही अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी लोगों की है

- सुबह 6 से रात 9 बजे तक मिली व्यवसायिक संस्थानों को संचालन की अनुमति
- कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना होगा, भीड़भाड़ से बचें और न ही भीड़ होने दें

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अंततः दो हफ्तों की तालाबंदी के बाद शुक्रवार को जिला प्रशासन ने शहर को अनलॉक कर ही दिया। जिला प्रशासन में गुरुवार से ही अनलॉक को लेकर फैसला लेने की तैयारी थी लेकिन पड़ोसी दुर्ग जिले के लॉकडाउन होने के चलते कश्मकश बढ़ गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों का यह मानना था कि कोरोना संक्रमण को रोकने के मसले पर लॉकडाउन से आंशिक फायदा ही मिल रहा है जबकि इसके चलते बड़ी आर्थिक क्षति हो रही है जिससे आम लोग भी प्रभावित हो रहे हैं।

जिला प्रशासन ने सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सभी व्यवसायिक संस्थानों के संचालन की अनुमति दी है। इसके साथ ही शहर में तमाम गतिविधियां शुरु हो जाएंगी। हालांकि यह फैसला लोगों के लिए बड़ी जिम्मेदारी लेकर आया है। लॉकडाउन को खत्म करते हुए प्रशासन ने यह अप्रत्यक्ष रुप से साफ कर दिया है कि अब लोगों को कोरोना के खिलाफ अपनी जिम्मेदारियों को समझना ही होगा। बार-बार लॉकडाऊन का फैसला लिया जाना बड़ी मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

अक्सर देखने में आया है कि लॉकडाउन खुलते ही पहले ही दिन बाजार भीड़ से खचाखच हो जाता है। अब ऐसी लापरवाहियों के लिए कोई जगह नहीं बची है। लोगों को कम से कम बाहर निकले और धैर्य रखने की जरुरत है। ताकि भीड़ में संक्रमण से बचा जा सके। ये जरुरी है कि लोग कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें। जरुरी यह भी है कि लोग खुद से ही कोरोना जांच के लिए शुरु किए गए शिविर का रुख करें और अपनी जांच कराए। यही सबसे सार्थक तरीका है जिससे कोरोना के खिलाफ जंग जीती जा सकती है।

समय पर हुई जांच खतरा कम करने के लिए मददगार है। पहले से ही गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को खासी एहितयात बरतनी है। सरकारें, प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा अपनी जिम्मेदारियों में भिड़ा हुआ है। ऐसे में उन्हें आम लोगों से मदद की भी दरकार है।

# मनेरी में सीसी रोड के लिए भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




अंचल के ग्राम पंचयात मनेरी के वार्ड क्रमांक 12 में सीसी रोड के लिये भूमि पूजन हुआ। डोंगरगांव जनपद पंचयात अध्यक्ष टिकेश साहू के मुख्यआतिथ्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर नरबद बाई चंद्रवंशी जनपद सदस्य, सरपंच ग्राम पंचायत मनेरी जुगत साहू, उपसरपंच टीका राम चंद्रवंशी, पंचगण पोहन दास, रुखम लाल साहू, ढाल दास साहू, कुमेश साहू, गीता बाई चंद्रवंशी, कुमारी बाई, निर्मला मंडावी, पार्वती साहू, तिलक राम, धुम्मन लाल कंवर, सोनिक साहू, सचिव गोकुल राम निषाद, कम्प्यूटर ऑपरेटर पवन साहू सहित ग्राम प्रमुख इंद्रकुमार गंगबेर, दिलीप कोठरी, हेम राम यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जनपद कार्यालय में महिला भृत्य पॉजिटिव

- बरसनटोला के रिटायर्ड शिक्षक की हुई मौत
- नगर व जनपद इलाके में कोविड का कहर

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में एक सराफा व्यवसायी व बनहरदी के ग्रामीण की मौत के बाद 18 सितम्बर को एक रिटायर्ड शिक्षक का दुखद देहावसान हो गया है। प्रशासन से जारी बुलेटिन में बरसनटोला के 78 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक लखन साहू की पेण्ड्री कोविड केयर सेंटर में उपचार दरम्यान मौत हो गई है। खबर लिखे जाने तक कोविड प्रोटोकॉल में अंत्येष्टि की प्रक्रिया जारी है।

मेडिकल बुलेटिन मुताबिक जनपद पंचायत कार्यालय की 36 वर्षीय महिला भृत्य पॉजिटिव पाई गई है। जनपद में अब तक 4 कर्मचारी पॉजिटिव हो चुके हैं। 17 सितम्बर देर शाम को रिपोर्ट में नगर के एक सीए व एक स्वास्थ्यकर्मी सहित रामपुर व गुँगेरी नवागांव में 1-1 पॉजिटिव पाये गए थे। सीए के प्रायमरी कांटैक्ट के लोगों के भी सैंपल लेने की खबर है। 18 सितम्बर को खबर लिखे जाने तक रैपिड एंटीजेन टेस्ट में नगर में 02 व रामपुर में 01 पॉजिटिव होने की पुष्टि की गई है।

# आज से धरने पर जाएंगे जिले के 5 सौ संविदा कर्मी

- कोरोना काल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर पड़ेगा असर

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य महकमे के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। शुक्रवार की देर शाम तक राज्य सरकार और प्रांतव्यापी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मियों के बीच नियमितिकरण को लेकर बातचीत नहीं हो सकी। संघ का कहना है कि

उन्हें अब तक सिर्फ मौखिक आश्वासन मिला है जबकि वे लिखित आश्वासन चाह रहे हैं। शनिवार से प्रांतव्यापी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरु हो जाएगा। गौरतलब है कि जिले में 487 ऐसे कर्मी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं प्रदेश में यह आंकड़ा 13 हजार का है।

कोरोना काल में इस हड़ताल का व्यापक असर पड़ेगा। पहले ही संसाधनों की कमी से जूझ रहे स्वास्थ्य महकमे में मानव संसाधनों की कमी खड़ी हो जाएगी। जिले के सभी ब्लॉकों में कर्मी हड़ताल की तैयारी हैं। वहीं सचिव स्तर पर संघ को एस्मा के तहत कार्रवाई को लेकर पहले ही नोटिस दिया गया है। शुक्रवार को संघ की बातचीत स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से होनी थी। लेकिन वे गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए रवाना हो गए और बातचीत नहीं हो सकी।

लगभग डेढ़ दशक से जिले से लेकर ब्लॉक और मैदानी अमले में शामिल कई कर्मी संविदा में कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चिरायु, आईडीएफसी, नेशनल कम्युनिकेबल डिसिस, एड्स कंट्रोलर तथा शहरी स्वास्थ्य मिशन के दर्जनों कर्मचारी जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में पदस्थ हैं। बताया जा रहा है कि कोरोनाकाल में आईडीएफसी के कर्मियों की भूमिका अहम है। इसके चलते माईक्रो बॉयोलिजस्ट तकनीकी के तहत लैब जांच भी प्रभावित होगी। कोविड-19 मरीजों के रक्त के नमूने की जांच इसी तकनीकी के तहत की जा रही है। जांच करने वाले लैब टेक्नीशियन एनएचएम के ही कर्मी हैं। माना जा रहा है कि हड़ताल के दौरान सर्वाधिक रूप से कोरोना मरीज प्रभावित होंगे।

एनएचएम कर्मी संघ के अखिलेश सिंग ने कहा कि लगातार गुहार के बावजूद हमें न्?याय नहीं मिल सका है। चुनाव घोषणा पत्र में कर्मियों को नियमित किए जाने का भी सरकार ने वादा किया था। कोरोनाकाल में हड़ताल पर जाना उनकी मजबूरी है। राज्य सरकार इस दिशा में ध्यान नहीं दे रही थी। इस संबंध में जिला सीएमएचओ डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया कि हड़ताल में जाने से स्थिति पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। विभाग ने नियमित कर्मियों को उनके जगह जवाबदारी दी है।

## समाजसेवी की पहल से होगा कोविड केयर, नगर में प्रतुल कुमार वैष्णव केयर सेंटर

# नि:शुल्क कोविड केयर सेंटर की कवायद

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर व अंचल के गांवों में कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार इजाफे के मद्देनजर निकट भविष्य में डोंगरगांव नगर में और अधिक कोविड केयर बेड की आवश्यकता होगी। इस आवश्यकता को महसूस करते हुए समाजिक कार्यकर्ता प्रतुल कुमार वैष्णव के द्वारा दस बेड की ÷प्रतुल कुमार वैष्णव निशुल्क कोविड केयर सेंटर÷ प्रारम्भ किया जा रहा है।

प्रतुल कुमार वैष्णव ने बताया कि यह प्रदेश का पहला कोविड सेंटर होगा जहां डिस्पोसेबल बेडशीट उपलब्ध कराई जाएगी । चूंकि कोरोना मरीज को उत्साहित एवं सकरात्मक रखना भी आवश्यक है इसलिए इस कोविड सेंटर में खेल सामग्री, पुस्तकें, भी उपलब्ध होंगी। मरीजों को योग एवं व्यायाम कराने की भी व्यवस्था को जाएगी। सम्पूर्ण तैयारी के पश्चात विधायक दलेश्वर साहू एवं अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में 25 सितम्बर को ÷प्रतुल कुमार वैष्णव निशुल्क कोविड केयर सेंटर÷ प्रारम्भ होगा। उक्त कोविड केयर सेंटर डोंगरगांव के वृद्धाश्रम भवन में संचालित होगा। विधायक दलेश्वर साहू ने प्रतुल कुमार वैष्णव के उक्त अभिनव पहल से प्रेरित होते हुए युवा समाजसेवी की सराहना की। विधायक ने नागरिकों से भी उक्त कोविड केयर सेंटर में अपने पूर्वजों की स्मृति या स्वयं के सौजन्य से कम्प्लीट बेड तथा अन्य सामग्री प्रदान करने की अपील की है ।

### विशेषज्ञ करेंगे कोविड सेंटर केयर

इस सेंटर में प्रतुल कुमार वैष्णव के द्वारा निजी व्यय से दस की संख्या में 33.6म 6 साइड का बेड, मैट्रेस, पिलो, प्रत्येक बेड के साथ ड्रिप स्टैंड, प्लस ऑक्सी मीटर, थर्मामीटर, नेबुलाइजर, मोबाइल चार्जर, शतरंज, लूडो आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त सेंटर विधायक दलेश्वर साहू के संरक्षकत्व, फिजियोथेरेपिस्ट गीतेश अमरोहित एवं ब्लॉक कोविड प्रभारी होरीलाल साहू के मार्गदर्शन में संचालित होगा।

# भगवान भरोसे चल रहे जियो मोबाइल से उपभोक्ता त्रस्त

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com

सर्विस प्रोवाईडर जियो के लोक लुभावन प्लान और फ्री नेट की उपलब्धता के ऑफर के चलते उपभोक्त ाओं ने ताबड़ताड़ जियो सिम व मोबाईल सेट खरीदे और इस्तेमाल शुरु किया। ऑफर के तहत 199, 399, 555, 249, 444 और 598 का डेढ़ व दो जीबी का प्लान रिचार्ज करवा कर बेहतर नेटवर्क के लिये जाने वाले जियो मोबाईल का इस्तेमाल शुरू किया। लेकिन जिस तरह से नेटवर्क और स्पीड देने का वदा किया गया था वो अब छुरिया सहित क्षेत्र मे ध्वस्त होता दिखाई दे रहा है। जियो मोबाइल उपभोक्त ा नेट प्राब्लम से त्रस्त हो चुके हैं। छुरिया नगर में आलम ये है कि जियो टावर के 10 फीट की दूरी में मोबाइंल से न ही व्हाटसएप्प चला पा रहे हैं न ही फेसबुक चला पा रहे हैं। किसी काम से मेल करना है तो उपभोक्त ा मेल भी नहीं कर पा रहे हैं।

यह बताना लाजिमी होगा कि जियो मोबाईल के नेट वर्क से उपभोक्त ा खासे परेशान हैं। लेकिन जियो कंपनी के कर्मचारी अधिकारियों को उपभोक्त ाओं के परेशानी से कोई सरोकार नही दिख रहा है। भगवान भरोसे चल रहे जियो मोबाइल अब चरमरा गया है। उपभोक्त ा अब फिर बीएसएनएल की ओर रूख करने लगे हैं। बताया जाता है कि जियो नेट कब आयेगा और कब चला जायेगा इसकी गारंटी नही है। जियो नेटवर्क जब लांच किया गया था तब कंपनी ने उपभोक्त ाओं से शानदार नेट का वादा किया था जो ध्वस्त हो गया है।

अब उपभोक्त ाओं मे जियो को लेकर बेहद नाराजगी दिख रही है। उपभोक्त ाओं का कहना है कि जियो ने उपभोक्त ाओं से जो वादा किया था उसे निभाया नही जा रहा है। वो दिन दूर नहीं जब उपभोक्त ा जियो मोबाईल से किनारा करते नजर आयेंगें। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सिद्दीक मेमन ने कहा है कि जियो कंपनी उपभात्त ाओं से नेट के नाम मोटी रकम वसूल रहे हैं। लेकिन उन्हे सिवाय परेशानी के कुछ नहीं मिल रहा है। जियो कंपनी के अधिकारियों को उपभोक्त ाओं के परेशानी से कोई वास्ता नहीं हैं।

# युवा उद्यमी निलेश देवांगन का निधन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के शुरूआती साल में राजनांदगांव में सीआईटी कॉलेज की नींव रखने वाले युवा उद्यमी निलेश देवांगन की शुक्रवार तड़के निधन हो गया। कम उम्र में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निलेश देवांगन ने अपने कुछ युवा साथियों के साथ सीआईटी कॉलेज की आधारशिला रखी। नतीजतन करीब डेढ़ दशक तक कॉलेज से कई छात्र इंजीनियरिंग लेकर आगे बढ़े। सीआईटी कॉलेज को कम समय में समूचे प्रदेश में पहचान मिली। 42 साल के देवांगन ने शहर को एजुकेशन हब का दर्जा दिलाने में अहम भूमिका अदा की। उन्होंने बीती रात करीब ढाई बजे अंतिम सांस ली। स्थानीय मानव मंदिर चौक में उनके पैतृक आवास में सुबह से कोरोना काल के चलते लोग दूर से ही अंतिम दर्शन करने पहुंचे। पारिवारिक सूत्रों का कहना है कि स्व. देवांगन के छोटी आंत में गांठ बन गया था। हैदराबाद में भी उनका उपचार किया गया। वह पिछले कुछ दिनों से लगातार अस्वस्थ चल रहे थे। युवा वर्ग में उनके निधन को बड़ी क्षति मानी जा रही है। कोरोना संक्रमण के चलते लोग उन्हें दूर से ही श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचते रहे। वह अपने पीछे पत्नी समेत एक सुपुत्र और एक सुपुत्री को छोड़ गए।

## क्विक न्यूज

### टिकट दलालों के खिलाफ छापामारी कार्रवाही में 9 टिकट दलाल गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 16 सितंबर को प्रधान मुख्य सुरक्षा के निर्देश पर तीनों मंडलों में एक साथ अवैध टिकट दलालों पर कार्रवाई की जा रही है। दिनभर चले इस छापामारी अभियान में बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़, रायगढ़, अम्बिकापुर भाटापारा, भिलाई, इतवारी, नागपुर के 9 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें से एक आईआरसीटीसी का एजेंट भी है। इस छापामारी के दौरान लगभग 2 लाख मूल्य के 148 पूर्व यात्रा टिकट तथा लगभग 71 हजार मूल्य के 23 भविष्य के यात्रा के टिकटों को जब्त किया गया तथा कुल 25 अवैध रूप से टिकट बुक करने वाली पर्सनल आईडी को प्रतिबंधित किया गया। यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने हेतु अवैध टिकट दलालों पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा विधिक कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। अब तक लगभग 42 लाख रूपये मूल्य के टिकटों को जप्त कर 122 टिकट दलालों पर कार्यवाही की जा चुकी है।

### राज्य आपदा मोचन निधि मद से 2 अरब 97 करोड़ 57 लाख आबंटित



**मुंगेली।** प्रदेश में माह दिसंबर 2019 से अप्रैल 2020 तक बेमौसम बरसात एवं ओलावृष्टि से फसलों क्षति हुई है। प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा प्रभावितों को तत्काल आर्थिक अनुदान सहायता उपलब्ध कराने हेतु राज्य आपदा मोचन निधि मद से 2 अरब 97 करोड़ 57 लाख रुपये आबंटित किये है। जिसमे मुंगेली जिले के लिए 25 करोड़ 89 लाख 60 हजार रुपये आबंटित किये है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सागर सिंह बैस ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोनाकाल की वजह से लोगों की खासकर किसानों की आर्थिक स्थिति को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दी जाने वाली यह राशि किसानों के लिए जीवन दायनी साबित होगी।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के आंदोलन से पहले मिशन संचालक ने दी कार्रवाई की कड़ी चेतवानी


## राज्य में 13 हजार एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कार्यरत है

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नियमितीकरण की मांग को लेकर आज से 13 सौ स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी आंदोलन की राह इख्तियार करने वाले हैं लेकिन अब इन कर्मचारियों की राहें इतनी आसान नहीं नजर नहीं आ रही है अपनी मांगों के लिए प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा 19 सितंबर को प्रस्तावित प्रदेश व्यापी हड़ताल को स्थगित करने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक कर्मचारियों के खिलाफ कड़े आदेश जारी किए हैं। जिसमे उन्होंने आंदोलन वापसी नही करने की स्थित पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा 19 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा नियमितीकरण की मांग को लेकर की गई है। स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों का कहना था कि राज्य में 13 हजार एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कार्यरत है, जो विगत एक दशक से भी ज्यादा समयावधि से समर्पण भाव से अपनी सेवाएं दे रहे है। राज्य सरकार के चुनावी जन घोषणा पत्र में संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण का वादा किया गया था, किन्तु वर्तमान में 21 सौ पदों पर नियमित भर्ती की जा रही है। जबकि घोषणा पत्र के वायदों को पूरा करते हुए इन पदों पर संविदा में कार्यरत कर्मचारियों का समायोजन किया जाना था।

जिस वजह से संघ के पदाधिकारियों ने राज्य शासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए, राज्यभर में कार्यरत 13 हजार स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर 19 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का शंखनाद कर आह्वान किया था। जिसको लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रमुख संचालक ने सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को हड़ताल नही करने आदेशित किया है। उन्होंने यह हिदायत दी है कि अगर वह हड़ताल में गए तो आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 तथा 56 के अधीन एवं छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्नता निवारण अधिनियम 1979 (एस्मा) की कण्डिका 7 (1) के तहत् हड़ताल में रहने वाले संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके जिम्मदार कर्मचारी स्वयं होंगे। नियमितिकरण को लेकर स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों की मांगे जायज है किंतु वर्तमान दौर कोरोना संकट से प्रदेश जूझ रहा है ऐसे में एनएचएम की कर्मचारियों के आन्दोलन के बजाए अन्य विकल्प तलाशनी चाहिए, अगर सभी कर्मचारी कोरोना को महामारी को दरकिनार कर आंदोलन करते हैं तो परिणाम नकारत्मक साबित होगा।



हड़ताल पर जाना स्वास्थ्य संविदा कर्मचा...

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़
चतुर्थ तल,छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल व्यावसायिक परिसर, (दक्षिण पूर्व कॉर्नर)
सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर, पिन-492015 (छत्तीसगढ़)
दूरभाष-0771-2511285, 2511287 ई-मेल: office.mdnrhm@gmail.com

पत्र क्रमांक/NHM/HR/2020/730 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 16/09/2020

प्रति,

श्री हेमंत कुमार सिन्हा
प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एच.एम. कर्मचारी संघ
एवं राष्ट्रीय सचिव ऑल इण्डिया एन.एच.एम. कर्मचारी एसोसिएशन
पता – मकान नंबर 105, वार्ड नंबर 05, पारस नगर,
नगर पंचायत कसडोल, वि.ख.–कसडोल, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

विषयः– प्रदेश के 13 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों के निराकरण में दिनांक 19.09.2020 से समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के संबंध में।

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक/NHM/20-21/39 दिनांक 12.09.2020

—00—

आपका संदर्भित पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है, जिसमें आपके द्वारा दिनांक 19.09.2020 से समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के एक सूत्रीय मांग–समस्त 13000 स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण किये जाने को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना प्रेषित की गई है।

यह सर्व विदित है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन गृह (सी–अनुभाग) विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर के आदेश क्रमांक एफ–4–133/गृह–सी/2018 दिनांक 28.03.2020 के द्वारा राज्य में छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्नता निवारण अधिनियम 1979 (क्रमांक 10 सन् 1979) लागू किया गया है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं में कार्य करने से इन्कार किये जाने को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। एस्मा अधिनियम की कण्डिका 5 का उल्लंघन किये जाने की स्थिति में कण्डिका 7 (1) के तहत दण्डात्मक कार्यवाही का प्रावधान भी है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि तत्काल अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय वापिस लेवें एवं सौंपे गये दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें अन्यथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 तथा 56 के अधीन एवं छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्नता निवारण अधिनियम 1979 (एस्मा) की कण्डिका 7 (1) के तहत् हड़ताल में रहने वाले संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये सेवा से पृथक किया जायेगा।

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

# स्वच्छता पखवाड़ा के दूसरे दिन स्वच्छ स्टेशन थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे में स्वच्छ- रेल स्वच्छ- भारत के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 16 सितम्बर से 30 सितम्बर 2020 तक आयोजित इस स्वच्छता-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

आज स्वच्छ स्टेशन थीम पर बिलासपुर, उसलापुर, रायगढ, चांपा, कोरबा, शहडोल, अनूपपुर सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बिलासपुर स्टेशन में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक यात्री सेवा अजय शंकर झा तथा मंडल वाणिज्य प्रबंधक-1 किशोर निखारे के नेतृत्व में तथा उसलापुर स्टेशन में अपर मंडल रेल प्रबंधक-1 श्याम सुंदर तथा मंडल वाणिज्य प्रबंधक-2 ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में स्वच्छता निरीक्षण किया गया। प्लेटफार्म, यात्री प्रतिक्षालय, केटरिंग स्टॉल के साथ ही साथ पूरे स्टेशन परिसर में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस दौरान सफाई में उपयोग होने वाली मशीनों, बाटल क्रशिंग मशीन की उपलब्धता, डस्टबीनों एवं सामानों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई। स्टेशन प्लेटफार्म को गंदगी एवं प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में कार्य किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, यात्री प्रतिक्षालय एवं सामान्यतः ज्यादा गंदे होने वाले जगहों की साफ-सफाई की गई तथा कचरों का निष्पादन किया गया।

# पांच मनोनीत पार्षद एल्डरमेनों की नियुक्ति



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरीय प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा प्रदेश के शेष बचे नगर निगम,नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में मनोनीत पार्षद एल्डरमैनओं की नियुक्ति की गई है, जिसके अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले के भी विभिन्न नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में एल्डरमैन बनाए गए हैं,इसी श्रृंखला में नगर पालिका शक्ति में भी पांच मनोनीत पार्षद एल्डरमेनो की नियुक्ति की गई है।

जिसमें घनश्याम देवांगन पिता महेश देवांगन, अनिल राठौर पिता कन्हैयालाल राठौर, सूरज सोना पिता रेशमलाल, हाजरा बेगम पति शकील मोहम्मद अधिवक्ता एवं श्रीमती सुकमत डेंसल पति श्री सूरज डेंसल बनाए गए हैं, नगरपालिका शक्ति के नियुक्त किए गए सभी पांचों एल्डरमैनओ की नियुक्ति पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

तथा एल्डरमैन के रूप में दायित्व प्राप्त सभी लोगों ने भी कहा है कि वे पूरी सजगता पूर्वक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उन्हें जो दायित्व दिया गया है वह उसका निर्वहन करेंगे एवं आने वाले समय में नगरपालिका शक्ति के कार्यों को तथा पालिका के अंतर्गत सभी वार्डों में लोगों को छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके इस हेतु निरंतर प्रयास करेंगे।

# अज्ञात कारणों से युवक ने खुद को लगाई आग, मौके पर हुई मौत

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



मल्हार शुक्रवार की सुबह मल्हार के वार्ड क्रमांक 11 में रहने वाले एक युवक ने परिजनों के घर से जाते ही घर के भीतर कमरे में आग लगाकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार मल्हार चौकी प्रभारी दिनेश तिवारी को सूचना मिली कि युवक सुशील कुमार कैवर्त पिता बुधारू राम कैवर्त उम्र 33 वर्ष ने घर मे आग लगाकर आत्महत्या की है, जिस पर मौके पर पहुँची पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया और परिजनों से पूछताछ की।

जिसमें पता चला कि घटना सुबह 10 बजे के आसपास की है जब घर के लोग बाड़ी से वापस आये तब घटना की जानकारी हुई युवक ने कमरे को अंदर से बंद कर आत्महत्या की है, इस आगजनी में कमरे के अन्य सामान और बिस्तर भी जल चुके है ।

वहीं युवक को शव दूसरे पलंग पर पड़ा हुआ है, फिलहाल पुलिस मर्ग पंचनामा की कार्रवाई में जुट गई है, वही फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। बहरहाल युवक के ऐसा करने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

# पुलिस अधीक्षक मुंगेली अरविंद कुमार कुजूर की अभिनव पहल

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक मुंगेली अरविंद कुमार कुजूर ने जिले में कमान संभालते ही जिले के समस्त थाना चौकी का भ्रमण किया जिसमें उन्होंने थाना एवं चौकियों में अपराध विवेचना, रिकॉर्ड संधारण, परिसर के सौंदर्यीकरण सहित बेसिक पोलिसिंग में सुधार की आवश्यकता को जरूरी समझा। इसी तारतम्य में आज पुलिस लाइन मुंगेली में स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मुंगेली, थाना फास्टरपुर एवं थाना जरहागांव के प्रभारियों सहित समस्त विवेचकों को एकदिवसीय विवेचना संबंधी प्रशिक्षण दिया गया , जिनमें उन्होंने बेसिक पुलिसिंग की आवश्यकता को बहुत गहराई से समझाया । जनता की शिकायतों को बहुत ही संवेदना से त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देश दिया गया। थाना के समस्त पंजियों एवं रजिस्टरों को पूर्ण करने के निर्देश दिया गया तथा उनकी उपयोगिता के संदर्भ में बताया गया ।साथ ही थानों में होने वाले विवेचना संबंधित त्रुटियों को अवगत कराते हुए विवेचना में रखी जाने वाली सावधानियों को बहुत ही विस्तृत रूप में समझाया गया ।साथ ही विवेचकों के मन में उत्पन्न शंकाओं का भी समुचित निराकरण किया गया ।

# वार्ड 32 व 38 में पुल निर्माण के लिए आयुक्त ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिला कलेक्टर के निर्देशन में नगर निगम आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 32 एवम 38 का निरीक्षण किया। जिसमें निगम अमला के साथ वार्ड पार्षद भी शामिल रहकर विशेष समस्याओं से अवगत कराया जिसमे पुल निर्माण के लिये निवेदन किया गया। ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक 32 के बांजिनपाली क्षेत्र से बोंदा टिकरा को जोड़ने वाली अधूरे पुल निर्माण के लिये वार्ड के पार्षद रत्थु जायसवाल ने नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय को निवेदन किया जिसे ईई अजित तिग्गा को दिखाकर जानकारी देने निर्देश दिया। वहीं वार्ड क्रमांक 38 में चमड़ा गोदाम क्षेत्र के निरीक्षण दौरान पार्षद मुरारी भट्ट एवम मोहगेवासी ने स्थल निरीक्षण कराकर तालाब में पुल निर्माण की मांग रखी। आयुक्त आशुतोष पांडेय ने निगम निधि, एवम पार्षद निधि से कार्य करना बताया। पार्षद प्रतिनिधि मुरारी भट्ट ने बताया कि वार्ड 38 के एक मोहगा में आवागमन के साधन की नितांत आवश्यकता है। आयुक्त को जानकारी दिया गया है 10 लाख में काम हो जाएगा पार्षद निधि से भी एक लाख देने की सहमति दी गई है। समाजसेविका कविता बेरीवाल भी निरंतर यहां आती है आवागमन के लिए प्रयासरत हैं। वार्ड 32 के पार्षद रत्थु जायसवाल ने भी पुल निर्माण जल्द से जल्द करनेआयुक्त एवम निगम की टीम को आग्रह किया। जिससे वार्डवासियों को आने जाने में सुविधा मिल सके।

# कादानारा में ऑफलाइन बच्चों को शिक्षित कर रही गायत्री सोनवानी

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की कोरोना काल के दौरान महत्वाकांक्षी पढ़ाई तुंहर द्वार योजना के अंतर्गत शैक्षणिक जिले शक्ति सहित शक्ति विकासखंड में भी इन दिनों शासकीय विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा निरंतर स्कूल शिक्षा विभाग की मंशा अनुरूप एवं दिशा निर्देश अनुसार बच्चों को ऑनलाइन तथा ऑफलाइन कक्षाओं में पढ़ाई करवाई जा रही है, इसी श्रृंखला में शक्ति विकासखंड के नवगठित ग्राम पंचायत- कांदानारा के शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक गायत्री सोनवानी द्वारा भी विगत 34 दिनों से निरंतर ग्राम पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में जाकर बच्चों को ऑफलाइन कक्षाओं के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है, गायत्री सोनवानी के इस कार्य में शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक कृष्ण कुमार साहू भी पूर्ण रुप से सहयोग कर रहे हैं।

साथ ही प्रत्येक मोहल्लों में अलग-अलग प्रमुख लोगों को इन ऑफलाइन कक्षाओं के लिए जिम्मेदारी दी गई है, जो कि बच्चों को एक स्थान पर एकत्रित कर आवश्यक सोशल डिस्टेंसिंग तथा सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उन्हें अध्यापन कार्य करवाने में सहयोग करते हैं, तथा गायत्री सोनवानी प्रधान पाठक कांदानारा ने बताया कि विगत 34 दिन से निरंतर ऑफलाइन कक्षाओं के माध्यम से वे बच्चों को अध्यापन कार्य करवा रही हैं, तथा स्कूल शिक्षा विभाग के शक्ति विकासखंड के सभी शिक्षा अधिकारियों के मार्गदर्शन में वे निरंतर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं, एवं बच्चों में भी ऑफलाइन कक्षाओं के प्रति काफी उत्साह देखा जा रहा है, तथा कोरोना काल मे जहां बच्चे एवं उनके अभिभावकों में संक्रमण के भय को दूर करने की दिशा में ऑफलाइन कक्षाओं को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है, गायत्री सोनवानी ने बताया कि ग्राम कांदानारा में बच्चों को ऑफलाइन कक्षाओं के माध्यम से पूर्ण रूप से शिक्षा के प्रति अलख जगाने शासकीय प्राथमिक शाला दृढ़ संकल्पित है, एवं आने वाले समय में भी स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाएगी, उल्लेखित हो की शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत कांदानारा में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला एक सुंदर तथा व्यवस्थित विद्यालय के रूप में स्थापित है, एवं विद्यालय में बच्चों के लिए लाइब्रेरी तथा अन्य सभी ज्ञानवर्धक जानकारियों स्कूल के कमरों में अलग-अलग उपलब्ध करवाई गई हैं, तथा स्कूल की प्रधान पाठिका गायत्री सोनवानी के मार्गदर्शन में निरंतर बच्चों को एक बेहतर संस्कारिक शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है, वही श्रीमती गायत्री सोनवानी कहती हैं कि उन्हें स्कूल के बेहतर संचालन में सभी ग्रामवासियों का तथा ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों का भी सकारात्मक सहयोग समय-समय पर मिलता रहता है।

**परिहार ने हिंदी माध्यम से यूपीएससी की परीक्षा दो बार उत्तीर्ण की**

# व्यस्त ड्यूटी के बीच एसपी सूरज सिंह परिहार यूपीएससी के प्रतिभागियों को सोशल मीडिया के जरिये देते रहे मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही जिले के पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार अपनी व्यस्त ड्यूटी के बीच यूपीएससी के उम्मीदवारों को सोशल मीडिया के जरिये मार्गदर्शन देने का काम भी कर रहे हैं। अब तक उन्होंने हजारों प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करने का प्रयास किया है और यह सिलसिला जारी है। परिहार कहते हैं कि जिस तरह से बड़ी कम्पनियां अपने मुनाफे का एक हिस्सा सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में खर्च करती हैं उसी तरह मेरी भी नैतिक जिम्मेदारी है कि यूपीएससी के उम्मीदवारों का मार्गदर्शन करूं। यह उन्हें इसलिये भी जरूरी लगता है कि खुद उन्होंने कई बुनियादी चीजों की जानकारी नहीं मिलने के कारण चार साल गंवा दिये थे।

परिहार ने हिन्दी माध्यम से यूपीएससी की परीक्षा दो बार उत्तीर्ण की। पहली बार सन् 2013 में उनका रैंक 334 था दूसरी बार सन् 2014 में 189 वें रैंक पर रहे। प्रदेश के 28वें जिले गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही के पुलिस अधीक्षक जैसे महत्वपूर्ण जवाबदेही के बावजूद वे उम्मीदवारों को वेबिनार के जरिये मार्गदर्शन के लिये समय निकाल लेते हैं। हालांकि वे व्यस्तता के कारण हर सप्ताह वेबिनार नहीं कर पाते पर उम्मीदवारों का सवाल लेकर एक साथ जवाब देने के लिये सोशल मीडिया पर आते हैं और यह सत्र कभी आधा घंटा तो कभी एक घंटा चलता है। परिहार का इंस्टाग्राम, फेसबुक, ई-मेल तथा ट्विटर पर एकाउंट उपलब्ध है जिससे इच्छुक उम्मीदवार जुड़ते जाते हैं। अब तक ऐसे तीन ऑनलाइन सत्र हो चुके हैं जिनमें पहली बार 2500, दूसरी बार 3000 और तीसरी बार 13 हजार उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। इन सत्रों में परिहार अन्य टॉपर अधिकारियों को भी शामिल करने का प्रयास करते हैं। पिछले सत्र में 9 अधिकारियों ने भाग लिया था। कभी-कभी जब अन्य अधिकारी नहीं आ पाते तो वे स्वयं सत्र का संचालन करते हैं।

श्री परिहार बताते हैं कि कुछ सवाल बार-बार आते हैं जैसे अपनी संप्रेषण कौशल में सुधार कैसे लाया जाये, पूर्णकालिक नौकरी करते हुए कैसे तैयारी की जाये। वैकल्पिक पेपर क्या हो, किन चीजों पर फोकस करें किन चीजों से दूर रहें।

# कांग्रेस ने श्रीकांत को उनकी जयंती पर याद किया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने 18 सितम्बर को ,श्रीकांत वर्मा की प्रतिमा पर उनकी 89 वी जयंती मनाई और शहर विकास में श्रीकांत वर्मा के योगदान को याद किये। इस अवसर पर श्रीकांत वर्मा के परिवार के सदस्य वर्चुअल सोशल मीडिया के माध्यम भी जुड़े।

पत्नी पूर्व सांसद वीणा वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि श्रीकांत वर्मा जी के यादो सँजोने के लिए आप सब बधाई के पात्र है। श्रीकांत वर्मा के पुत्र अभिषेक वर्मा ने कहा कि पिता जी के छत्तीसगढ़ और बिलासपुर के लिए विकास के लिए तत्पर रहते थे उन्होंने बिलासपुर में एस ई सी एल मुख्यालय टीवी केंद्र खुलवाने में भूमिका अदा की। छत्तीसगढ़ महिला आयोग के अध्यक्ष किरणमयी नायक ने कहा कि स्व वर्मा उच्च कोटि के साहित्य कार, कवि, लेखक, पत्रकार थे, वे राज्य सभा सांसद के रूप में छत्तीसगढ़ को अनेको सौगातें दी। प्रदेश उपाध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने कहा कि बिलासपुर के विकास की नींव स्व वर्मा ने रखी , एक साहित्यकार के रूप में ,पत्रकार के रूप में सफल रहे वही एक सफल राजनेता बने, जिन्होंने कांग्रेस के लोक कल्याणकारी योजनाओं को अपने चुनावी स्लोगन को जनता तक बखूबी पहुंचाया, उनके नारे भी कालजयी है। चाहे जब तक सूरज चांद रहेगा इंदिरा तेरा नाम रहेगा या फिर गरीबी हटाओ आदि है।। महापौर रामशरण यादव ने कहा कि स्व वर्मा की प्रारंभिक जीवन दुष्कर था संघर्ष के साथ साथ परिवारिक बोझ भी उन्ही के कंधो पर थी, पर अपनी योग्यता के बल पर राष्ट्रीय परिदृश्य में जाने पहचाने लगे।

# केन्द्र सरकार का एक राष्ट्र-एक बाजार अध्यादेश किसानों के लिए अहितकारी : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि केन्द्र सरकार का एक राष्ट्र-एक बाजार अध्यादेश किसानों के हित में नहीं है। इससे मंडी का ढांचा खत्म होगा, जो किसानों और व्यापारियों दोनों के लिए लाभप्रद नहीं है। अधिकांश कृषक लघु सीमांत है, इससे किसानों का शोषण बढ़ेगा। उनमें इतनी क्षमता नहीं कि राज्य के बाहर जाकर उपज बेच सके। किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम में किए गए संशोधन से आवश्यक वस्तुओं के भंडारण एवं मूल्य वृद्धि के विरूद्ध कार्यवाही करने मे कठिनाई होगी। कान्ट्रैक्ट फार्मिंग से निजी कंपनियों को फायदा होगा। सहकारिता में निजी क्षेत्र के प्रवेश से बहुराष्ट्रीय कंपनिया, बड़े उद्योगपति सहकारी संस्थाओं पर कब्जा कर लेंगे और किसानों का शोषण होगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले को 332.64 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देने के बाद कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने की। कार्यक्रम में सभी मंत्रीगण, लोकसभा सांसद ज्योत्सना महंत एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग



के माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आम जनता के हितों का संरक्षण एवं उनकी खुशहाली हमारी सरकार की प्राथमिकता है। यह प्रेरणा हमें विरासत में मिली है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी की नीतियों और आदर्शों का अनुसरण करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों और आदिवासियों के बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना आपदा काल में छत्तीसगढ़ सरकार ने लोगों को अपने जनहितैषी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के जरिए 70 हजार करोड़ रूपए की सीधे मदद दी हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज देश और दुनिया कोरोना संकट से जूझ रही है। बहुत से देशों की राष्ट्रीय सरकारों ने किसानों, गरीबों और आपदा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति का रवैया रखते हुए बीमारी के नियंत्रण में अच्छी सफलता हासिल की है। लेकिन हमारे देश ने जिस तरह से सर्जिकल स्ट्राइक के तरीके से नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन किया गया, उससे लगातार हालत खराब होती गई और सबका मिला-जुला असर कोरोना काल में राष्ट्रीय आपदा के रूप में सामने आया है। यदि केन्द्र सरकार रचनात्मक और सहानुभूतिपूर्ण रवैया रखती तो देश को आज जैसे दिन नहीं देखने पड़ते। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने कोरोना काल में जो रचनात्मक नजरिया रखा उसके कारण हम किसानों, मजदूरों, गरीबों, ग्रामीणों, वन आश्रितों को 70 हजार करोड़ रू. की आर्थिक मदद कर पाए। उन्होंने कहा कि मुझे दुख होता है कि इस संकट काल में भी हमारे उन पुरखों के योगदान को भुलाने की कोशिश की जाती है, जिन्होंने देश को अपनी सही सोच और सही नेतृत्व से स्वावलंबी बनाया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश स्वतंत्र हुआ उस समय देश में कृषि एवं कृषकों की स्थिति अत्यंत खराब थी। भुखमरी की स्थिति में खड़े देश को आत्मनिर्भर बनाने अभियान चलाया गया। प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू किया, जिससे जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगी। प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समय प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के लिए कृषि मूल्य आयोग गठित किया गया। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत की परंपरागत कृषि को ''हरित क्रांति'' में परिवर्तित कर दिया। उन्होंने कृषकों के लिए बैंक के द्वार खोलने के लिए बैंको का राष्ट्रीयकरण किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 1970 के दशक में एग्रीकल्चर प्रोडयूस मार्केटिंग (रेगुलेशन) ऐक्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत किसानों को उनके उत्पादों का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए कृषि विपणन समितियां बनी थी। इन समितियों का उद्देश्य बाजार की अनिश्चितताओं से किसानों को बचाना और उनका शोषण रोकना था। इस एक्ट के द्वारा मंडी समितियों का गठन किया गया। इन मंडियों में कृषकों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलता है। कृषक अपना प्रतिनिधि चुनते हैं, जो मंडी समिति का प्रबंधन करते हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज केन्द्र सरकार द्वारा विश्वव्यापी कोरोना संकट के समय के अवसर को अच्छा अवसर मानते हुए कृषकों के शोषण के लिए चार अध्यादेश लाया गया है। जिसके तहत एक राष्ट्र- एक बाजार के तहत एक्ट में संशोधन किया गया है। इसमें किसानों को देश के किसी भी हिस्से में अपनी उपज बेचने की छूट दी गई है। इसमें किसान और व्यापारी को उपज खरीदी-बिक्री के लिए राज्य की मंडी के बाहर टैक्स नहीं देना होगा अर्थात मंडी में फसलों की खरीदी-बिक्री की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी और निजी मंडियों को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में संशोधन, खाद पदार्थो के उत्पादन और बिक्री को नियंत्रण मुक्त किया गया है। तिलहन, दलहन, आलू, प्याज जैसे उत्पादों से स्टाक सीमा हटाने का फैसला लिया गया है। कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग और सहकारी बैंकों में निजी इक्विटी की अनुमति का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा स्पष्ट मत है कि कोरोना आपदा के समय में केन्द्र सरकार द्वारा जो अध्यादेश लाए गए हैं, उसका बहुत बुरा असर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम पुरजोर तरीके से केन्द्र सरकार के किसान विरोधी कानूनों का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश के सामने दो मॉडल स्पष्ट हैं कि आपदा में जनसेवा के माध्यम से विश्वास जगाते हुए सबको साथ लेकर चलने वाला छत्तीसगढ़ी मॉडल और दूसरा आपदा को मनमानी करने का अवसर मानने वाला केन्द्र सरकार का मॉडल। उन्होंने कहा कि हमें अपने छत्तीसगढ़ी मॉडल पर भरोसा है, जिसने आपदा के समय में जरूरतमंदों को सीधे मदद पहुंचाने के साथ ही नवगठित जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के विकास को नया आयाम दिया है।

## 'सड़कों के गड्ढों की मरम्मत के पैसे नहीं, जनता को प्रलोभित करने की रणनीति : बीजेपी

**उप चुनाव के पहले गौरेला,पेंड्रा, मरवाही को मिली तीन सौ करोड़ की सौगात**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मरवाही उप चुनाव के ठीक पहले गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के विकास के लिए तीन सौ करोड़ रूपए से ज्यादा की नई योजना शुरू किए जाने पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने सरकार पर लगाए अपने आरोप में कहा है कि चुनावी फायदा उठाने के लिए यह कवायद की जा रही है. उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में जिस वक्त विकास कार्य ठप्प हैं, सड़कों के गड्ढों की मरम्मत के लिए भी सरकार के पैसे पास नहीं हैं, वहीं मरवाही में करोड़ों रूपए की योजनाओं के जरिए जनता को प्रलोभित करना ही सरकार का एक मात्र लक्ष्य है।

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि कांग्रेस ने कभी मरवाही की सुध नहीं ली. मरवाही को हमेशा उपेक्षित रखा।

तत्कालीन रमन सरकार के दौरान मरवाही में न केवल सड़कों का जाल बिछा, बल्कि पुल-पुलियों से लेकर कई विकास कार्य किए गए. अब जब उप चुनाव होना है, तो ऐसे में चुनावी फायदे के लिए कांग्रेस सरकार ताबड़तोड़ फैसले ले रही है.



**चुनावी फायदे के लिए कांग्रेस सरकार ले रही है ताबड़तोड़ फैसले**

उन्होंने कहा कि जनता बेहद जागरूक है. वह हर एक चीज को बारिकी से देख रही है. समझ रही है. यदि सरकार को लगता है कि ऐसी घोषणाओं से चुनाव जीता जा सकता है, तो वह भ्रम में है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के लिए आज तीन सौ करोड़ रूपए से ज्यादा की योजनाओं का लोकार्पण और शुभारंभ किया है. जेसीसी सुप्रीमो और विधायक रहे अजीत जोगी के निधन के बाद मरवाही विधानसभा में उप चुनाव होना है।

ऐसे में सरकारी की इस कवायद को विपक्ष चुनावी फायदे उठाने की रणनीति बता रहा है।

## पीसीसी प्रमुख के बयान पर भाजपा ने किया तीखा पलटवार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम पर पीसीसी प्रमुख द्वारा की गई टिप्पणी पर भाजपा प्रवक्ता ने तीखा पलटवार किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा कोरोना काल की आड़ लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह के कार्यक्रम पर की गई टिप्पणी पर तीखा पलटवार कर इसे महज़ राजनीतिक कुंठा की अभिव्यक्ति निरूपित किया है। प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि खुद शीशे के घर में रहकर दूसरों के घरों पर पत्थर उछालना कांग्रेस की बुरी लतों में शुमार है। जिनकी अपने घर में कोई सुनने वाला नहीं होता, वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम की तरह दूसरों के मामलों में टीका-टिप्पणी से कुंठा का प्रदर्शन कर अपनी जग हँसाई कराते हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि वैचारिक दरिद्रता के दौर से गुज़र रही वामपंथ-पोषित कांग्रेस अब भाजपा को यह ज्ञान बाँट रही है कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर आहूत सेवा सप्ताह आपत्तिजनक और असंवेदनशील है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम कोरोना को लेकर देश की चिंता में दुबला होने के बजाय अपने छत्तीसगढ़ की चिंता करें, जहाँ उनकी अपनी पार्टी की सरकार के लापरवाही ने प्रदेश को कोरोना संक्रमण की अंधी गली में धकेल दिया है। देशभर के कोरोना के मामलों का आँकड़ा गिन रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को तो इस बात पर शर्म महसूस करनी चाहिए कि कभी कोरोना के मामले में छत्तीसगढ़ की तुलना न्यूज़ीलैंड से करके इठलाती सरकार ने अपनी बदनीयती, कुनीतियों और नेतृत्वहीनता के चलते आज प्रदेश को सबसे बदतर हालत में ला खड़ा किया है।

## हाईवा से गर्म मटेरियल खाली करने के दौरान मासुम झुलसा, इलाज के दौरान मौत

**रायपुर।** हाईवा से गर्म मटेरियल खाली करने के दौरान खेल रहा मासूम चपेट में आने से बुरी तरह झुलसने की वजह से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। (सीटी रिपोर्ट/आरएनएस) घटना की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्ण कुमार जैशवाल 22 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी फैक्टरी लक्ष्मी ब्रिक्स कुरूद में काम करने वाले लेवरों के रहने के लिए फैक्टरी आहता से लगा लेवर रूम बनाया गया है। जिसमे 7-8 लेवर सहपरिवार रहते है 03 सितंबर को ट्रक हाईवा क्रमांक सीजी 04 जेबी 8448 के चालक द्वारा अपने डम्भर में बेड एस मटेरियल को गर्म होना जानते हुए भी जहां पर लेबर लोग सहपरिवार रहते है। यह जानते हुए भी गर्म मटेरियल को फैक्टी के देखरेख करने वाले सुपरवाइजर भागीरथी साहू के द्वारा हाईवा में भरे मटेरियल को खाली करा रहा था।

## नौकरी लगवाने के नाम पर सरपंच से लाखों की ठगी, मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सरपंच को अपर कलेक्टर के नाम से सरकारी नौकरी लगाने की बात कहकर झांसे में लेकर 23 लाख 65 हजार रुपयें ठगी किये जोन की रिपोर्ट पण्डरी थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिकरीमा थाना फरसाबहार जशपुर निवासी सर्वेश्वर सायं आयु 31 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी वर्तमान में ग्राम सिकिरमा थाना फरसाबहार जशपुर का सरपंच है। अप्रैल 2020 में पीड़ित के मोबाईल फोन पर मोबाईल क्रमांक 9617548882 से कॉल कर स्वयं को अपर कलेक्टर निर्मल तिग्गा




बताते हुये छ.ग. राज्य के विभिन्न जिलो के लिए 1380 पद स्वीकृत हुआ है, जिसमें अंबिकापुर, बलरामपुर, सरगुजा, एवं जश्पुर जिले में डाटा एंट्री आपरेटर, क्लर्क, भृत्य एवं वाहन चालक का पद पर सीधी भर्ती किया जाना है। स्वयं को अपर कलेक्टर बताये जाने से पीड़ित उसकी बातों में आकर अपने घर वालों एवं दोस्तो से सलाह करके पत्नि परमिला पैकरा, दीदी सुधावती पैकरा, दीदी शोभावती पैकरा एवं अन्य रिश्तेदारों मंजू पैकरा, यसपति पैकरा, रंजीत साय, गुलेश्वर साय, नरेन्द्र साय पैकरा , लक्ष्मण साय, चन्द्रिका पैकरा, दिनेश कुमार यादव एवं गुलापी बाई को भृत्य पद पर एवं क्लर्क पद के लिए दुलासी पैकरा, प्रकाश साय तथा डाटा एंट्री आपरेटर के लिए संदीप कुमार पैकरा एवं देवव्रत राम एवं लक्ष्मण साय समदूर (व्याख्याता) के ट्रांसफर कराने के नाम पर कुल 25 रूपयें फोन पर निर्मल तिग्गा से बात हुआ। निर्मल तिग्गा द्वारा बताया गया कि उपरोक्त रकम तुम्हें रायपुर में देना है।

## अजीत जोगी के बड़े भाई सत्य रंजन जोगी का निधन


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी के बड़े भाई प्रो. सत्य रंजन जोगी का बीती देर रात निधन हो गया। जनता कांग्रेस छग के प्रदेश अध्यक्ष एवं अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी ने आज ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि उनके पिता के बड़े भाई सत्यरंजन जोगी का गुरूवार देर रात को बिलासपुर में निधन हो गया। परमेश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। अमित जोगी ने कहा कि दोनों भाईयों का अलौकिक साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देते रहेगी। अमित जोगी ने इस ट्वीट के साथ एक फोटो भी शेयर की है, जिसमें उनके पिता अजीत जोगी और बड़े पिता सत्यरंजन जोगी अपने-अपने परिवार के सदस्यों के साथ दिख रहे है।

## घट नहीं रहे सब्जियों के दाम, लोग त्रस्त

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना कॉल में सब्जियों के दामों में आई बेतहाशा वृद्धि घटने का नाम नहीं ले रहे है, जिससे लोग त्रस्त है।

कोरोना कॉल में एक ओर जहां गरीब व मीडियम वर्ग के लोगों की पहले से ही आर्थिक रूप से परेशान है, वहीं दूसरी ओर सब्जियों के दामों में आई बेतहाशा वृद्धि ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। सब्जियां खरीदने के लिए लोग सब्जी बाजार में जाकर उनके दाम सुनकर ही पसीने छूट रहे है, क्योंकि बाजार में अब ऐसी कोई सब्जी नहीं है जिसके दाम आसमान छू रहे है।



ज्यादातर सब्जियां 40 से लेकर 80 रूपये किलो तक बिक रही है, वहीं मौसमी सब्जियों की कीमतें और बढ़ी हुई है। सब्जियां महंगी होने के कारण कई घरों में तो सब्जियां तक नहीं बन रही है। वे लोग दाल-चावल या दाल रोटी खाकर हीं अपना जीवन यापन चलाने के लिए मजबूर हो रहे है, वहीं सब्जियां खरीदने के कारण कई घरों का बजट गड़बड़ा रहा है जिससे उनके सामने अन्य दूसरी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सब्जी व्यवसायी सब्जियों के दामों में आई बेतहाशा वृद्धि का अलग-अलग कारण बता रहे है, कोई कहता है कि सब्जियों की पैदावर इस बार कम हो रही है, कोई कहता है कि बारिश के कारण फसलों को नुकसान पहुंचा तो कोई कहता है कि मंडियों में सब्जियों की आवक कम हो गई है। सब्जियों के दामों में आई वृद्धि का कोई भी कारण हो लेकिन इसका हर्जाना आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## छत की प्लास्टर करने के दौरान उचाई से मजदूर गिरा,इलाज के दौरान मौत

रायपुर। मकान में प्लास्टर करने के दौरान उचाई से गिरे मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक संतराम साहू आयु 35 वर्ष पिता रूप सिंग साहू निवासी देवपुरा थाना गण्डई जिला राजनांदगांव की गांधी नगर मुर्रा भट्ठी गुढियारी स्थित मकान के छत प्लास्टर करते समय लगभग 20 फीट ऊंचाई से लकड़ी की बल्ली टुट जाने से संतराम साहू सिर के बल जमीन में गिरने से कान में खुन निकले लगा व बेहोश हो जाने पर मृतक को एम्बुलेंस के माध्यम से डा0 बी0आर0 अम्बेडकर अस्पताल उपचार के लिये भर्ती किया गया था। भर्ती के दौरान डीकेएस अस्पताल रायपुर में रिफर किया गया था,जहां उपचार के दौरान18.07.2020 को उसकी मौत हो गई। घटना की जांच के दौरान ठेकेदार रोहित साहू एवं मकान मालकिन कमला गुप्ता के द्वारा सुरक्षा प्रबंध किये बिना काम कराने की वजह से मृतक 20 फीट ऊंचाई से जमीन पर गिर गया।

## संस्कृत भाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं से पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित है

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में संस्कृत भाषा के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। सम्मान, पुरस्कार के तहत किसी एक संस्था या व्यक्ति को दो लाख रूपए की राशि एवं प्रतीक चिन्ह के युक्त पट्टिका, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिए आवेदन देने के इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा बंद लिफाफे में 20 नवम्बर 2020 को शाम 4 बजे तक कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक-3, द्वितीय तल इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में प्रस्तुत कर सकते हैं। समायावधि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक संबंधी विलंब के लिए यह कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। आवेदन पत्र के बंद लिफाफे पर संस्कृति भाषा सम्मान पुरस्कार 2020 अंकित किया जाना जरूरी है। उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन में व्यक्ति अथवा संस्था का पूर्ण परिचय, तीन अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो, संस्कृत भाषा से संबंधित सामाजिक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिए किए गए कार्यों की सह प्रमाण विस्तृत जानकारी, यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो, तो उसका विवरण, संस्कृत भाषा से संबंधित, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना जरूरी है।

## कोण्डागांव से धमतरी तक रेल लाईन विस्तार करने सांसद फूलोदेवी नेताम ने लिखा रेल मंत्री को पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव से धमतरी तक रेल लाईन विस्तार करने का आग्रह करते हुए राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने रेल मंत्री पीयूषा गोयल को पत्र भेजा है।



अपने पत्र में नेताम ने लिखा है-छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग आदिवासी बाहुल क्षेत्र है। जदगलपुर से रायपुर तक केवल सड़क मार्ग ही एक साधन है। आवागमन के साधनों की कमी के चलते क्षेत्र का विकास नहीं हो सका है। वर्तमान में रावघाट से लौह अयस्क परिवहन के लिए जगदलपुर से कोण्डागांव होते हुए रावघाट तक रेल मार्ग प्रस्तावित है। इसके लिए जगदलपुर से कोण्डागांव तक भूमि अधिग्रहण का कार्य भी पूरा हो चुका है। रायपुर से धमतरी तक छोटी लाईन को बड़ी रेल लाईन में उन्नयन का कार्य प्रगति पर है। यदि कोण्डागांव से धमतरी तक रेल मार्ग को बढ़ा दिया जाता है तो बस्तर संभाग राजधानी रायपुर से जुड़ जाएगा। जगदलपुर से 18 किलोमीटर की दूरी पर एनएमडीसी द्वारा नगरनार में स्टील प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। यहां से 2021 तक इस्पात का उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा। नगरनार स्टील प्लांट से जगदलपुर, कोण्डागांव होते हुए रायपुर तक रेल मार्ग महत्वपूर्ण हो जाता है।

**स्वास्थ्य के साथ अन्य विभागों से चर्चा के बाद सरकार लेगी फैसला**

## शिक्षा मंत्री प्रेमसाय ने किया ऐलान, स्कूल अभी रहेंगे बंद

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कूलों को खोले जाने के लगाए जा रहे कयास पर स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने विराम लगा दिया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी स्कूल नहीं खुलेंगे. इसके लिए तैयारी चल रही है, लेकिन अंतिम फैसला स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों से चर्चा के बाद ही लिया जाएगा. इस संबंध में केंद्र के गाइड लाइन को आधार मानकर बच्चों को दांव पर नहीं लगाएंगे।

कोरोना काल में स्कूल खोलने के लिए केंद्र सरकार की गाइड लाइंस के अनुसार अब कई राज्य सरकारें 9 वीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए चरणबद्ध तरीके से स्कूल खोलने के लिए नियम-



कायदे बनाने में जुट गई हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी कोरोना पीक के करीब है।

कोरोना संक्रमितों की संख्या 77 हजार तक पहुंच गई है. ऐसे में प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग स्वास्थ्य एवं अन्य विभाग से रायसुमारी कर रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि प्रदेश में स्कूल खोले जाने के हालात नहीं है. रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़ में कोरोना के ज्यादा मरीज हैं, वहीं अन्य जिलों में भी हालात ऐसा नहीं है कि स्कूल खोले सके. उन्होंने कहा कि बच्चों को दांव पर नहीं लगाया जा सकता, लेकिनइसका मतलब ये नहीं है कि हम हाथ में हाथ धरे बैठे हैं. भविष्य के तैयारी जारी है, कोरोना जंग अहम भूमिका में रहने वाले विभाग जैसे हेल्थ, पंचायत, नगरीय निकाय, सभी से रायसुमारी के बाद ही आगे कुछ फैसला लिए जाएगा. फिलहाल स्कूल नहीं खोले जाएंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमानुसार बहुत से सावधानी, पाबंदी, कंटेमेंट जोन, संक्रमित क्षेत्र का आंकलन करना है. साथ पहले बच्चों के पालकों से अनुमति लेना, स्कूल में बच्चों एंव शिक्षकों का प्रतिशत तय करना है. वर्तमान प्रदेश में ऑनलाईन पढ़ाई, पढ़ाई तुहर दुवार, स्पीकर से पढ़ाई, बुलटू से पढ़ाई आदि की व्यवस्था की गई है. इसलके अलावा बच्चों तक पुस्तक पहुंचा दिया गया है, स्कूल में भले ही पढ़ाई नहीं हो रही है, लेकिन ऑनलाईन पढ़ाई जारी है।

## कैलाश खेर ने छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प की तारीफ की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बॉलीवुड के जाने माने गायक कैलाश खेर ने ट्वीट कर छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प कला की तारीफ की है. उन्होंने कहा कि हमारी शिल्प, धरोहर थी, जिससे विदेशी प्रभावित होकर भारत प्रेमी हुए. आज भारत के लोग स्वयं समृद्ध व सक्षम हैं, हमारे बुनकरों, शिल्पियों को आत्मनिर्भर बनाने को बस्तर छत्तीसगढ़ का ये मोटिफ़ छापा अतः बुनावट उचित मूल्य. कला प्रशंसक आनलाइउन बुक करें।

खादी एवं ग्रामोउद्योग मंत्री रुद्रगुरू ने भी ट्वीट कर कैलाश खेर को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि देश के लोकप्रिय गायक कैलाश खेर



जी. आपके यह शब्द हमारे छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प कारीगरों को ऊर्जा व प्रेरणा देने का कार्य करेंगे। हम अपने पारंपरिक व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इसके लिए हम नवाचार कर रहे हैं, जिससे हस्तशिल्प को देश-दुनिया के पटल पर स्थापित कर सकें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403